CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18° C
न्यूनतम : 07° C

लखनऊ, रविवार 1 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 87 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




केंद्रीय बजट 2026-27 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद पेज 2



रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता खेल टाइम्स



बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत पेज 11



शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा बॉलीवुड

# अजित पवार के निधन के चौथे दिन पत्नी सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम

मुंबई/बारामती, वार्ता



- महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम
- महज 12 मिनट में हुआ शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे

**अजित पवार की** पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की चार दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।मुंबई में सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के बीच सांसद सुप्रिया सुले अजित पवार की मां आशाताई पवार से मिलने के लिए काटेवाड़ी पहुंचीं। प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, छगन भुजबल और अन्य नेता व महाराष्ट्र विधान परिषद की डिप्टी चेयरपर्सन डा. नीलम गोर्हे सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए लोक भवन पहुंचीं। सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद एनसीपी नेताओं ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुना गया है। अब हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे, सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी। पार्थ पवार ने बारामती में शरद पवार के घर जाकर उन्हें मनाया।

### मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

# चांदी 1.28 लाख रुपये हुई सस्ती व सोना भी 40 हजार टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में दो दिनों से भारी गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** चांदी ऑल-टाइम हाई से घटकर 1.28 लाख सस्ती हो गई, सोना भी 40,000 टूट गया। जानकारों के अनुसार सोने-चांदी में वापसी की पूरी संभावना है। दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में बीते 2 दिनों से भारी गिरावट देखी जा रही है।

31 जनवरी को भी इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। हालांकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज शनिवार को बंद था। एमसीएक्स में ट्रेडिंग शनिवार और रविवार को नहीं होती है। एक फरवरी को एमसीएक्स खुला रहेगा, लेकिन पिछले दो सेशन के आंकड़े साफ बता रहे हैं कि सोना-चांदी में आई हालिया तेजी के बाद अब तेज करेक्शन देखने को मिल रहा है। रॉकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम बजट से पहले अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। इसलिए सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस रविवार 1 फरवरी को गोल्ड से जुड़े कुछ बड़े ऐलान कर सकती हैं? दिल्ली और नोएडा के सर्राफा बाजार में 31 जनवरी, 2026 को हलचल मची हुई है। दिल्ली में सोना 1,50,430 प्रति दस ग्राम और चांदी 2,91,770 प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। ऑल इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट योगेश सिंघल कहते हैं कि नए निवेशकों के लिए यही समय है खरीदारी करने का, लेकिन सोने और चांदी के भाव फिलहाल अभी स्थिर नहीं रहेंगे और ये बहुत ज्यादा गिरेंगे भी नहीं। लेकिन जिन लोगों ने सोना और चांदी खरीद रखी है वो अभी होल्ड करें। अब सर्राफा कारोबारियों और आम जनता की नजरें एक फरवरी के बजट पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कालापानी में पारा माइनस 35 डिग्री, यूपी में कोहरे में 11 गाड़ियां टकराईं

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा। हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में शनिवार को भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बार्डर के पास तापमान माइनस 35 डिग्री रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है। यहां कालापानी इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवान स्पेशल ग्लास लगाकर चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे हैं।

### आज पेश होगा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण भी होगा, क्योंकि निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली भारत की पहली वित्त मंत्री बनेंगी। इस बार बजट का दिन थोड़ा खास है क्योंकि एक फरवरी को रविवार की छुट्टी होने के बावजूद बजट पेश किया जा रहा है। अगर समय की बात करें, तो साल 2017 से ही बजट का समय शाम 5 बजे से बदलकर सुबह 11 बजे कर दिया गया था।

### केन्द्र में आईजी के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। मंत्रालय के 28 जनवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा।

# ऑटिज्म के इलाज में स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल ही मान्य

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक, इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला
- शीर्ष अदालत बोली:ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज के लिए स्वीकृत और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर न तो पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं और न ही इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध है। पीठ ने कहा कि स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के बाहर रोगियों में स्टेम सेल का हर उपयोग अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की थेरेपी केवल वैज्ञानिक और चिकित्सकीय अनुसंधान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, विधिवत स्वीकृत और नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत ही दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत स्टेम सेल को 'ड्रग' की श्रेणी में रखा जाना, ऑटिज्म के इलाज में इसके नियमित चिकित्सकीय उपयोग को स्वत: वैध नहीं बनाता। फैसले में कहा गया कि हालांकि एएसडी के उपचार में प्रयुक्त स्टेम सेल को ड्रग्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग माना गया है, लेकिन मात्र यह तथ्य इसे नियमित क्लिनिकल सेवा के रूप में उपयोग करने की अनुमति नहीं देता। चिकित्सकों के कर्तव्य पर जोर देते हुए अदालत ने कहा कि डाक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक विवेकशील चिकित्सक की तरह उचित सावधानी, कौशल और ज्ञान का पालन करें। यदि कोई चिकित्सक ऐसा उपचार देता है, जिसके पक्ष में विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं या जिसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थाएं स्पष्ट रूप से अनुशंसित नहीं करतीं, तो वह उचित चिकित्सकीय मानक का उल्लंघन माना जाएगा। न्यायालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड की 6 दिसम्बर 2022 की सिफारिशों, राष्ट्रीय स्टेम सेल अनुसंधान दिशानिर्देश, -शेष पृष्ठ दो पर

# 2020 के दिल्ली दंगे: आगजनी और दंगे का आरोपी फैजान बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा: एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान दंगे और आगजनी के आरोपी फैजान को बरी कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह आरोपी फैजान उर्फ आर्यन के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। फैजान पर 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान ब्रिजपुरी रोड स्थित अरुण माडर्न पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आग लगाने का आरोप था। अदालत ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। 28 जनवरी को जारी आदेश में अदालत ने कहा कि इन तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, मैं यह पाता हूं कि अभियोजन पक्ष के गवाह (पीडब्ल्यू2 कांस्टेबल पीयूष) की एकमात्र गवाही पर भरोसा करना अत्यंत असुरक्षित होगा। इसलिए, यह निष्कर्ष निकाला है कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है और आरोपी संदेह के लाभ का हकदार है। फैजान पर आरोप था कि वह 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से स्कूल में तोड़फोड़ करने और आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा था, जिससे एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। अभियोजन पक्ष का दावा था कि करीब 200 लोगों ने जबरन परिसर में प्रवेश किया, संपत्ति और वाहनों को नुकसान पहुंचाया और इमारत में आग लगा दी। इस मामले में शुरुआत में फैजान सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके दो सह-आरोपियों को फरवरी 2025 में बरी कर दिया गया था। फैजान को 2022 में फरार होने के बाद घोषित अपराधी घोषित किया गया था। उसे अगस्त 2025 में गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ अलग से मुकदमा चला। अदालत -शेष पृष्ठ दो पर

# एयरबस को भारत के पहले एच 175 हेलीकॉप्टर के लिए मिला ऑर्डर

- दो एसीएच 160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर भी मिले

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो एसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं।

उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलीवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उनकी डिलीवरी अगले साल होगी। यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर चल रहे विंग्स इंडिया 2026 कार्यक्रम के दौरान इस ऑर्डर पर मुहर लगी।

### तंबाकू उत्पादों पर आज से लागू होंगे बढ़े कर व अधिभार

**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादों पर बढ़े कर एवं अधिभार रविवार 1 फरवरी से लागू हो जाएंगे जिससे सिगरेट, पान-मसाला आदि महंगे हो जाएंगे। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने पिछले साल 3 सितम्बर को अधिकतर वस्तुओं पर कर की नई दरों की घोषणा की थी। अन्य सभी उत्पादों पर नई दरें 22 सितम्बर 2025 से लागू हो गई थीं, लेकिन तंबाकू पान-मसाला, सिगरेट-बीड़ी आदि पर ये दरें 1 फरवरी 2026 से लागू होंगी।

# मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण



- केरल हाईकोर्ट का अहम फैसला, गर्भपात से अंतिम स्कैन कर दोबारा की जाए पुष्टि

**कोच्चि (केरल)।** केरल हाईकोर्ट ने एक दंपति को राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है। जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी।

बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है, तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी। कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए।

# बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए होंगे बाहर: शाह

कोलकाता, वार्ता

- कहा: जो रह जाएंगे उनको भाजपा का सीएम निकाल देगा, ये साल टीएमसी की विदाई का है



**गृहमंत्री अमित शाह** ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है।

ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा। जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा। शाह ने कहा कि साल 2026 टीएमसी को टाटा, बाय-बाय कहने का साल है। टीएमसी तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई है। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। लेकिन जब भगवान राम ने राम सेतु बनाया था, तो रावण ने भी इसी तरह उनका मजाक उड़ाया था। 2024 में तीन दशक के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं। 24 में ही हमने आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई। हमने ओडिशा में सरकार बनाई। अरुणाचल में तीसरी बार सरकार बनाई। 2025 में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में 30 साल के बाद सरकार बनाई और 25 का अंत आते-आते बिहार में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनी। जितने भी लोग आजादी के संघर्ष में शहीद हुए, जिन्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया, उनका आखिरी शब्द भी वंदे मातरम् ही था। मोदी सरकार ने वंदे मातरम् के 150 साल पूरे देश में मनाने का निर्णय लिया है। मगर विडंबना देखिए कि वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल की माटी से हुआ, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने किया। उसी वंदे मातरम् पर जब संसद में चर्चा हो रही थी, तो ममता बनर्जी के सांसद उस चर्चा का विरोध कर रहे थे।

# कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने आईटी रेड के दौरान गोली मारकर की खुदकुशी

- कुल मिलाकर 9000 करोड़ रुपये की संपत्ति, प्राइवेट जेट, 200 से ज्यादा कारों के मालिक थे सीजे राय

**बेंगलुरु।** कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे राय ने सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स (आईटी) विभाग की तलाशी चल रही थी। राय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। राय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपये थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रायस भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा सुरक्षा बल ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंडरा रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर कई राउंड फायरिग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने चिलियारी पोस्ट के पास संदिग्ध ड्रोन की हलचल देखी। उन्होंने बताया कि उन्होंने उड़ने वाली चीज को भारतीय इलाके में घुसते देख कई राउंड फायरिग की और उसे पाकिस्तान की तरफ वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया कि ड्रोन ने इलाके में कोई सामान न गिराया हो। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी पूरे दिन जारी रही, लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में देवरिया जिला जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार को उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डा. अजय ने बताया कि अमिताभ ठाकुर को पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने पर जेल चिकित्सक की सलाह पर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया। सर्जरी विभाग के डा. राकेश कुमार एवं उनकी टीम उनका उपचार कर रही है। प्रारंभिक जांच में पेट दर्द का कारण अपेंडिक्स से संबंधित बताया जा रहा है। उनका अल्ट्रासाउंड और रक्त जांच कराई गई है तथा सीटी स्कैन भी कराया जा रहा है।

# केंद्रीय बजट 2027 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी संसद में बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 से बड़ी राहत और अतिरिक्त संसाधनों के मिलने की उम्मीद है।

दरअसल 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में राज्य को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं और वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पहले से अधिक राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है। राज्य के वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं के आवंटन और वित्त आयोग के प्रावधानों से राज्य को उल्लेखनीय लाभ मिल सकता है। यह राशि उन परियोजना आधारित मांगों के अतिरिक्त होगी, जिन्हें प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हाल ही में नई दिल्ली में हुई प्री-बजट बैठक में रखा था। दरअसल 10 जनवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ हुई राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक में उत्तर प्रदेश ने लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो रेल विस्तार, नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क, पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रमुख रूप से मांग रखी थी। इन परियोजनाओं के लिए राज्य ने कुल 32,075 करोड़ की आवश्यकता जताई है। शासन में बैठे सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय करों और शुल्कों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी वर्ष 2025-26 में लगभग 2.55 लाख करोड़ से बढ़कर 2026-27 में 2.80 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है। वर्ष 2024 से 2025 के बीच राज्य की हिस्सेदारी में 36,285.37 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई थी, जो 2,18,886.84 करोड़ से बढ़कर 2,55,172.21 करोड़ हो गई। वरिष्ठ अधिकारी की मानें, तो इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश को मिलने वाला आवंटन भी बढ़ सकता है। बीते वर्ष यह राशि करीब 96,000 करोड़ थी, जो आगामी बजट में 1 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

### एक तरफ बजट, तो दूसरी तरफ आधार वर्ष में बदलाव करना नीतिगत समन्वय में कमी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की पूर्व संध्या पर सांख्यिकीय आंकड़ों के जारी होने के समय को लेकर गंभीर चिताएं जताते हुए कहा है कि बजट के वित्तीय अनुमान पुरानी गणनाओं पर आधारित हो सकते हैं, क्योंकि बजट पेश होने के मात्र कुछ ही दिनों के भीतर देश की विकास दर (जीडीपी) और महंगाई दर (सीपीआई) के गणना आधार (बेस ईयर) में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। कांग्रेस के जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर चिता का साझा करते हुए कहा कि आधार वर्ष में इस बदलाव से बजट के प्रमुख आंकड़ों, जैसे कि राजकोषीय घाटा और विकास दर के लक्ष्यों में भारी विसंगति पैदा हो सकती है। इसे नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समन्वय की कमी आ सकती है, जिससे बजट के वास्तविक प्रभाव का सटीक आकलन करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने लिखा कि बजट के कई आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में पेश होंगे, लेकिन कुछ दिनों बाद ही 2022-23 को आधार वर्ष मानकर नई जीडीपी शृंखला जारी होने वाली है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या रविवार को पेश किए जाने वाले बजट के आंकड़ों में इसके तुरंत बाद संशोधन किया जाएगा?

# आगरा में खून से लाल हुई सड़क, पांच की मौत

आगरा, वार्ता

■ बेकाबू कंटेनर ने ऑटो में मारी टक्कर

खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक बेकाबू कंटेनर ने 2 ऑटो में टक्कर मारी, इससे चीख पुकार मच गई। हादसे में दोनों ऑटो में सवार 8 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राहगीरों ने लोगों को ऑटो से बाहर निकाला।

सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई, पुलिस घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां पर चिकित्सकों ने 5 घायलों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दोनों ही ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा शनिवार सुबह करीब 11 बजे का है। खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर नगला चंदन के पास बेकाबू कंटेनर ने सवारियों से भरे 2 ऑटो में टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर से दोनों ऑटो सड़क किनारे करीब 50 फीट दूर एक पेड़ से टकराकर गड्ढे में जाकर पलट गए, जिसमें चीख पुकार मच गई। ऑटो में सवार लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, इसके साथ ही हाथ और पैर में भी गंभीर चोटें हैं। हादसे में एक ऑटो की छत उड़ गई, तो दूसरा ऑटो दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के बाद राहीगरों ने कंटेनर चालक को पकड़कर जमकर धुना। सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई।

# डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी टकरा रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा- ये तो अभी केवल सैम्पल मात्र है

**लखनऊ।** महोबा में पानी संकट के मुद्दे पर बीजेपी विधायक के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोकने पर अब समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं।

महोबा जिल में बीजेपी विधायक बृजभूषण राजपूत अपने क्षेत्र की बदहाल सड़कों और पीनी की समस्या को लेकर नाराज चल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को उन्होंने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोक दिया। इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक नोकझोंक देखने के मिला। अब इसपर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया है। कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने महोबा की घटना पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी के विधायक बृजभूषण राजपूत ने अधूरे कार्यों को लेकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बंधक बनाया। हमने तो पहले ही कहा था कि बीजेपी के 'डबल इंजन' ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सत्ता पटरी से उतर गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स पोस्ट के जरीए इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनहोंने कैप्शन में लिखा, 'महा समाचार : स्वतंत्र बने बंधक! साथ ही कहा कि पैसे कमाने और जमीन कब्जाने में लगे भाजपा के मंत्री हों या विधायक, इनमें से कोई भी जनता या विकास का काम नहीं कर रहे हैं। इसीलिए जनता के गुस्से से बचने के लिए दोषारोपण कर रहे हैं।

## आधार वेरिफिकेशन के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

# उत्तर प्रदेश में अब लैंड स्कैम से मिलेगी मुक्ति

रायबरेली, वार्ता




■ दो फरवरी से लागू हो जाएगा सिस्टम, ऐसे करना होगा अप्लाई

■ एक फरवरी से पूरे प्रदेश में एक साथ रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए

यूपी में अब जमीन का पंजीकरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत उप निबंधक कार्यालय से कर दी गई है। शनिवार को सब रजिस्ट्रार बृजेश पाठक ने इस नई व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की। उप निबंधक बृजेश पाठक ने बताया कि आधार बेस्ड पंजीकरण प्रक्रिया के तहत अब तक उनके कार्यालय में 7 जमीनों का रेजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। ये प्रक्रिया फिलहाल प्रारंभिक स्टेज में है, लेकिन सोमवार से इसे पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

बृजेश पाठक ने कहा कि शासन का सर्कुलर आया है, जिसमें 1 फरवरी 2026 से पूरे प्रदेश में एक साथ आधार वेरीफिकेशन के बाद ही डॉक्यूमेंट रेजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए हैं। क्योंकि 1 फरवरी को रविवार है, इसलिए उस दिन कोई कार्य नहीं होगा, लेकिन 2 फरवरी से पूरे प्रदेश में ये लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन खरीदने और बेचने वाले के लिए जब कोई आवेदन करेगा, तो आधार बेस्ड सत्यापन में हां या न के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा, जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर ओटीपी जाएगा। ओटीपी भरने से आधार से सत्यापित हो जाएगा, उसका आवे. दन उनके कार्यालय के ऑपरेटर के पास आ जाएगा। जब खरीदार और विक्रेता उनके कार्यालय में आएगा, तो वहां पर एक डिवाइस रहेगी। जिस पर वह अपना अंगूठा लगाएगा, उससे वह मैच करता है, तो आधार वेरीफाइड हो जाएगा। आधार वेरीफाइड होने के बाद ही हम अंगूठा इंप्रेशन लेंगे और फोटो खींचेंगे और बिलिंग का पंजीकरण कर देंगे। इससे जो व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र लेकर आ जाता था, तो वह फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन ने यह प्रभावी कदम उठाया है। पाठक ने बताया कि हमारे कार्यालय में मॉडल के रूप में अभिलेखों का आवेदन कराया गया है, जिसमें 7 अभिलेखों का ट्रायल हमने सफलतापूर्वक किया है। जिसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई है।

एनआईसी केंद्र मुख्यालय लखनऊ की देखरेख में यह संपन्न हुआ है, ये ट्रायल हमारा कामयाब रहा। पाठक ने बताया कि आधार से पंजीकरण होने से जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और फर्जीवाड़े से मुक्त होगी। इससे दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित होगी और बेनामी लेन-देन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के जरिए क्रेता और विक्रेता दोनों की पहचान पुख्ता होगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

### पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाना उद्देश्य

शासन का उद्देश्य है कि डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। उप निबंधक कार्यालय में इस नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि सोमवार से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आम लोगों ने भी इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे जमीन पंजीकरण की प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश




चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# बजट घोषणाओं से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अब निवेशकों को बजट और वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार रहेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगी। देखना यह है कि बजट की घोषणाएं निवेशकों को रास आती हैं या नहीं। इसके अलावा जनवरी के विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक और वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी अगले सप्ताह जारी होने वाले हैं। बाजार पर इन सभी का असर दिखेगा। साथ ही वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल और तेजी से बदलते राजनीतिक समीकरणों से भी निवेश धारणा प्रभावित होगी। बीते सप्ताह 26 जनवरी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले तीन दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि शुक्रवार को ए लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 732.08 अकं (0.90 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 272 अंक यानी 1.09 अंक मजबूत हुआ और शुक्रवार को 25,320.65 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 3.22 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 से शेयर पिछले सप्ताह मजबूत हुए, जबकि अन्य 13 के लाल निशान में रहे। बीईएल में सबसे अधिक 9.54 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि एशियन पेंट्स में 10.12 प्रतिशत की सर्वाधिक गिरावट रही। ज्यादातर बैंकों एवं वित्तीय कंपनियों में लिवाली को जोर रहा। एक्सिस बैंक का शेयर 8.74 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 4.68, एचडीएफसी बैंक का 1.43, आईसीआईसीआई बैंक का 0.87, बजाज फाइनेंस का 0.29 और बजाज फिनसर्व का 0.24 प्रतिशत चढ़ा।

### रामसर सूची में दो नई आर्द्रभूमि शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस से एक दिन पहले आज रामसर नेटवर्क में दो नई आर्द्रभूमियों को शामिल करने की घोषणा की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ जिले में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। मोदी ने यादव की इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि एटा (उत्तर प्रदेश) में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ (गुजरात) में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया है।

# चावल, सस्ता, गेहूं महंगा, खाद्य तेल, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए, जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 रुपये और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 रुपये और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल 88 रुपये और सूरजमुखी तेल 79 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 36 रुपये और सरसों तेल की 35 रुपये बढ़ गई।

पाम ऑयल 18 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7755.67 रुपये, मसूर काली 8072.25 रुपये, मूंग दाल 10100.66 रुपये, उड़द दाल 10518.54 रुपये, तुअर दाल 10781.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2866.17 रुपये और चावल 3810.12 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3327.96 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.64 रुपये और गुड़ 4980.50 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17677.06 रुपये, मूंगफली तेल 17897.11 रुपये, सूरजमुखी तेल 16313.80 रुपये, सोया तेल 13980.95 रुपये, पाम ऑयल 12608.99 रुपये और वनस्पति 14555.22 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# नहीं चलेंगे समाज को बांटने वाले कानून

**कानपुर।** पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताते हुए एक बार फिर हुंकार भरी और कहा कि समाज को बांटने वाले कानून, जैसे यूजीसी और एससी/एसटी एक्ट, अब नहीं चलेंगे।

सवर्ण समाज जाग चुका है और किसी भी तरह के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए विभाजनकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट रहे पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री इस्तीफा देने के बाद शनिवार को अपने घर कानपुर पहुंचे। वहां उनके परिजनों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अलंकार अग्निहोत्री के गाड़ी से उतरते ही लोग 'शेर आया' के नारे लगाने लगे। समर्थकों से मिलने के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने एक बार फिर प्रदेश और केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी भारत को लूटने के लिए आई थी, ठीक उसी प्रकार भारत सरकार लूट रही है। उन्होंने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताया, इसी के साथ उन्होंने केंद्र सरकार को ललकारते हुए कहा कि सवर्ण समाज अब जाग गया है। अलंकार अग्निहोत्री के घर पहुंचने पर उनकी मां समेत सभी परिजनों ने स्वागत किया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ओटिज्म इलाज....** 2017, तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि इन सभी दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख है कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को नियमित उपचार के रूप में अनुशंसित नहीं किया गया है और इसे केवल स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के तहत ही किया जा सकता है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ नाथ, श्री प्रतीक के. चड्ढा, असजद हुसैन, अनुनय चौधरी, श्रीकर येचुरी और श्री अनिकेत चौहान ने पक्ष रखा।

**2020 के...** ने प्राथमिकी दर्ज करने में हुई अस्पष्टीकृत देरी और जांच एजेंसी द्वारा मौके पर कथित रूप से मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों की जांच न किए जाने का भी उल्लेख किया अदालत ने कहा कि इन विरोधाभासों के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, और जोड़ा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है इसलिए, अदालत ने आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

### कफ सिरप माफिया की 5.77 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** अवैध नशीले कोडीन युक्त कफ सिरप के मुख्य तस्कर भोला प्रसाद जायसवाल एवं उसके संगठित गिरोह द्वारा अर्जित 5.77 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर लिया गया है। सोनभद्र पुलिस की यह कार्रवाई संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को बताया कि इससे पूर्व 23 जनवरी 2026 को अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल की 28.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की गई थीं। इसी क्रम में शनिवार को मड़ौली एवं भरलाई (तहसील सदर, सोनभद्र) तथा जगदीशपुर (तहसील पिडरा, जनपद वाराणसी) स्थित मुख्य अभियुक्त और उसके परिजनों की सात अचल संपत्तियां, जिनकी अनुमानित कीमत 4,55,02,762 रुपये है, कुर्क की गईं।

# कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक

## अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला 2026 का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

फरीदाबाद, वार्ता



शनिवार से सूरजकुंड मेले का आगाज हो गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मेला साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए मेले की सारी जानकारी मिल सकेगी, जैसे कि कहां किस चीज का स्टॉल लगा है, कहां पार्किंग है, कहां खाने के स्टॉल है। इस तरह की सारी जानकारी मोबाइल ऐप से मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक हैं।

मेले के शुभारंभ के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मेले परिसर में हरियाणा के अपना घर पवेलियन का दौरा किया, जहां हरियाणवी पगड़ी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया। उपराष्ट्रपति ने मेले के थीम स्टेट मेघालय के स्टॉलों का अवलोकन कर शिल्पकारों से संवाद किया तथा उनके हुनर की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने मेले में सहभागी विभिन्न देशों और राज्यों की सांस्कृतिक विधाओं का अवलोकन कर कलाकारों एवं शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने उपराष्ट्रपति को पांचजन्य शंख और महाभारत के दृश्य को दर्शाती एक आकर्षक पेंटिंग भेंट की। मेले को उद्घाटन के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला दशकों से भारत की सांस्कृतिक आत्मा, कलात्मक उत्कृष्टता और सभ्यतागत निरंतरता का जीवंत प्रतीक रहा है। ये उत्सव वसुधैव कुटुंबकम के उस शाश्वत भारतीय दर्शन को साकार करता है, जिसमें पूरी दुनिया को एक परिवार माना गया है। ये मेला निर्माण करने वाले हाथों, नवाचार से भरे मस्तिष्कों और हमारी पहचान गढ़ने वाली परंपराओं को एक साझा मंच पर एकत्रित करता है। पिछले लगभग चार दशकों से ये आयोजन हमारे कारीगरों, बुनकरों, मूर्तिकारों, चित्रकारों और लोक कलाकारों को वैश्विक पहचान दिला रहा है, जिनमें से अनेक पीढ़ियों से चली आ रही कलाओं को जीवित रखे हुए हैं। इस वर्ष आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित दृष्टिकोण ने मेले के महत्व को और भी गहन बना दिया है, क्योंकि हमारे कारीगर सदियों पुराने ज्ञान के संरक्षक हैं और उन्हें सशक्त बनाना एक समावेशी, सशक्त और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नींव है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र को राष्ट्रीय पुनर्जागरण के केंद्र में रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना जैसे परिवर्तनकारी प्रयासों ने कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता और बाज़ार से जुड़ाव प्रदान कर पूरे इकोसिस्टम को सशक्त बनाया है।

# सीएम ने संत शिरोमणि सतगुरु श्री रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी के विचार कालातीत, सार्वभौमिक और समाज को दिशा देने वाले हैं।

उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय गरिमा के मूल्यों को अपनी वाणी और कर्म के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। सामा. जिक कुरीतियों के विरुद्ध उनके विचार आज भी समाज को जागृत और प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि संत रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धन, प्राचीन और सांस्कृतिक नगरी काशी में स्थित है, जिसने भारत की संत परम्परा को नई



चेतना और वैचारिक ऊर्जा प्रदान की। संत रविद. ास जी का प्रसिद्ध कथन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आंतरिक पवित्रता, नैतिकता और आत्मशुद्धि के भाव को सरल और प्रभावी रूप में व्यक्त करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ही संत रविदास जी का जन्म हुआ था। इसलिए यह तिथि आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रयागराज में त्रिवेणी संगम सहित पवित्र नदियों में स्नान-दान का विशेष महत्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में चल रहा सुव्यवस्थित माघ मेला समरसता, आस्था और भारतीय आध्यात्मिक परम्परा का अद्वितीय संगम है, जहां देश-विदेश से आए श्र( ालु साधना, सेवा और आत्मिक शुद्धि के भाव से पवित्र स्नान कर रहे हैं।

माघ मेला करोड़ों श्र( ालुओं को जोड़ने वाला सामुदायिक समरसता का महापर्व है, जहां सभी जाति-समुदाय एक साथ आस्था, समानता और सद्भाव का अनुभव करते हैं।

## बजट में ईपीएस- 95 पेंशन बढ़ोतरी की घोषणा हो

**लखनऊ।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति पिछले 10 वर्षों से केंद्र/राज्य सरकार के सार्वजानिक उपक्रमों, सहकारी /निजी संस्थानों के पेंशनरों की पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रही है ए प्रधानमंत्री ,वित्त मंत्री और श्रम मंत्री द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बावजूद अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है जिससे औसतन 1171/- मासिक पेंशन पा रहे देश के 81 लाख पेंशनरो की आलथक स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है, ना ही उन्हें कोई मेडिकल सुविधा मिल रही है, एनएसी के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने एक बार फिर केंद्र सरकार से मांग की है कि आगामी बजट में ईपीएस- 95 पेंशन 7500/- महीना एवं महंगाई भत्ते की घोषणा करें ताकि देश के लाखों वृद्ध पेंशनर अपना शेष जीवन सम्मान पूर्वक गुजार सके।

# संसद से सड़क तक सक्रिय हैं: किशोरी लाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** के जनप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा लगातार संसद के प्रत्येक सत्र में क्षेत्रीय समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। सड़क, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे मूलभूत विषयों पर उनकी सक्रियता न केवल संसद के भीतर बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गौरीगंज लरग रोड का प्रस्ताव उन्हीं निरंतर प्रयासों का ठोस परिणाम माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार सांसद किशोरी लाल शर्मा ने इस मुद्दे को केवल पत्राचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि संबंधित मंत्रालयों, अधिकारियों और संसदीय मंचों पर लगातार प्रभावी ढंग से उठाया। इसी का परिणाम है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस मांग को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-128 के चार-लेन डीपीआर में शामिल करते हुए गंभीरता से विचार प्रारंभ किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेठी जैसे ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में लरग रोड जैसी बुनियादी विकास परियोजना न केवल यातायात समस्या का समाधान करेगी, बल्कि क्षेत्र को नई विकास पहचान भी देगी। उल्लेखनीय है कि अमेठी का गांधी परिवार से दशकों पुराना विश्वास और राजनी. तिक रिश्ता रहा है।



मौजूदा सांसद किशोरी लाल शर्मा उस विश्वास को पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ निभाते हुए विकास की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। संसद के प्रत्येक सत्र में अमेठी की आवाज बनकर खड़े होने वाले सांसद किशोरी लाल शर्मा ने 22 मई 2025 को गौरीगंज लरग रोड निर्माण का विषय औपचारिक रूप से केंद्र सरकार के समक्ष रखा।

28 मई 2025 को मंत्रालय ने प्रस्ताव पर संज्ञान लिया और 19 जनवरी 2026 को एनएच-128 की डीपीआर में गौरीगंज बाईपास/लरग रोड को शामिल करते हुए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने टीवी रोगियों को लिया गोद बांटी पुष्टहरपुर पोटली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, शाखा लखनऊ द्वारा गोद लिए गए टीबी (क्षय रोग) मरीजों को पुष्टाहार पोटली का वितरण टीबी हॉस्पिटल, ठाकुरगंज, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपचाररत मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर उनके स्वास्थ्य लाभ की प्रक्रिया को सुख्रढ़ करना था।

इस अवसर पर समाजसेवियों एवं रेडक्रॉस पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर मरीजों का उत्साहवर्धन किया तथा नियमित दवा और संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमरनाथ मिश्र, अनुराग मिश्र (अन्नू), जितेंद्र सिंह चौहान, ऋतुराज रस्तोगी, मजीद अली खान, मोहम्मद खालिद खान, आलोक अग्रवाल, मनोज तिवारी एवं मनीष शुक्ला उपस्थित रहे। रेडक्रॉस सोसायटी लखनऊ शाखा द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के मानवीय सेवा कार्य किए जाते रहे हैं और भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए सहयोग जारी रहेगा।

# 24 वर्षों के बाद वेटनरी फार्मासिस्टों की पदोन्नति, निदेशक को दिया धन्यवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पशुपालन विभाग के फार्मेसिस्ट संवर्ग में 24 साल की प्रतीक्षा के बाद चीफ फार्मेसिस्ट के पद पर 42 फार्मासिस्टों की पदोन्नति की गई, वेटनरी फार्मेसिस्ट एसो ने निदेशक डॉ मेमपाल सिंह का आभार व्यक्त किया।

संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि 49 पद के सापेक्ष 42 फार्मासिस्टों की पदोन्नति की गई है, 2 लोगों का लिफाफा बन्द है और 5 लोगों की सीआर अधूरा होने के कारण इनकी पदोन्नति नही किया जा सका, निदेशक ने आश्वस्त किया है कि उनका सीआर प्राप्त होने पर पदोन्नति कर दिया जायेगा।



संघ ने गठित कमेटी के सदस्यों संयुक्त निदेशक प्रशासन प्रदीप कुमार, डॉ राजीव डींगर, एवं डॉ दिनेश कुमार के साथ वरिष्ठ सहायक जयदीप यादव, प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार एवं संजय सिंह का भी आभार व्यक्त किया। पदोन्नति के बाद अध्यक्ष किरण सिंह और महामंत्री अशोक कुमार के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल निद. ेशक से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रान्तीय कार्यकारिणी के संरक्षकआदेश सिंह, संयोजक जे पी सिंह, उपेन्द्रधर द्विवेदी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत , उपाध्यक्ष श्री मनोज शाही, कोषाध्यक्ष कमलेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री नागेश तोमर, संगठन मंत्री जितेन्द्र कुमार गौड़ , ऑडिटर विकास लाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता करतार सिंह ने सभी पदोन्नत फार्मासिस्टों को बधाई दी। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने भी सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह पदोन्नति वेटनरी फार्मेसिस्ट संघ के निरंतर संघर्ष और प्रयासों से संभव हुआ।

# बजट पूर्व कुलियों की रेल मंत्री से गुहार

**लखनऊ।** रेलवे में स्थाई नौकरी और कुलियों की सामाजिक सुरक्षा व जीवन स्थितियों पर हुई जांच की रिपोर्ट संसद के पटल पर रखने के सवाल पर आज राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने रोजगार अधिकार अभियान के साथ बजट के पूर्व पूरे देश में एक्स पर अभियान चलाया।

अभियान के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कुली मोर्चा के कोऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने बताया कि कुलियों की बेहद खराब जीवन स्थितियों और आजीविका के गंभीर संकट के समाधान के लिए आज मंत्री से अपील की गई है कि वह बजट में कुलियों की बेहतर स्थिति के लिए घोषणा करें। पूरे देश में कुलियों ने यह कहा है कि देश में आर्थिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

यदि कॉर्पोरेट की संपत्ति पर टैक्स लगाया जाए तो एक लोक कल्याणकारी राज्य के लिए संसाधनों की व्यवस्था की जा सकती है और आजीविका के संकट से गुजर रहे कुलियों को 2008 की तरह रेलवे में स्थाई नौकरी और सामाजिक सुरक्षा भी दी जा सकती है। इस अभियान में जलील अहमद, अरुण कुमार, मंगल प्रसाद अर्जुन प्रसाद, अली हैदर, रामचंद्र कश्यप, मोहम्मद अजीम, हरीराम, पंकज यादव, रामकेश, दिलीप कुमार, अहरार अहमद, सीताराम, अवधेश कुमार, मोहम्मद कलाम, राम प्रसाद चौधरी आदि।

## मनरेगा बचाने को कांग्रेसियों ने भरी हुंकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जगदीशपुर अमेठी।** गरीबों मजलूमों को गांव मे ही सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराने हेतु चलाई गई मनरेगा योजना बचाने के लिए कांग्रेसियों ने एकजुट होकर एक दिवसीय धरना देते हुए सरकार के विरोध में हुंकार भरी। जगदीशपुर विकास खंड कार्यालय के निकट कांग्रेसी नेताओं नें एकदिवसीय धरने पर बैठकर कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना को पूर्ववत की तरह संचालित रखने का संकल्प लिया।लामबंद हुए कांग्रेसियों ने तय किया कि इस योजना को यदि समाप्त अथवा इसके साथ छेडछाड किया गया तो हमारी पार्टी के सभी लोग एकजुट होकर आरपार की लडाई लडने के लिए दिल्ली तक कूच करेंगे।

# श्रम विभाग ने कैम्प लगाकर किया श्रमिकों का पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** सीमावर्ती जनपद की ग्राम पंचायत सराय गोपी में शनिवार को श्रम विभाग बारा. बंकी द्वारा जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में सहायक श्रम आयुक्त अमित प्रकाश सिंह के निर्देशों में जनपद बाराबंकी के ब्लॉक हैदरगढ़ के पंचायत चिरैया में कैंप का आयोजन कराया गया जिसमें श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान जीरो पावर्टी में पात्र श्रमिकों एवं बीवी जी राम जी योजना के श्रमिको का पंजीकरण कराया गया। कार्यक्रम में जीरो



पॉवर्टी योजना के अंतर्गत चयनित परिवारों को श्रम विभाग से पंजीकरण कर योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में जानकारी दी गई। अटल आवासीय योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी तथा बताया कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 31 जनवरी 2026 तक बोर्ड की वेबसाइट पर किया जा सकता है।

# व्यापारियों ने केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री से की अपेक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट को लेकर शनिवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के दारुल सफा कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, अखिल के लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, महानगर महामंत्री अनुज गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, मुकेश कुमार नाग, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल सहित सभी ने केंद्रीय बजट को लेकर वित्त मंत्री से जो अपेक्षाएं है उन पर अपने विचार रखें। वैट से जीएसटी में संक्रमण, कोविड-19 महामारी, डिजिटल अनुपालन की जटिलताएं, ई-कॉमर्स की असंतुलित प्रतिस्पर्धा तथा बढ़ती प्रशासनिक सख्ती ने व्यापार को जोखिमपूर्ण बना दिया है। वर्तमान समय की मांग है कि शासन दंडात्मक ख्रष्टिकोण से हटकर सहयोग, विश्वास और सरलीकरण आधारित नीति अपनाए।



कर प्रणाली में सरलीकरण और राहत की आवश्यकता- जीएसटी लागू होने के बाद व्यापा. रिक वातावरण में पारदलशता तो बढ़ी, परंतु कानून की जटिलता और बार-बार बदलते नियमों ने छोटे और मध्यम व्यापारियों को कठिनाई में डाल दिया। निकटवर्ती टैक्स स्लैब व्यापार में भ्रम और अनुपालन लागत बढ़ाते हैं। इन्हें मिलाकर एक स्लैब बनाया जाना आवश्यक है। इसी प्रकार छोटे व्यापारियों के लिए मासिक रिटर्न की बाध्यता व्यावहा. रिक नहीं है। त्रैमासिक रिटर्न की व्यवस्था तथा कंपोजीशन स्कीम की सीमा को वर्तमान घ1.5 करोड़ से बढ़ाकर घ3 करोड़ किया जाना समय की आवश्यकता है ।जीएसटी प्रवर्तन में तकनीकी त्रुटियों को कर चोरी मानकर भारी ब्याज और पेनाल्टी लगाई जा रही है, जिससे भय का वातावरण बना है। पुराने ळैज् विवादों के समाधान हेतु एक एकमुश्त समाधान एवं माफी योजना लागू की जानी चाहिए, जिसमें केवल मूल कर लेकर ब्याज और अर्थदंड में राहत दी जाए ।वैट के पुराने लंबित मामलों का स्थायी समाधान- वैट व्यवस्था समाप्त हुए 7-10 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, किंतु आज भी हजारों व्यापारी पुराने वैटनोटिस, पुनर्मूल्यांकन आदेश, ब्याज और अर्थदंड के मामलों में फंसे हुए हैं। कई मामलों में न तो रिकॉर्ड उपलब्ध हैं, न ही संबंधित अधिक. ारी पदस्थ हैं और अनेक व्यापार तो बंद भी हो चुके हैं। इन मामलों में मूल कर की तुलना में कई गुना ब्याज और पेनाल्टी लगाकर बैंक खाते और संपत्तियां अटैच की जा रही हैं, जिससे न केवल व्यापारी बल्कि न्यायालय और विभाग भी अनावश्यक बोझ झेल रहे हैं। इसलिए वैट के सभी लंबित मामलों के लिए एक समाधान-सह-माफी योजना लाई जाए, जिसमें केवल मूल कर लेकर 100४ ब्याज और अर्थदंड माफ किया जाए तथा सभी अपील और वाद स्वत: समाप्त माने जाएं।जीएसटी में 2020-21 से आगे एमनेस्टी योजना की आवश्यकता - जीएसटी के प्रारंभिक वर्षों, विशेषकर 2020-21 और 2021-22 में, कोविड-19 के कारण व्यापार लगभग ठप रहा। स्टाफ की कमी, लेखा व्यवस्था में बाधा और पोर्टल की तकनीकी खामियों के बावजूद व्यापारियों पर धारा 73 और 74 के अंतर्गत भारी नोटिस, 18-24४ ब्याज और 100४ तक पेनाल्टी लगाई गई। यह स्थिति न्यायसंगत नहीं है। अत: वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लिए एक ळैज् एमनेस्टी योजना लागू की जाए, जिसमें केवल मूल कर का भुगतान लेकर ब्याज और पेनाल्टी पूरी तरह माफ की जाए। जिन मामलों में कर पहले ही जमा हो चुका है, केवल ब्याज या पेनाल्टी शेष है, उन्हें स्वत: समाप्त माना जाए तथा रिकवरी और अटैचमेंट पर रोक लगे ।सस्ता, सरल और सुलभ ऋण- बढ़ती लागत और सीमित पूंजी के कारण व्यापारी वर्ग को सस्ते और सरल ऋण की सख्त आवश्यकता है। बिना गारंटी ऋण की सीमा पीएम मुद्रा एवं सीजीटीएमएससीके अंतर्गत घ10 लाख से बढ़ाकर घ25 लाख की जाए। डैडम्-और लघु व्यापारियों को 2-34 ब्याज सब्सिडी दी जाए तथा त्योहारी और सीजनल व्यापार के लिए विशेष वह्नकग कैपिटल पैकेज उपलब्ध कराया जाए।स्थानीय व्यापार का संरक्षण और डिजिटल संतुलन- ई-कॉमर्स के अनियंत्रित भारी डिस्काउंट से स्थानीय बाजार प्रभावित हो रहे हैं। एक संतुलित नीति बनाकर डिस्काउंट पर नियंत्रण किया जाए तथा स्थानीय दुकानदारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाए। स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को ळप् टैग, क्लस्टर आधारित सब्सिडी और सरकारी खरीद में प्राथमिकता देकर प्रोत्साहित किया जाए। व्यापारी वर्ग के लिए सामा. जिक सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। न्यूनतम 5,000 मासिक पेंशन, परिवार सहित 10 लाख तक स्वास्थ्य बीमा और विस्तारित दुर्घटना बीमा योजना लागू की जाए।

# चीफ फार्मेसिस्ट अलका श्रीवास्तव का विदायी सम्मान समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय में चीफ फार्मेसिस्ट अलका श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आज उनका भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में चिकित्सालय की निदेशक डॉ कजली गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेश चंद्र पांडेय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस आर सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजय शर्मा, डॉ निमेश भल्ला, प्रभारी अधिकारी फार्मेसी आनंद सिंह, चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट एवं फार्मेसिस्टो के साथ ही अन्य संवर्गों के कर्मी तथा अन्य संवर्गों के



प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षु फार्मेसिस्ट भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए चिकित्सालय की निदेशक डॉ कजली गुप्ता ने कहा कि श्रीमती अलका की सौम्यता, सेवा भावना, कर्मठता और कर्त्तव्यपरायणता से सभी कर्मियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और चिकित्सा अधीक्षक ने श्रीमती अलका को उज्जवल और सुखी भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पूर्व प्रभारी अधिकारी फार्मेसी एस के यादव ने कहा कि चिकित्सालय परिवार जनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए सदैव तत्पर है । ओ पी सिंह ने कहा कि प्रदेश का फार्मेसी संवर्ग विभाग की रीढ़ के रूप में काम करता है, श्रीमती अलका संवर्ग की सशक्त पहचान हैं। प्रभारी अधिकारी फार्मेसी आनंद सिंह ने उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमती अलका फार्मासिस्टों के साथ सभी कर्मचारियों में बेहद लोकप्रिय रहीं उनके व्यवहार की सभी प्रशंसा करते है।

# जातिवीहिन समाज के निर्माण के लिए जातियों का बंधन तोड़ना होगा: डॉ. अतुल कृष्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने और सामाजिक विभाजनों को दूर करने के अपने निरंतर प्रयास में, सनातन संगम न्यास एसवीएसयू इकाई, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के उन दूरदर्शी संकाय सदस्यों को सम्मानित करने के लिए एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिन्होंने अंतरजातीय-अंतरधाल्मक विवाहों को अपनाया है और जातिविहीन समाज के संदेश का सक्रिय रूप से प्रचार किया है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) सुनिल शर्मा उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत अग्रवाल शारदा ने की। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों के द्वारा सुभारती सनातन मंत्र के उच्चारण के मध्य सनातनी ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान मंच पर कवि डॉ. हरिओम पंवार, सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, सनातन संगम न्यास के सुभारती इकाई के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप राघव भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम में अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन एक ऐसे गुढ़ विषय पर है जिस पर विस्तृत रुप से चर्चा होनी चाहिए। यह दुर्भाग्य है कि आज राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए भारतीय समाज को जातियों में बांट दिया गया। हमारी संस्ख्रति को विदेशी आक्राताओं व उनके लोगों के द्वारा विख्रत किया गया।

सनातन धर्म ही केवल ऐसा धर्म है जहां अपनी बात कहने की स्वतंत्रता है एवं इस धर्म में ही यह सिद्धांत है कि यह अपनी कुरीतियों को त्यागकर आगे बढता है। सनातन संगम न्यास के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सनातन के मूल भाव को आगे बढ़ाने व पोषित करने वाला है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सनातन संगम न्यास व सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि यह कार्यक्रम सुभारती समूह के इन संकाय सदस्यों को सम्मानित करने का है जिन्होंने अंतरजातीय-अंतरधार्मिक विवाहों को अपनाकर जातिविहीन समाज के संदेश का सक्रिय रूप से प्रचार किया है।

यह नेक पहल प्राचीन भारतीय आदर्शए वसुधैव कुटुंबकम (विश्व एक परिवार है) को दर्शाती है और विश्वविद्यालय समुदाय को अधिक समावेशी और एकजुट समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित करने का लक्ष्य रखती है। आज अगर हमें देश को आगे बढ़ाना है तो हमें देश में जातिविहिन समाज का निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि यह एक कटु सत्य है कि समाज में एक वर्ग के द्वारा दूसरे वर्ग के साथ भेदभाव किया गया व अमानवीय व्यवहार किया। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए हमें अपने पूर्वजों के द्वारा किए गए इन दुष्कार्यों के लिए आज आगे आकर सार्वजनिक माफी मांगनी होगी। इसी क्रम में दूसरे पक्ष के लोगों को भी क्षमा मांगने वाले लोगों को पिछली बातों को भूलाकर गले लागाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह परिकल्पना सुभारती की कल्पना नहीं बल्कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की है। उनका यह मानना था कि जाति. विहिन समाज ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। हमें सामाजिक समरसता की ओर बढ़ते हुए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि यह जो शुरुआत की गई है सनातन संगम न्यास के द्वारा यह सराहनीय प्रयास है। समाजवाद के पुरातन विचार को आज भी जीवंत रखने वाले डॉ. अतुल कृष्ण साधुवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर अपने विच. ारों को रखते हुए सुभारती विश्वविद्यालय के महानिद. ेशक मेज.जन. (डॉ.) जी.के.थपलियाल, एसएम(सेनि.) ने कहा कि हमारे सनातन में महाभारत काल तक अंतर्जातिय विवाह मान्य थे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **20.02.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00152026 दिनांक 30.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 36 SrDEN I LKO 2025 26 |
| 3 | कार्य का नाम : वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग-पूर्व लखनऊ के खण्ड में एसआईओ कार्यालय डीजल शेड के सामने 05 कमरों के साथ नए शेड का निर्माण और डीजल शेड आलमबाग लखनऊ में शेड विस्तार के साथ बोगी अनुभाग और उप-असेंबली के एपॉक्सी फ्लोरिंग का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 7,94,66,511.54 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 5,47,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 06.02.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.02.2026 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 340/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा

## चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** निजी अस्पताल में प्रसूता की सिजेरियन डिलीवरी के बाद नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल पर हंगामा करते हुए चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। अस्पताल संचालक ने यूपी 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। काफी देर तक अस्पताल के बाहर हंगामा रहा। बाद में परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई जच्चा व नवजात के शव को लेकर गांव चले गए। जानकारी के मुताबिक जनपद संभल के एचोड़ा कंबोह निवासी कामेश ने पत्नी संगीता को डिलीवरी के लिए गुरुवार सुबह सैदनगली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। कामेश का कहना है कि चिकित्सक ने डिलीवरी में टाइम बताते हुए उसकी पत्नी को घर भेज दिया।घर जाकर प्रसव पीड़ा हुई तो वह पत्नी को लेकर फिर से उसी अस्पताल पहुंच गया। महिला चिकित्सक ने एक से दो घंटे के भीतर नॉर्मल डिलीवरी का भरोसा दिया। आरोप है कि महिला चिकित्सक ने बिना बेहोशी का इंजेक्शन दिए संगीता का प्रसव कर दिया। संगीता ने बेटी को जन्म दिया। कामेश का कहना है कि अस्पताल संचालक ने उससे कहा कि बच्ची की हालत नाजुक है इसलिए उसे इनक्यूबेटर मशीन में रखने के लिए किसी दूसरे अस्पताल में ले जाओ। दूसरे अस्पताल पहुंचा तो चिकित्सक ने बच्ची को देखते ही मृत घोषित कर दिया। खबर लगते ही कामेश के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने अस्पताल पर हंगामा शुरू कर दिया। महिला चिकित्सक की लापरवाही से बच्ची की मौत होने की बात कही। अस्पताल संचालक ने यूपी 112 पर फोन कर पुलिस बुला ली। पुलिस ने हंगामा करने वाले लोगों को समझाकर शांत किया। इसके बाद परिजन जच्चा व मृत नवजात के शव को लेकर अपने घर चले गए। करीब एक घंटे से अधिक समय तक अस्पताल पर हंगामा रहा। अभी इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।

# यातायात नियमों के पालन से रूकेंगे हादसे

## सड़क सुरक्षा माह का समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन शनिवार को हुआ। परिवहन विभाग ने समापन समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी और विशिष्ट अतिथि उप परिवहन आयुक्त परिपरिक्षेत्र बरेली कमल गुप्ता रहे। एआरटीओ (प्रवर्तन) महेश शर्मा ने अतिथियों को पुष्प और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया और सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि पूरे माह सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सड़क हादसों को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है, जो सबकी भलाई सुनिश्चित करता है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की ग ई। इस अवधि में कई वाहनों के चालान काटे गए और अनेक वाहनों को सीज भी किया गया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन अनमोल है, ऐसे में सभी को यातायात नियमों का पालना करना चाहिए, तभी खुद की और दूसरों की जिंदगी सुरक्षित रहेगी। अन्य वक्ताओं ने भी यातायात नियमों के पालन जोर दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे है जिनमें कई लोगों की जान जा रही है। इस दौरान सड़क सुरक्षा माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक ब्रह्मदत्त त्यागी, यातायात पुलिस उप निरीक्षक डीके वाजपेई, रहरा थाने के एसआई प्रहलाद सिंह, रोडवेज अमरोहा के स्टेशन इंचार्ज मोहम्मद साजिद खान सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# सीएमओ से वाहनों का भुगतान दिलाने की मांग

**अमरोहा।** नंदनी ट्रेवल ने सीएमओ को पत्र भेजकर वाहनों का भुगतान कराने की मांग की है। बताते चलें कि नंदनी ट्रेवल द्वारा रहरा, हसनपुर, धनौरा, गजरौला, जोया व अमरोहा सीएचसी में वाहन सेवाएं प्रदान कर रहा है। परन्तु पिछले एक वर्ष से अभी तक वाहनों का कोई भुगतान नहीं किया गया है। कई बार ट्रेवल एजेंसी स्वामी सीएचसी प्रभारी से मोखिक व लिखित रूप से मिलकर वाहनों का भुगतान कराने की मांग कर चुका है परन्तु कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। जिस पर आज ट्रेवल एजेंसी स्वामी ने सीएमओ डा. योगेन्द्र सिंह को पत्र देकर वाहनों का भुगतान कराए जाने की मांग की है।

# कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर झूमे शिक्षक

## एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जतायी खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा की घोषणा पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सरकार की इस घोषणा से शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, रसोइयां एवं अनुदेशकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी घोषणा के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत नियमित शिक्षकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों को भी राहत प्रदान की गई है। इस योजना के दायरे में शिक्षामित्रों, विशेष शिक्षकों , अनुदेशकों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डन को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, पीएम पोषण योजना (मिड-डे मील) के तहत विद्यालयों में भोजन तैयार करने वाले रसोइयों और उनके आश्रितों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने संबंधी प्रस्ताव को कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, डॉ रमेश सिंह,अमित कुमार, सतेन्द्र सिंह,अजय सागर, संतराम सिंह, राशिद अली,विशम्बर सिंह, मनीष कुमार,रेनू कंसल आदि शिक्षक मौजूद रहे।



# मलेशिया में शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा

## पांच दिवसीय अनुष्ठानों के साथ हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार मलेशिया गांव में शनि देव महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विधिवत्त पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस धार्मिक आयोजन में भक्ति, उत्साह और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मूर्ति की स्थापना धर्मबीर यादव ने अपने परिवार और समस्त ग्रामीणों के सहयोग से कराई, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व लगातार पांच दिनों तक पूजा-पाठ, यज्ञ, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। स्थापना से पहले शनि देव की प्रतिमा को गांव में भ्रमण कराया गया। भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जहां डीजे की धुन पर भक्त झूमते-नाचते नजर आए। जय शनि देव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में धनौरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। पूजा-अर्चना और हवन का कार्य आचार्य सुधीर पंडित, प्रबल वशिष्ठ, कुलदीप शास्त्री और निकेत शास्त्री ने विधिवत संपन्न कराया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजेंद्र यादव, विजेंद्र यादव, रंजीत यादव, शनि यादव, लोकेंद्र, कुंव. रपाल, आकाश यादव, हरीश यादव, पुरु, अंकित यादव, इंद्रजीत, अमित और नरेश सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहें।

# पुलिस सहयोग न मिलने पर लेखपालों में रोष

## समस्याओं को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें लेखपालों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद संघ पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

बैठक में बताया गया कि समयावधि पूरी होने के बावजूद लेखपाल विपिन कुमार, प्रमोद कुमार और बिन्टेश कुमार की एसीपी वेतन वृद्धि अभी तक नहीं लगाई गई है। वहीं लेखपाल धनराज यादव, रमेशचंद विक्की वर्मा, सुमित सैनी, प्रदीप सहित अन्य का अवशेष वेतन बिल भी लंबित है। इसके अलावा ई-डिस्ट्रिक्ट और क्रॉप कटिंग से संबंधित मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। लेखपालों ने आरोप लगाया कि थाना धनौरा पुलिस द्वारा शासकीय कार्यों के लिए समय पर पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया जाता, जिससे जरूरी कार्यों में देरी होती है। एग्रीस्टेक (डीसीएस) योजना में सर्वेयरों के स्थान पर लेखपालों पर अनावश्यक दबाव बनाए जाने पर भी नाराजगी जताई गई। फार्मर रजिस्ट्री के तहत सत्यापन का कार्य पूरा कर रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजी जा चुकी है। संघ अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि लेखपाल पूरी निष्ठा से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस दौरानअध्यक्ष विकास यादव, सचिव अनुज सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष मुजम्मिल खान, संगठन मंत्री विमल शर्मा, दिनेश सिंह यादव, उपमंत्री आदर्श मांगट और लेखा निरीक्षक योगेश सहित रमेश सैनी, दिनेश कुमार, विशाल सागर, रोहित यादव, अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

# कब्रिस्तानों पर सफाई कराने की मांग

## शबेबारात के मद्देनजर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर पालिका परिषद के सभासदों ने शबे बरात के मद्दे नजर ईओ को ज्ञापन देकर शाह विलायत की दरगाह और कब्रिस्तान में प्रकाश व जलपान व्यवस्था करवाये जाने की मांग की है।

शनिवार को पालिका सभासदों ने अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को ज्ञापन देते हुए कहा कि शबे बरात के मद्दे नजर शहर की मस्जिदों एवं कब्रिस्तानों के आसपास प्रकाश व्यवस्था सफाई व्यवस्था तथा चूना पाउडर का छिड़काव करवाया जाये। उन्होंने कहा कि नगर की शाह विलायत की दरगाह पर हर वर्ष की इस वर्ष भी प्रकाश व्यवस्था जलपान व्यवस्था करवाई जाये। ज्ञापन देने वालों में शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताब, हमजा अली, मोनिश अंसारी, मुन्ना चौहान, नौशाद अहमद, बदर कुरैशी, जुनैद खान, तालिब खान, नाजिम अंसारी, जाहिद अली, साजिद अंसारी, गुड्डू मेंबर आदि मौजूद थे।

# त्यौहारों पर नई परम्परा की इजाजत नहीं

## कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** संत रविदास जयंती शबे बरात एवं कमल यात्रा महाशिव. रात्रि त्योहारों के मद्देनजर अधिकारियों ने अमन कमेटी की बैठक में गणमान्य लोगों से सुझाव लिए हैं।

शनिवार को कोतवाली परिसर में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारा व शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाये। किसी भी प्रकार की नई परंपरा को ना डाला जाये। सीओ पंकज कुमार त्यागी ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करे। यदि कहीं कोई गड़बड़ी नजर आये तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाये। अमन कमेटी की बैठक में नगर में जगह-जगह हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा जमकर गूँजता। संभल रोड से बस स्टैंड चौराहा तक व रहरा बाईपास से अमरोहा बस स्टैंड तक सड़क के दोनों और हो रहे अतिक्रमण को हटाने का मुद्दा उठाया गया। शबे बरात पर कब्रिस्तानो के आसपास सफाई व्यवस्था करने की मांग उठाई गई। कांवण यात्रा एवं महाशिवरात्रि पर सफाई व्यवस्था रखने के साथ ही प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की मांग उठाई गई। इस अवसर पर महेंद्र सिंह आर्य, चमन अंसारी, इकराम चौधरी, प्रधान नसीम बंजारा, हाफिज नूर मोहम्मद, मुकेश गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, अरविंद उर्फ अन्ना, फुरकान खान, अकील पहलवान, सदाकत खान, संदीप गुप्ता, देवेंद्र बेंसला, जाहिद पहलवान, शाहनवाज अंसारी,, नवाब सैफी, अशोक मौर्य, लता सागर, भारत लाल प्रजापति, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करेगी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चलाया जा रहा "ऑपरेशन त्रिनेत्र" सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में थाना हसनपुर पुलिस ने जन-सहभागिता के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों में 130 नए सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। ग्राम अहरौला अहमद यार खां, हथियाखेड़ा, मंगरौली, रुस्तमपुर, रुद्रपुर, लुहारी खादर, दयावली खालसा, मनौटा और सिहाली जागीर सहित हसनपुर कस्बे के प्रमुख स्थलों को तीसरी आँख की निगरानी में लाया गया है। इन कैमरों की मदद से संदिग्ध गति. विधियों और असामाजिक तत्वों पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जा सकेगी। इस पहल की सफलता पर प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने उन जागरूक नागरिकों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपनी स्वेच्छा से कैमरे लगवाकर पुलिस का सहयोग किया। पुलिस प्रशासन ने जनता की इस भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे न केवल अपराध रोकने में सहायक हैं, बल्कि घटनाओं के खुलासे में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हसनपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों, दुकानों और मुख्य चौराहों पर अधिक से अधिक कैमरे लगवाएं। सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए तकनीक और नागरिक सतर्कता का संगम अत्यंत आवश्यक है। इस सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# बूथों पर लिया जायजा, बीएलओ से ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** डीएम ने बूथों का जायजा लेते हुए बीएलओ से कार्य की स्थिति का जायजा लिया, साथ ही निर्देश दिए कि कोई भी नया मतदाता वोट बनवाने से वंचित नहीं रहे, इसके लिए लोगों को प्रेरित करें।

### शिव इण्टर कॉलेज के बूथों पर पहुंचीं डीएम

शनिवार को बूथों पर बीएलओ द्वारा आलेख्य मतदाता सूची एवं एएसडीडी सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिसके क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने धनौरा विधानसभा क्षेत्र के बूथ सं0 251 से 257 शिव इन्टर कॉलेज गजरौला पर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया और बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी नया मतदाता नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि वे भी अपने परिवार के ऐसे सदस्यों का वोट बनवाना चाहिए जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो रही हो। वहीं निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई कि बूथों पर फार्म संख्या छह और फार्म संख्या आठ पर्याप्त मात्रा में नहीं मिले। जिस पर डीएम ने कहा कि मुख्यालय से शीघ्र ही फार्म भिजवाए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह व अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य भी मौजूद रहे।



गजरौला। बूथों पर बीएलओ से जानकारी लेतीं डीएम।

# जलभराव से स्कूली बच्चों व लोगों को परेशानी




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के सलेमपुर मार्ग पर स्थित बीएसए आदर्श इण्टर कॉलेज के पास हो रहे जलभराव से छात्र-छात्राओं के साथ साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने जिला प्रशासन व नगर पालिका से समस्या के निराकरण की मांग की। विद्यालय प्रबंधक रमेश सिंह का कहना है कि पहले भी कई बार पालिका कार्यालय में शिकायत की गई, मगर समस्या समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ साथ आम नागरिकों को भी जलभराव के कारण परेशानी हो रही है।

### स्कूल प्रबंधक ने की समस्या के निराकरण की मांग

# बच्चों के विवाद में महिला को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रास्ते पर खेल रहे बच्चों को एक युवक ने गाली गलौच की। एक बच्चे की मां ने विरोध किया तो आरोपित ने अपने पिता और मां के साथ मिलकर महिला के घर में घुसकर मारपीट की। बता दें कि थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर में प्रियंका का बच्चा अन्य बच्चों के साथ घर के आगे बने रास्ते पर खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोसी प्रशांत बच्चों के साथ गाली गलौच करके भगाने लगा। इस बात पर प्रियंका ने विरोध जताया तो आरोपित प्रशांत अपने पिता जयविन्द्र व माता भोली के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर मारपीट की और घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, सिख इंटर कॉलेज नारंग. पुर, जोया द्वारा आयोजित विशेष शिविर के पाँचवें दिन को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी जोया, श्री लोकचंद आनंद रहे। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों की आयु 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे सभी अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर टिकी होती है और एक-एक वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे निर्भीक होकर, बिना किसी धर्म, जाति, समुदाय, धन या किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान "सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो" का नारा लगाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान में अनुजा, ज्योति, बसु, वर्षा, रंजीत, आकाश, भवि गुप्ता, आयुषी, नीतू सहित अन्य स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी बलबीर शर्मा, सरदार गुरदीप सिंह, सरदार बख्शिंदर सिंह, श्री अब्दुल सत्तार, बीएलओ श्रीमती नीरज, प्रधानाध्यापिका श्रीमती अर्चना वर्मा, श्रीमती बबली, श्रीमती नगमा, सरदार जगदीश सिंह मौजूद रहे।



# संस्कृति व विरासत की पहचान को और मजबूत करने में जुटी योगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सरकार ने राजधानी में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर सात भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण की कवायद में जुट गई है। सरकार से जुड़े अधिकारियों की मानें तो इन द्वारों के माध्यम से लखनऊ में प्रवेश करते ही प्रदेश की संस्कृति, आस्था और सभ्यतागत विरासत का अनुभव होगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार देर शाम को शहरी विकास एवं आवास विभाग की बैठक में इस परियोजना को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पहली झलक में ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने पारंपरिक भारतीय वास्तुकला और शिल्प के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। प्रस्तावित प्रवेश द्वारों को संगम द्वार, नंदी-गंगा द्वार, सूर्य द्वार, व्यास द्वार, धर्म द्वार, कृष्ण द्वार और शौर्य द्वार नाम दिए गए हैं। हर द्वार उस मार्ग से जुड़े किसी प्रमुख धार्मिक, पौराणिक या ऐतिहासिक स्थल का प्रतीक होगा। योजना के अनुसार प्रयागराज मार्ग (रायबरेली रोड) पर संगम द्वार का निर्माण किया जाएगा, जो त्रिवेणी संगम और कुंभ परंपरा से प्रेरित होगा। वाराणसी मार्ग (सुल्तानपुर रोड) पर नंदी-गंगा द्वार बनेगा, जो काशी विश्वनाथ की आध्यात्मिक आभा को दर्शाएगा।

अयोध्या मार्ग (बाराबंकी रोड) पर बनने वाला सूर्य द्वार भगवान राम और सूर्यवंश की परंपरा का प्रतीक होगा। इसी क्रम में सीतापुर रोड पर नैमिषारण्य मार्ग के लिए व्यास द्वार, हरदोई रोड पर हस्तिनापुर से जुड़ा धर्म द्वार, आगरा रोड पर मथुरा मार्ग के लिए कृष्ण द्वार तथा उन्नाव रोड पर झांसी मार्ग के लिए शौर्य द्वार का निर्माण प्रस्तावित है, जो बुंदेलखंड की वीरता और शौर्य परंपरा को रेखांकित करेगा।

अधिकारियों के अनुसार, सभी प्रवेश द्वारों की डिजाइन में नक्काशीदार पत्थर, कलात्मक स्तंभ, भित्ति चित्र, फव्वारे, प्रकाश व्यवस्था और हरित क्षेत्र शामिल होंगे। प्रत्येक द्वार पर उत्तर प्रदेश सरकार का आधिकारिक प्रतीक प्रदर्शित किया जाएगा। सरकार ने निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता मानकों को अपनाने और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों से आवश्यक समन्वय के निर्देश दिए हैं। परियोजना के लिए वित्तीय व्यवस्था कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से किए जाने की योजना है। निर्माण एजेंसियों का चयन और समय-सीमा बाद में तय की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इन प्रवेश द्वारों के निर्माण के बाद लखनऊ को भविष्य में 'गेटों का शहर' के रूप में नई पहचान मिल सकती है।

# महोबा विवाद पर पहली बार बोले मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कहा:कोई घटना नहीं हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**महोबा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के महोबा में हाल ही में सामने आए राजनीतिक विवाद पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कथित टकराव की घटना को महत्वहीन बताते हुए कहा कि उनके साथ व्यक्तिगत रूप से कोई घटना नहीं हुई।

दरअसल सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मंत्री और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच तीखी नोकझोंक दिखाई देने के बाद विपक्ष ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था। स्वतंत्र देव सिंह ने स्पष्ट किया कि इस मामले में वह किसी भी राजनीतिक बयानबाजी में नहीं पड़ना चाहते। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी पर सवाल पूछे जाने पर मंत्री ने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया और कहा कि अधिकारी और मीडिया जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक बयान को ही आधार मानें। मंत्री ने कहा कि उनका पूरा ध्यान विकास कार्यों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत वह 36 गांवों का दौरा कर रहे हैं, जहां पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। ष्योजना के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और उसी दिशा में काम हो रहा है। स्वतंत्र देव सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभी प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है और किसी तरह के व्यवधान या राजनीतिक निशानेबाजी की बातें भ्रामक हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता को परिणाम देना उनकी जिम्मेदारी है, न कि राजनीतिक विवादों में उलझना। मंत्री के इस बयान से साफ है कि महोबा की घटना ने भले ही राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा की हो, लेकिन सरकार और मंत्री स्तर पर इसे तवज्जो नहीं दी जा रही है। स्वतंत्र देव सिंह ने दोहराया कि शासन, विकास और जनकल्याण ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गौरतलब है कि महोबा जिले में शुक्रवार को उस समय हालात तनावपूर्ण हो गए, जब जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कार्यक्रम के दौरान पानी की समस्या को लेकर भाजपा विधायक ब्रजभूषण राजपूत और उनके समर्थक भड़क उठे। पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया था। दरअसल, चरखारी विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से जारी जल संकट और पाइपलाइन कार्य के चलते सड़कों की बदहाली को लेकर विधायक का आक्रोश खुलकर सामने आ गया।

# बहराइच में सड़क हादसे में दंपति की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेपाल निवासी बु(ू (35) अपनी पत्नी सरस्वती (28) के साथ बाइक से श्रावस्ती जिले के रामनगर गुलरिहा जा रहे थे।

जैसे ही वे रुपईडीहा थाना क्षेत्र के जमोग बाजार के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बुद्धू की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सरस्वती को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतकों के परिजनों को अवगत कराया, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक रमेश रावत ने बताया कि जमोग बाजार के पास बस की टक्कर से दंपति की जान चली गई है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सपा ने मुसलमानों को डिस्पोजेबल गिलास की तरह इस्तेमाल किया: शौकत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा है कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने अब तक मुस्लिम समाज को सिर्फ 'डिस्पोजेबल गिलास' की तरह इस्तेमाल किया है।



उन्होंने साफ कहा कि अब मुसलमान अपनी राजनीतिक लड़ाई खुद लड़ेगा और इसके लिए प्रदेश की करीब 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी चल रही है। शौकत अली ने संकेत दिए कि आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन की संभावनाएं खुली हैं। उनका कहना है कि दलित और मुस्लिम के बीच एक नेचुरल अलायंस है और इसी सामाजिक आधार पर नई राजनीतिक धारा को मजबूत करने की कवायद तेज की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की 134 विधानसभा सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं, जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 20 से 40 प्रतिशत तक है। इन्हीं सीटों को केंद्र में रखकर रणनीति तैयार की जा रही है। शौकत अली के मुताबिक, लोनी, मुरादनगर, धौलाना, मेरठ सिटी, मेरठ साउथ, धौरहरा, किठ्ठौर, अमरोहा, धनौरा, संभल, असमौली, काठ और कुदरकी जैसी अहम सीटों पर चुनाव लड़ने की ठोस तैयारी चल रही है। इसके अलावा सिद्धार्थनगर, गोंडा, बस्ती, बहराइच, मटेरा-नानपारा और कैसरगंज जैसी सीटों पर भी संगठनात्मक गतिविधियां तेज की गई हैं। सूत्रों की मानें तो प्रदेश की राजनीति में एक तीसरा मोर्चा खड़ा करने की कोशिशें जारी हैं। इसके तहत चंद्रशेखर आजाद, एआईएमआईएम, बाबू सिंह कुशवाहा और स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं और छोटे दलों को एक मंच पर लाने की पहल हो रही है।

# महाकुंभ 2025 में प्रयागराज एयरपोर्ट ने रचा इतिहास, 10.56 लाख यात्रियों का रिकॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ शहर के हवाई यातायात में भी अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2025 में पहली बार प्रयागराज एयरपोर्ट से जनवरी से दिसम्बर के बीच 10,56,311 यात्रियों ने हवाई यात्रा की, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है।





आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में जहां कुल 6,27,966 यात्रियों ने एयरपोर्ट का उपयोग किया था, वहीं महाकुंभ वर्ष में यह संख्या 10-50 लाख से अधिक पहुंच गई। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन ने इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विमानों की आवाजाही में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। वर्ष 2025 में कुल 8,915 उड़ानें संचालित हुईं, जबकि वर्ष 2022 में यह संख्या 7,822 थी।

महाकुंभ के दौरान कुछ दिनों में प्रतिदिन 100 से अधिक विमानों का आवागमन हुआ। इस उपलब्धि के साथ प्रयागराज एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में व्यस्तता के मामले में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। लखनऊ और वाराणसी के बाद यह प्रदेश का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट बन गया है। स्थानीय अधिकारियों ने इसे महाकुंभ की अपार सफलता और शहर की बढ़ती वैश्विक पहचान का प्रमाण बताया है।

# एक करोड़ की अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में सिकरारा थाना पुलिस और एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 435 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया,

जबकि दो अन्य फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सिक. रारा उदय प्रताप सिंह और एसटीएफ टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिग के दौरान आयुष्मान आरोग्य उपकेंद्र सिकरारा के पास एक डीसीएम वाहन को रोका। तलाशी में राजधानी व्हिस्की (750 एमएल) की कुल 435 पेटी, जिसमें 5220 बोतलें और लगभग 3915 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पंकज पाल उर्फ टिटू पुत्र चंद्रपाल निवासी दीनदयाल नगर, थाना सिविल लाइन, जनपद मुरादाबाद तथा प्रिस श्रीवास्तव उर्फ सिटू पुत्र स्व- रमेशंद्र श्रीवास्तव निवासी नई बस्ती हुकुलगंज, थाना लालपुर पांडेयपुर, जनपद वाराणसी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार्रवाई के दौरान दो तस्कर मौके से फरार हो गए।

## काशी विश्वनाथ धाम को पांच इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट्स का दान

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पांच इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट्स (प्रत्येक 8-सीटर) का दान किया गया है। इन कार्ट्स का उपयोग विशेष रूप से दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के सुगम आवागमन तथा निर्बाध दर्शन के लिए किया जाएगा। मंदिर न्यास की ओर से डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण ने बताया कि इन कार्ट्स का संचालन मैदागिन से गोदौलिया के बीच किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इनके संच. ालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा काशी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। यह दान लीला ग्रुप ऑफ शिप रीसाइक्लिग यार्ड्स से जुड़े उद्योगपति एवं समा. जसेवी कोमलकांत शर्मा की प्रेरणा से प्रदान किया गया है।

# हरदोई का हाजीपुर गांव अब सियारामपुर के नाम से जाना जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के भरावन विकासखंड का हाजीपुर गांव अब आधिकारिक रूप से सियारामपुर के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गांव का नाम परिवर्तन किया गया है। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने और शासन से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद यह निर्णय लागू हो चुका है। इसकी जानकारी स्वयं मुख्यमंत्री के आधिकारिक ट्विटर (एक्स) हैंडल के माध्यम से साझा की गई है। इस गांव का नाम बदलने का प्रस्ताव जिला पंचायत से प्रदेश सरकार को भेजा गया था ,स्थानीय निकाय से एमएलसी अशोक अग्रवाल ने नाम बदलने के लिए जिला पंचायत में प्रस्ताव दिया था। इस गांव में सभी हिन्दू परिवार ही रहते है लेकिन गांव का नाम हाजीपुर था।

उत्तर प्रदेश में तमाम शहरों , पंचायतों के नाम बदलने के क्रम में हाजीपुर गांव का नाम बदलने को लेकर विगत 29 अप्रैल 2025 को हरदोई की स्थानीय निकाय से विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल ने गांव का नाम बदलकर सियारामपुर रखने का प्रस्ताव जिला पंचायत की बैठक में रखा था। यह प्रस्ताव जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसके बाद प्रस्ताव को जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजा गया,जहां से स्वीकृति मिलने पर नाम परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस फैसले पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है कि भरावन विकासखंड के इस गांव को अब भगवान श्रीराम के नाम से जुड़ी पहचान मिली है। अब गांव से जुड़े हर दस्तावेज, पत्राचार और पहचान में प्रभु श्री राम का नाम स्वतः सम्मिलित होगा। प्रेमावती वर्मा के अनुसार गांव की कुल आबादी लगभग 1150 है, जहां 209 परिवार निवास करते हैं। गांव में कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब जल्द ही सभी सरकारी रिकॉर्ड, अभिलेख और नामांकन में ष्हाजीपुरष के स्थान पर षसियारामपुरष दर्ज करने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। इसकी कार्रवाई शुरू हो चुकी है और शीघ्र ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## नाबालिग की सिर कुचलकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव में एक किशोर की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शनिवार को बताया कि रावतपुर निवासी कमलेश कुमार (17) का शव उसके घर से करीब 200 मीटर दूर पंचायत भवन के पास मिला। मृतक के सिर पर किसी वजनदार वस्तु से प्रहार कर हत्या किए जाने के संकेत मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार कमलेश एक ईंट-भठे पर काम करता था। शुक्रवार शाम वह काम से लौटकर अपने कमरे में चला गया था, लेकिन शनिवार सुबह उसका शव पंचायत भवन के पास पाया गया।

# पूर्व कुलपति प्रो. सुंदरलाल के निधन पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शोकसभा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुंदरलाल का शुक्रवार रात्रि आगरा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया।

वह लगभग 80 वर्ष के थे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो- सुंद. रलाल ने अपने कार्यकाल में विश्व. विद्यालय को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल कीं। 'बापू बाजार' जैसी अभिनव योजना के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को समाज से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया।

उनका निधन विश्वविद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। सेवानिवृत्ति के बाद भी वह नियमित रूप से गणित विषय का अध्यापन कार्य करते रहे। उन्होंने जीवनकाल में ही अपने शरीर को आगरा मेडिकल कॉलेज को दान करने का संकल्प लिया था, ताकि निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर मेडिकल शिक्षा के लिए उपयोग में लाया जा सके। इस अवसर पर आयोजित शोकसभा में कुलसचिव केश लाल ने शोक संदेश का पाठ किया। सभा में प्रो- प्रमोद यादव, प्रो- अजय प्रताप सिंह, प्रो- मानस पांडेय, प्रो- मनोज मिश्रा, प्रो- मुराद अली, प्रो- गिरधर मिश्रा, प्रो- प्रदीप कुमार, प्रो- संतोष कुमार, डा. ऋषिकेश, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. श्याम कन्हैया सिंह, डा. मंगला यादव, उपकुलसचिव अजीत कुमार, बबीता सिंह, कर्मचारी संघ अध्यक्ष वारिन्द्र यादव, पूर्व महामंत्री रमेश यादव, डा. इंद्रेश गंगवार, सुशील प्रजापति सहित अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में मासूम की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह सड़क पार करते समय एक मासूम की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान चक सौगहना निवासी मुजुबुद्दीन के पुत्र अब्दुर्रहमान (6) के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे अब्दुर्रहमान सड़क पार कर रहा था, तभी अचानक तेज गति से आए वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही फखरपुर थाना प्रभारी संजीव चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में प्रतियोगी छात्रा का शव फंदे से मिला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के कीडगंज थाना क्षेत्र स्थित मधवापुर मोहल्ले में शुक्रवार रात एक प्रतियोगी छात्रा का शव उसके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान मीरजा. पुर जनपद के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घूरहू पट्टी गांव निवासी श्यामलाल कौशल की 28 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कौशल के रूप में हुई है। प्रतिमा प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी और मधवापुर में किराए के कमरे में अकेले रहती थी। वह पढ़ाई में मेधावी बताई जा रही है तथा पिछले वर्ष आईआईटी की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी थी। बताया गया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे पास में रहने वाली उसकी सहेलियों ने उसे फोन किया, लेकिन कई बार कॉल करने पर भी संपर्क नहीं हो सका। अनहोनी की आशंका पर सहेलियां उसके कमरे पर पहुंचीं, जहां दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर मकान मालिक को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। कीडगंज थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कमरे की तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्रा की सहेलियां भी घटना के कारणों के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बता सकीं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है तथा परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले की विभिन्न बिदुओं पर जांच जारी है।

### कई वर्षों से पुल निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीण, आवागमन में हो रही परेशानी

**सिंहपुर-अमेठी।** विकास क्षेत्र के जगतपुर व नारायन चक गांव के मध्य स्थित गुमिया ड्रेन (नाला) पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आज कई वर्षों से लगातार पुल बनवाये जाने की मांग की जा रही हैं। लेकिन जिम्मेदारों की तरफ से अभी तक कोई भी करवाई नही हुई हैं। जिससे नाले के दोनों तरफ निवास करने वाले लोंगो को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जगतपुर को नारायन चकमार्ग से जोड़ने वाला गुमिया ड्रेन के पुल का निर्माण होना पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूरे धना जगतपुर के निवासी रवि सिंह,राजेश यादव,अवधराज सिंह का कहना है कि वर्तमान में नाले में किसी तरह सीमेंट पाईप ढोला डालकर काम चलाया जा रहा हैं लेकिन बरसात के दिनों में यह भी पानी में डूब जाता है जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए एक बड़ा खतरा बना रहता है। हैरानी की बात तो यह है कि नाला के दोनों तरफ ढ्ढी सड़के काफी समय से बनी हुई है जिस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोंगो को आना-जाना बना रहता है। लेकिन नाले पर अभी तक पुल का निर्माण नही हो सका है। जिससे आमजन मानस को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दर्जनों गांवो के ग्रामीणों सहित बच्चों को भी सेमरौता, शिवरतनग. ंज, हैदरगढ़,अहोरवा भवानी, ब्लॉक, अस्पताल, विद्यालय आवागमन रहता है। क्षेत्रीय लोंगो द्वारा अपने जनप्रतिनिधियों से उक्त नाले पर कई बार पुल बनवाने की मांग की गई है लेकिन समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है।

### ग्राम पंचायत अधिकारी पर लगाया गंभीर आरोप

**सिंहपुर/अमेठी।** ब्लाक की ग्राम पंचायत मेहमानपुर की पंचायत सचिव पर दस हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप उक्त ग्राम पंचायत के ग्राम गंगापुर की निवासिनी कांती पत्नी बृजेन्द्र मिश्रा द्वारा लगाया गया है काती ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर सपथ पत्र पूर्वक अपने मामले में जांच पड़ताल करवाकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है आरोप है कि पंचायत सचिव गुंजन गुप्ता पर आरोप है प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर उन्होंने बीस हजार रुपए की रिश्वत की मांग की और दस हजार रुपए घर आकर लिए है फिर भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया आरोप है कि 2023 में पीड का कच्चा मकान बरसात में गिर गया था फिर भी आवासीय लाभ नहीं मिल पाया उन्होंने जिलाधिकारी अमेठी सहित मंडलायुक्त अयोध्या, मुख्य विकास अधिकारी अमेठी से उक्त मामले में जांच पड़ताल करवाकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की हैष। सिंहपुर के खंड विकास अधिकारी कमलेश यादव से जब इस मामले में बात की गई तो उन्होंने मामले की जानकारी नहीं होने की बात की उन्होंने कहा कि इस मामले में वे जांच पड़ताल करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### 22 फरवरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में मेगा विधिक सहायता शिविर

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में आम नागरिकों को न्यायिक सहायता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 फरवरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में अपर जिला जज प्रथम एवं नोडल अधिकारी सतीश चन्द्र द्विवेदी ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य गरीब, वंचित, महिला, वृद्ध, दिव्यांग एवं अन्य जरूरतमंद वर्गों तक नि:शुल्क विधिक सेवाएं पहुंचाना है। शिविर में नि:शुल्क विधिक परामर्श, विभिन्न विवादों के समाधान, लोक अदालत संबंधी जानकारी तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित करने की भी व्यवस्था रहेगी। द्विवेदी ने कहा कि माननीय जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में योजनाओं से वंचित न रहे। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने स्टॉल स्थापित कर नागरिकों को एक ही स्थान पर सेवाएं उपलब्ध कराएं। प्रेस कांफ्रेंस में सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी प्रथम, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्क्रैप माफिया रवि काना की 92.65 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी करीब 92 करोड़ 65 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार रवि काना एक संगठित गिरोह का सरगना है, जो कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में गैंग संख्या डी-190 के रूप में पंजीकृत है। गिरोह में कुल 18 सदस्य हैं। आरोप है कि यह गैंग नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और दिल्ली-एनसीआर में स्क्रैप व सरिया कारोबारियों को डराकर लूट, चोरी और वसूली जैसी घटनाओं को अंजाम देता था।



**कंपनियों के नाम पर बनाई अवैध संपत्ति:** पुलिस जांच में सामने आया कि रवि काना ने अवैध कमाई को छिपाने के लिए अपने और परिजनों के नाम पर कई कंपनियां और फर्म खड़ी कीं। इनमें प्राइम प्रेसिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड, न्यू कृष्णा स्टील, एस्कोन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, हनुमत मेटल्स, अकीरा स्टेट्स और जेएसआर रोड लाइन्स शामिल हैं। इन्हीं कंपनियों के जरिए अवैध संपत्ति अर्जित की गई।

**कई चरणों में हुई कुर्की:** माननीय न्यायालय के आदेश पर फरवरी से नवंबर 2024 के बीच कई चरणों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने औद्योगिक भूखंड, जमीन, बैंक खातों में जमा रकम और दर्जनों व्यावसायिक वाहनों को कुर्क किया। इनमें बुलंदशहर के सिकंदराबाद में करीब 18 हजार वर्गमीटर जमीन, ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र में दो बड़े प्लॉट और 30 से अधिक भारी वाहन शामिल हैं।

**29 मुकदमे, गैंग पर 131 केस:** रवि काना के खिलाफ हत्या, डकैती, गैंगस्टर एक्ट, धोखाधड़ी, वसूली और संगठित अपराध समेत कुल 29 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं उसके गैंग के सदस्यों पर कुल 131 आपराधिक मामले पंजीकृत हैं।

**जमानत की शर्तें तोड़कर विदेश भागा:** पुलिस के मुताबिक रवि काना ने एक मामले में हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बावजूद शर्तों का उल्लंघन किया। पासपोर्ट जमा न कर जनवरी 2024 में विदेश चला गया। इसके बाद उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। अप्रैल 2024 में उसे दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संगठित अपराध और माफियाओं के खिलाफ आगे भी ऐसी ही कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## स्क्रैप माफिया रवि काना रिहाई मामला, बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव सस्पेंड

**नोएडा।** बांदा जेल से रिहा होते ही नोएडा का स्क्रैप माफिया रवि काना गायब हो गया। वहीं नोएडा में दर्ज वसूली के मामले में बी-वारंट के बावजूद स्क्रैप माफिया को बांदा जेल से रिहा किए जाने पर अदालत ने शुक्रवार को सख्त नाराजगी जताई थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं मुख्यालय ने बांदा जेल में तैनात जेलर विक्रम सिंह यादव को सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई 30 जनवरी 2026 को जारी आदेश के तहत की गई है।

आदेश के मुताबिक, विचाराधीन बंदी रविंद्र सिंह उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना, जो थाना सेक्टर-63 नोएडा के एक गंभीर आपराधिक मामले में वॉन्टेड था, उसे जिला कारागार बांदा से रिहा कर दिया गया। इस मामले में जेलर विक्रम सिंह यादव की भूमिका संदिग्ध पाई गई।प्रारंभिक जांच में यह माना गया कि उन्होंने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती है, जो उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के विपरीत है।

इसी आधार पर शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित की है। सस्पेंड रहने की अवधि में विक्रम सिंह यादव को जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा, लेकिन वे किसी अन्य सेवा, व्यवसाय या निजी कार्य में संलग्न नहीं हो सकेंगे।

**क्या है मामला:** गौरतलब है कि स्क्रैप माफिया रविन्द्र सिंह उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलाफ उगाही के मामले में तीन धाराओं में इसी वर्ष जनवरी में सेक्टर-63 थाने में मामला दर्ज किया गया था। वह पहले से ही अन्य मुकदमे में जिला कारागार बांदा में बंद था। इसी दौरान नोएडा पुलिस ने अदालत में पेश कराने के लिए बी-वारंट जारी कराया।

**'रिहाई के बाद आदेश आया':** बांदा जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम ने कहा कि बी-वारंट के तहत 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रवि काना को कोर्ट के सामने पेश कराया। कस्टडी को लेकर कोई आदेश नहीं आया तो उसे रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद आदेश मिला।

**बी वारंट का मतलब:** बी-वारंट का मतलब होता है कि आरोपी को हर हाल में अदालत के सामने पेश किया जाए। बी-वारंट की स्थिति में आरोपी को अदालत से स्पष्ट आदेश मिलने के बाद ही रिहाई मिल सकती है।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड: कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा धर्मपुरा गांव में हुए प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड को लेकर परिजनों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को मृतक के परिजनों ने सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। परिजनों का आरोप है कि घटना को दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे उन्हें न्याय मिलने में देरी हो रही है। मामले में परिजन ने जांच अधिकारी बदलने की मांग की है। धरने के दौरान परिजनों ने प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

परिजनों का कहना था कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। दरअसल खेड़ा धर्मपुरा गांव निवासी पवन प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। पवन की पत्नी ममता देवी ने बादलपुर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पति का गांव के ही श्याम सुंदर शर्मा से पैसे का लेन-देन था। जब भी पवन अपने पैसे मांगता था, श्याम सुंदर बहाने बनाकर टाल देता था।

इसी दौरान श्याम सुंदर के साथ उठना-बैठना बढ़ने पर मोहित, रिंकू और राकेश से भी पवन की जान-पहचान हो गई थी। ममता देवी के अनुसार 7 जनवरी को पवन ने एक बार फिर अपने उधार पैसे मांगे जिस पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इसके बाद 14 जनवरी को श्याम सुंदर की पत्नी हेमलता ने पवन को फोन कर बुलाया और कहा कि हिसाब-किताब कर उसके पैसे दिला दिए जाएंगे।

# दो पहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** रेकी कर दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने शनिवार को पर्दाफाश किया। सरगना और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया। इनसे चोरी की 11 मोटरसाइकिल और दो चाकू बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में सक्रिय दो शातिर वाहन चोर मौजूद हैं और वे किसी बड़ी वारदात की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

इनकी पहचान दिल्ली के गीता कॉलोनी निवासी मोहम्मद नौशाद उर्फ गोलू और एटा निवासी धीरज उर्फ बाबे के रूप में हुई। धीरज वर्तमान में नोएडा के सेक्टर-121 स्थित गणेश होम्स में किराए का कमरा लेकर रह रहा है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई वाहन चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर बरामदगी की गई। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की 11 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। ये सभी वाहन झाड़ियों और खाली प्लॉटों में छुपाकर रखे गए थे। पुलिस का दावा है कि बरामद मोटरसाइकिलों की कुल कीमत करीब 15 लाख रुपये के आसपास है। इसके साथ ही आरोपियों के पास से दो चाकू भी मिले हैं। वाहन चुराकर झाड़ियों में छिपाकर रखते थे गिरोह का सरगना मोहम्मद नौशाद 23 साल का है और अशिक्षित है। 21 वर्षीय धीरज सातवीं कक्षा तक पढ़ा है। आरोपी पहले इलाके में घूम-घूमकर रेकी करते थे। इसके बाद मौका मिलते ही मोटरसाइकिल चोरी कर लेते थे। वाहनों को तुरंत बेचने के बजाय झाड़ियों और सुनसान जगहों में छुपा देते थे, ताकि पुलिस की नजर से बच सकें। नोएडा और दिल्ली के थानों में दर्ज हैं मुकदमे पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी लंबे समय से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। मोहम्मद नौशाद के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं। धीरज उर्फ बाबे के खिलाफ भी पांच आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। इनमें वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के तहत केस शामिल हैं।

# एमएनसी में 300 को नौकरी का झांसा, पांच गिरफ्तार

## नोएडा पुलिस ने पकड़ा कॉल सेंटर, दिखाते थे मंत्रालय की आईडी, प्रोसेसिंग के नाम पर मांगते थे 25 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एमएनसी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर देशभर के बेरोजगार युवकों के साथ ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश शनिवार को फेज वन और साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने किया।

ठगी का कॉल सेंटर फेज वन थाना क्षेत्र के सेक्टर छह में संचालित हो रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने ठगी करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्ताार किया। उनके पास से लैपटॉप मोबाइल और विभिन्न मंत्रालय के फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। ये लोग अब तक करीब 300 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है। इनके पांच बैंक खातों में 10 लाख रुपए को फ्रीज किया गया। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने आज तक एक भी युवक को नौकरी नहीं दिलाई, बल्कि रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर हजारों रुपये ठगे। यह फर्जी कॉल सेंटर पहले नोएडा के सेक्टर दो में चल रहा था। आरोपी खुद को विभिन्न नामी कंपनियों और सरकारी मंत्रालयों जिसमें मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड इंप्लायमेंट की आईडी दिखाकर युवाओं का विश्वास जीतते थे।

**एनसीआरपी में दर्ज 25 शिकायत:** एनसीआरपी पोर्टल पर भी इस गैंग से जुड़ी 25 से अधिक शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी बेरोजगार युवाओं का डाटा विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल से जुटाते थे।



इसके बाद कॉल सेंटर से फोन कर खुद को एचआर मैनेजर या रिक्रूटमेंट एजेंसी का अधिकारी बताते थे। युवकों को भरोसे में लेने के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी लगवाने का दावा किया जाता था।

**25 हजार तक वसूलते थे पैसा:** आरोपी रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग चार्ज, दस्तावेज सत्यापन और ट्रेनिंग के नाम पर दो हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक वसूलते थे। रकम मिलने के बाद या तो कॉल बंद कर दी जाती थी या फिर नई-नई फीस के नाम पर और पैसे मांगे जाते थे। ठगी को असली दिखाने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की फर्जी आईडी, लेटरहेड और दस्तावेज का इस्तेमाल कर रहे थे।

**24 मोबाइल फोन बरामद:** इसके अलावा फर्जी बैंक खातों, चेकबुक, डेबिट और क्रेडिट कार्ड का भी उपयोग किया जा रहा था। आरोपियों के पास से पांच लैपटॉप,24 मोबाइल फोन,तीन फर्जी मोहर, 11 फर्जी भारत श्रम विभाग की आईडी और 19 डेबिट/क्रेडिट/पैन व अन्य कार्ड बरामद हुए हैं।

**तीस हजार में लिया था फ्लोर:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ठगी के लिए गिरोह के सरगना ने 30 हजार रुपए महीने के हिसाब से सेक्टर छह में एक फ्लोर किराए पर लेकर रखा था। इसी जगह पर ठगी के लिए पूरा सेटअप तैयार किया गया था। बेरोजगार युवकों को जो लोग कॉल करते थे उन्हें भी ठगी की पूरी जानकारी थी। इसके एवज में उन्हें सैलरी के साथ मोटा कमीशन भी मिलता था। सरगना सभी कर्मचारियों को रोजाना एक लक्ष्य देता था जिसे उन्हें पूरा करना होता था।

**हरियाणा और दिल्ली के हैं आरोपी:** आरोपियों की पहचान हरियाणा के गुरुग्राम निवासी 32 साल के दुर्गेश कुमार और 29 साल सोनू कुमार, दिल्ली के उत्तम नगर निवासी 29 साल पुनीत सिंह, सहारनपुर निवासी 24 साल अमन शर्मा और और बिहार के सिवान निवासी आलोक के रूप में हुई है। दुर्गेश ही गिरोह का सरगना है। सभी आरोपी वर्तमान में नोएडा के अलग-अलग जगह पर किराए पर फ्लैट और कमरा लेकर रह रहे हैं।

## एक नजर

### दलित प्रेरणा स्थल पर आपत्तिजनक नृत्य का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर कथित आपत्तिजनक नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गोलचक्कर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कुमार की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है।

थाना फेस-1 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि 30 जनवरी को वायरल हुए वीडियो में पांच से छह महिला व पुरुष दलित प्रेरणा स्थल पर कथित आपत्तिजनक नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर इस तरह का आचरण गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पांच से छह अज्ञात महिला और पुरुष के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

### नाले में गिरे युवक को निकाला

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** नोएडा पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने नाले में गिरे एक युवक को बचा लिया। तत्काल दमकल की टीम मौके पर पहुंची। सीढी लगाई गई और रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब 15 से 20 मिनट में व्यक्ति को बाहर निकाला। इसका एक वीडियो भी सामने आया है।

थाना फेज-3 पुलिस ने बताया कि शब्बीर सेक्टर-71 की झुग्गियों में एक परिवार के यहां आता-जाता रहता था। शनिवार को भी वो वहां आया। लेकिन व्यवहार गलत लगने पर परिजनों ने चिल्ला दिया। जिसके बाद वहां लोग एकत्रित हो गए। लोगों को देखकर व्यक्ति भागने लगा। इस दौरान इसका पैर फिसल गया और नाले में गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर दमकल और पुलिस की टीम पहुंची। उन्होंने 15 से 20 मिनट में व्यक्ति को बाहर निकाला। वो बिल्कुल स्वस्थ्य है।

### बिल्डरों की मांग, रियल एस्टेट सेक्टर को मिले उद्योग का दर्जा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रविवार को पेश होने वाले बजट से बिल्डरों को भी बहुत उम्मीद हैं। बिल्डरों का कहना है कि उद्योग का दर्जा देने, होम लोन पर ब्याज कटौती को 2 से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जाना जरुरी है इससे जिले में रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी आएगी। बिल्डरों का कहना है कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा के रियल एस्टेट सेक्टर को अफोर्डेबल हाउसिंग, होम लोन पर टैक्स राहत और नियामक सुधारों से बड़ी उम्मीदें हैं। बढ़ती निर्माण लागत और ऊंची ब्याज दरों के बीच बिल्डर चाहते हैं कि ऐसा बजट पेश किया जाए जिससे मांग बढ़े एवं अटकी परियोजनाओं को गति मिल सके।

क्रेडाई पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि अफोर्डेबल और मिड-इनकम हाउसिंग पर बजट में खास ध्यान दिया जाना चाहिए। होम लोन ब्याज दर पर 80 सी और 24 बी में राहत, फंसी परियोजनाओं के लिए आसान फंडिंग और विकास प्राधिकरणों के लंबित बकाया के समाधान से सेक्टर को मजबूती मिलेगी। हीरो रियल्टी के सीईओ रोहित किशोर का कहना है कि नोएडा का रियल एस्टेट सेक्टर एक अहम मोड़ पर है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चालू होने, एक्सप्रेसवे और मेट्रो के विस्तार से बेहतर कनेक्टिविटी के कारण यह क्षेत्र पहले से ही हाई-ग्रोथ वाला आवासीय और व्यावसायिक कॉरिडोर बन गया है। उन्होंने कहा कि होम लोन पर ब्याज ब्याज कटौती की सीमा को 2 से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जाना जरुरी है। निराला वर्ल्ड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश गर्ग ने कहा कि बजट से सबसे बड़ी उम्मीदें रियल एस्टेट को उद्योग का दर्जा देने की है। उद्योग का दर्जा मिलने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बिल्डर को कम ब्याज दर पर लोन मिल सकेगा।

### इटैहरा में 33 केवी सबस्टेशन की बढ़ेगी क्षमता

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए यह राहत की खबर है। इटैहरा स्थित 33 केवी बिजलीघर में 10 एमवीए क्षमता का एक और ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। इसे 220 केवी सबस्टेशन जलपुरा से जोड़ा जाएगा। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बिजलीघर का जायजा लिया और दो सप्ताह में इसे ऊर्जीकृत करने के निर्देश दिए। जलपुरा से इटैहरा बिजलीघर तक लाइन डालने का काम लगभग पूरा हो गया है। इस कार्य को पूरा करने में लगभग 8 करोड रुपए खर्च हुए हैं। 10 एमवीए क्षमता बढ़ने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए बिजली आपूर्ति और बेहतर हो जाएगी। बिजली घर के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक अश्विनी चतुर्वेदी, प्रबंधक अनोज कुमार आनंद और सहायक प्रबंधक मनोज कुमार मौजूद रहे। दोनों वरिष्ठ अफसरों ने सेक्टर ईकोटेक- 3 स्थित 20 एमएलडी एसटीपी में चल रहे मेंटेनेंस और संचालन के कार्यों का भी जायजा लिया। शोधित जल के पैरामीटर बीओडी, सीओडी, टीएसएस, टीएन और पीएच फैक्टर आदि पैरामीटर की रिपोर्ट को भी जांचा। सभी पैरामीटर मानकों के अनुरूप मिले। एसटीपी परिसर में उद्यान वह बिल्डिंग के रखरखाव के कार्य भी प्रगतिरत प्राप्त हुए। क्लोरिनेशन भी 5.0 पीपीएम पाया गया।

# निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के तहत दस्तावेज का सत्यापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** 01 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त प्रपत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों का सत्यापन अत्यंत सावधानी, पारदर्शिता तथा समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता निर्वाचन प्रक्रिया की मूल आधारशिला है, अतः इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत नोटिस की सुनवाई के दौरान निर्वाचकों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों का गहन परीक्षण एवं प्रमाणिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। प्रत्येक प्रकरण में तथ्यों का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए अभिलेखों की प्रमाणिकता की जांच की जाए तथा प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर अभिलेखों को जिला निर्वाचन कार्यालय में यथाशीघ्र प्रेषित किया जाए, जिससे कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से वंचित न रह जाए।

बैठक में उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारूल यादव, वेद प्रकाश पांडेय, विवेक भदोरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकम सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## टेंपो पलटने से युवक की मौत, दोस्त घायल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में एक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हुआ है। इस मामले में मृतक युवक की मां ने टेंपो चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विजयनगर गाजियाबाद की रहने वाली महिला कृष्णा रानी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कृष्णा ने पुलिस को बताया की 11 दिसंबर 2025 को उसका बेटा राहुल अपने दोस्त विनोद के साथ एक टेंपो में सवार होकर ग्रेनो वेस्ट से गाजियाबाद की तरफ आ रहे थे।

बिसरख कोतवाली क्षेत्र में तिगड़ी गोल चक्कर के समीप चालक ने तेज व लापरवाही से टेंपो को चलाते हुए उसे पलट दिया। हादसे में राहुल की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त विनोद घायल हुआ है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब इस मामले में राहुल की मां कृष्णा ने बिसरख कोतवाली में आरोपी टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## चार दिन चलेगा फ्लावर शो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-33ए स्थित चिल्ड्रन पार्क में चार दिन के लिए फ्लावर शो आयोजित किया जाएगा। शो में प्रवेश करते ही केदारनाथ मंदिर के दर्शन होंगे। जिसे फूलों से बनाया जाएगा।

ये मंदिर 30 फीट लंबा और 40 फीट ऊंचा बनाया जाएगा। जिसे गुलाब के कई प्रजातियों के फूलों से सजाया जाएगा। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 68 लाख रुपए है।।इसके अलावा शो में भगवान शंकर त्रिशूल और डमरु भी बनेगा। जिसकी तीन फीट हाइट होगी। फ्लावर शो का प्रवेश द्वारा आकर्षक बनाया जाएगा। जिसे प्राचीन मंदिर के भव्य गेट का लुक देंगे। ये गेट करीब 22 फीट चौड़ा और करीब 25 फीट ऊचा बनाया जाएगा। जिसे अलग-अलग रंग के गुलदाउदी से सजाया जाएगा। इसको बनाने में करीब 7 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। शो के पाथ वे को आकर्षक बनाने के लिए साइड बास्केट कांसेप्ट लाया जा रहा है। ये पहली बार होगा। पाथ के दोनों ओर करीब 7 फीट में पांच सेट लगाए जाएंगे। गुलाब और गुलदाउदी से सजाया जाएगा। इसके अलावा दूसरे प्रवेश द्वार भी और फूलों से बनाए जाएंगे।

**चार दिन चलेगा फ्लावर शो:** फ्लावर शो का आयोजन 19 फरवरी से 22 फरवरी तक होगा। इस दौरान पेड़ पौधों की जानकारी भी दी जाएगी। कई प्राचीन पेड़ों के अलावा अलग-अलग संस्थान की गार्डेनिंग भी यहां होगी। जिनको अंतिम दिन पुरस्कृत किया जाएगा।

**1200 प्रजातियों को किया जाएगा शामिल:** इस बार फ्लावर शो में करीब 1200 प्रजातियों के पुष्पों को रखा जाएगा। विदेशी के साथ देशी ब्रीड के पौधों को शामिल किया जा रहा है। 60 से ज्यादा नर्सरी और बच्चों के मनोरंजन और फूड कोर्ट भी यहां बनाया जाएगा। जिसमें लोग मनोरंजन कर सकेंगे। शो में किसी प्रकार का टिकट नहीं होगा।

# इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से पांच लाख के सामान की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से करीब पांच लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। यह घटना लगभग पांच दिन पहले हुई थी, जिसमें चोर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। हालांकि, अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है और पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में अब तक केस दर्ज नहीं किया है। बिलासपुर निवासी सुशील का कस्बे में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। 27 जनवरी की रात को वे दुकान बंद कर घर गए थे। अगली सुबह, 28 जनवरी को जब वे दुकान पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि अंदर सामान बिखरा हुआ था और छत टूटी हुई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चोर शोरूम से लगभग पांच लाख रुपये के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुरा ले गए थे। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे की डिजिटल रिकॉर्डिंग वीडियो (क्त्ट) भी अपने साथ ले गए थे। हालांकि, पीड़ित दुकानदार ने एक अन्य क्त्ट छुपाकर रखी हुई थी, जिसकी जानकारी चोरों को नहीं थी। इस फुटेज में करीब दो आरोपी शोरूम के अंदर और एक आरोपी बाहर रेकी करता हुआ दिखाई दे रहा है।

पीड़ित परिवार ने दनकौर कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी थी। उनका कहना है कि पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। वहीं, पुलिस का दावा है कि वे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे।

# पुलिस ने 12 लाख के मॉल समेत चार पकड़े

## 15 लैपटॉप , 4 मोबाइल फोन बरामद, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद थे टारगेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज-3 पुलिस ने एक गैंग के चार बदमाशों को पकड़ा है। इनके पास से 12 लाख की कीमत का सामान मिला है। इसमें 15 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन और दो बाइक मिली है। ये लोग गैंग बनाकर दिल्ली , नोएडा और गाजियाबाद से लैपटॉप , मोबाइल चोरी करते है। पुलिस अन्य राज्य और जनपद से इनकी जानकारी ले रही है।



डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इनके नाम आमिर खान उर्फ कालू निवासी गढ़ी चौखण्डी नोएडा, उम्र करीब 23 साल और 9वीं तक पढ़ा है। इसी तरह योगेन्द्र चौहान उर्फ लंका निवासी बहलोलपुर नोएडा उम्र करीब 25 साल और 12वीं तक पढ़ा है। अभिषेक कुमार निवासी गढ़ी चौखंडी नोएडा उम्र करीब 23 साल 11वीं तक पढ़ा है। अर्जुन निवासी सरिता विहार, दिल्ली है। उम्र करीब 38 साल है। पढ़ा लिखा नहीं है।

डीसीपी ने बताया कि ये लोग गैंग बनाकर चोरी करते है। ये लोग पहले टारगेट फिक्स करते है इसके बाद एक ध्यान भटकाता है और दूसरा लैपटॉप या मोबाइल चोरी कर फरार हो जाता है। ये लोग चोरी किए गए मॉल आमिर को बेचते है। आमिर की इलेक्ट्रानिक्स का काम करता है। जिससे जो पैसा मिलता है उसे आपस में बांट लेते है। इन पैसों से मौज मस्ती करते है।

**बंद घर थे टारगेट:** दिल्ली एनसीआर की सोसाइटी और सेक्टर में ये घूम कर रैकी करते है। एक बार जानकारी पुष्ट होने पर कि घर बंद है उसके बाद ताला तोड़कर उसमें रखा सामान और लैटपॉट चोरी करते है। इसके बाद उसे अपने साथी को बेच देते है।

# औद्योगिक पार्कों में भूखंडों की योजना लाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना प्राधिकरण यीडा सिटी के औद्योगिक पार्कों में खाली पड़े भूखंडों की योजना लाने की तैयारी में है। साथ ही कुछ जमीन भी खरीदी जानी है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद योजना शुरू की जाएगी। अधिकारी के मुताबिक यीडा सिटी में एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क, अपैरल पार्क आदि औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्कों में अभी कुछ भूखंड खाली पड़े हैं। सर्वेक्षण कर ऐसे भूखंड चिन्हित कर लिए गए हैं।

इन सेक्टरों में बाकी बची जमीन किसानों से खरीदने का काम पूरा होने के बाद योजना शुरू की जाएगी। वहीं मेडिकल डिवाइस पार्क में 22 भूखंडों की योजना निकाली गई है। एसीईओ शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में भूखंडों की योजना निकाली गई है,जिसमें आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। गांव पैगानगरी उर्फ नगरिया भगत निवासी 30 वर्षीय जोगेश उर्फ जोगी पटेल की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।



परिजनों के अनुसार जोगेश पटेल रामपुर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे और रोजगार के सिलसिले में वहीं रहते थे। बीते दिन वह रोडवेज बस से घर लौट रहे थे। नल नगरिया चौराहे के पास बस से उतरते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। हालांकि हालत नाजुक होने के कारण शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की पहचान की जा सके।इस हादसे में जोगेश की पत्नी चित्रा देवी और दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं और हर आंख नम दिखाई दे रही है।

# पुलिस पर फायर करने वाला हिस्ट्रीशीटर दबोचा

■ **तौकीर और अनीस से मिला था ये निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आई लव मुहम्मद विवाद के बाद शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फरार चल रहे शातिर मजारिया हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया। बवाल के आरोपी हिस्ट्रीशीटर सुभान ने पार्षद अनीस सकलैनी के उकसाने पर पुलिस पर फायरिंग की थी।

शुक्रवार को पुलिस मुखबिर की सूचना पर बारादरी पुलिस पीलीभीत बाइपास रोड स्थित सम्राट अशोकनगर जाने वाले रास्ते पर पहुंची तो अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ मजारिया हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन निवासी किशोर बाजार तिराहा सिविल लाइन, थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन ने पुलिस को बताया कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां से उसकी जान पहचान है। उसको इस्लामिया ग्राउंड में धरना प्रदर्शन के लिए तौकीर रजा खां ने बुलाया था।

लिहाजा उसने इस्लामिया ग्राउंड पहुंचने की कोशिश में पुलिस के रोकने पर फायरिंग की थी। बवाल से एक दिन पहले रात को सुभान की मुलाकात चक महमूद के पार्षद अनीस सकलैनी से हुई। अनीस ने निर्देश दिया कि किसी भी सूरत में इस्लामिया पहुंचना है। भले ही पुलिस रोके मगर जबरदस्ती पहुंचना होगा। कुछ लोग ईंट पत्थर, एसिड की बोतल, पेट्रोल बम तो कुछ हथियारों के साथ रहेंगे। सुभान पर भरोसा जताते हुए अनीस ने तमंचा और कारतूस भी दिए।

बवाल वाले दिन पुलिस ने इस्लामिया जाने से रोका तो वह भी भीड़ में शामिल था। लिहाजा उसने भी दो से तीन राउंड फायर किए। बवाल के बाद से वह फरार था। जब खर्चा नहीं चल सका तो बरेली लौटकर आ गया।

साथियों से उधार को लेकर विवाद हुआ था, तो पुलिस पुलिस खोजते हुए पहुंची तो घर छोड़कर फरार हो गया। वह अजमेर भागने की फिराक में था मगर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## एक नजर

### मीरगंज में हनुमान मंदिर पर सुन्दर कांड व हवन यज्ञ, प्रसाद वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मढ़ी सत्याना स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर शनिवार को सुंदरकांड एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जन समुदाय ने हवन में आहुति दी। हवन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।बता दें कि मीरगंज के मढ़ी सत्याना पर प्राचीन हनुमान मंदिर है। शनिवार को मीरगंज के मोहल्ला रतनपुरी के रहने वाले रघुवीर गुप्ता ने अपने पुत्र वरुण गुप्ता के साथ मंदिर परिसर में सुंदरकांड एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया। मीरगंज के पंडित राज किशोर शर्मा तथा सिधौली के विनय कुमार शर्मा ने हवन यज्ञ ने पुरोहित की भूमिका निभाई। सुंदरकांड एवं हवन यज्ञ उपरांत प्रसाद वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जन समुदाय ने प्रसाद ग्रहण किया।

### ईको कार की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**पैर काटना पड़ा, चालक पर मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव शीशमखेड़ा निवासी मोनिस खां पुत्र गौर खां 18 जनवरी की शाम अपने मित्र फिरोज के साथ सिरौलीख्रमीरगंज रोड पर प्याऊ की पुलिया के पास सड़क किनारे कच्चे में बाइक खड़ी कर खड़े थे। इसी दौरान शाम करीब छह बजे तेज रफ्तार ईको कार ने दोनों को टक्कर मार दी।

हादसे में मोनिस व फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।घायलों को तत्काल सीएचसी भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन मोनिस को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां 28 जनवरी को डॉक्टरों को उसका दाहिना पैर घुटने के ऊपर से काटना पड़ा। वहीं घायल फिरोज का उपचार अभी भी चल रहा है। मोनिस के भाई उमर की तहरीर पर पुलिस ने ईको कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### सोशल मीडिया से बिगड़ते पारिवारिक रिश्ते, एक घटना ने खड़ा किया सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** आधुनिक दौर में सोशल मीडिया जहां संवाद का सशक्त माध्यम बना है, वहीं इसके दुरुपयोग से पारिवारिक रिश्तों में तनाव की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना ने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है। यहां शादी के करीब 16 वर्ष बाद तीन बच्चों का पिता सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में आई एक महिला के साथ घर छोड़कर चला गया, जिससे दो परिवार प्रभावित हुए हैं।थाना क्षेत्र के गांव अंबरपुर निवासी किरन पत्नी करन सिंह ने बताया कि उनका वैवाहिक जीवन सामान्य रूप से चल रहा था। उनके तीन बच्चे हैं। आरोप है कि उनके पति का सोशल मीडिया के जरिए एक अन्य महिला से संपर्क बढ़ा, जिसके बाद चार जनवरी को वह पत्नी और बच्चों को छोड़कर चला गया। पीड़िता ने मीरगंज पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# जन्मदिन समारोह में पहुंचे पिता से दबंग ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव में बेटी की ससुराल आए पिता के साथ मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र की बस्ती प्रभातनगर निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक दबंग ने गाली-गलौज करते हुए उनकी कार तोड़ दी और आग लगाने का प्रयास किया।

पीड़ित अपनी पुत्री की ससुराल ग्राम बरखन में उसके बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 18 जनवरी की रात करीब 8 बजे परिवार सहित चार पहिया वाहन से पहुंचे थे। उन्होंने वाहन को पास की खाली जगह में खड़ा कर दिया और बेटी के घर चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद गांव का ही एक युवक वहां पहुंचा और गंदी-गंदी गालियां देने लगा। उसने जमीन को अपनी बताते हुए जबरन वाहन हटाने को कहा। पीड़ित द्वारा अनजाने में गलती होने और वाहन तुरंत हटाने की बात कहने पर युवक और अधिक उग्र हो गया और वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे कार का अगला शीशा टूट गया। इतना ही नहीं, आरोपी ने माचिस निकालकर कार में आग लगाने का भी प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे रोका। बीच-बचाव के दौरान आरोपी ने पीड़ित पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनके शरीर पर कई चोटें आईं। आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट बरखन के लालता प्रसाद पुत्र डालचंद के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

# एक दिन पहले हुई मौत से नहीं लिया कोई सबक

■ **जेपीएन खेल मैदान पर युवकों ने ट्रैक्टरों से किया खतरनाक स्टंट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर रील बनाते समय शुक्रवार को एक युवक की हुई दर्दनाक मौत के अगले दिन भी युवकों कि लापरवाही और स्टंटबाजी का सिलसिला थमता नजर नहीं आया। सोमवार को एक नामचीन स्कूल के छात्र फेयरवेल पार्टी में शामिल होने से पहले कस्बे के जेपीएन कॉलेज के मैदान में ट्रैक्टरों से खतरनाक स्टंट करते दिखाई दिए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्र ट्रैक्टरों को तेज रफ्तार से घुमाते हुए मैदान में चक्कर काट रहे थे और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में जोखिम भरे करतब दिखा रहे थे।

इसी दौरान एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेल मैदान की पुलिया पर चढ़ गया और वहीं धंस गया। ट्रैक्टर फंसते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि फंसे ट्रैक्टर को बाहर निकालने के लिए कई अन्य ट्रैक्टरों की मदद लेनी पड़ी।

काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को बाहर निकाला जा सका। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई छात्र या राहगीर उसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई , लेकिन तब तक स्टंट करने वाले छात्र वहां से जा चुके थे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि वीडियो फुटेज और स्थानीय लोगों की मदद से स्टंट करने वालों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने इनके खिलाफ कार्यवाही की तैयारी कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब एक दिन पहले ही स्टंट करने के मामले में एक युवक की जान जा चुकी है, तब भी स्टंटबाजी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। लोगों ने प्रशासन से सार्वजनिक स्थलों और शैक्षणिक परिसरों में इस तरह के खतरनाक कृत्यों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# छह माह से बन्द स्कूल खोले जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के गांव जादौपुर का प्राथमिक विद्यालय पिछले 6 माह से बन्द पड़ा है। बन्द विद्यालय को खोले जाने की मांग को लेकर सामाजिक संस्था पैनी नजर द्वारा कई बार तहसील प्रशासन को ज्ञापन दिए गए लेकिन तहसील प्रशासन ने इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की।



तहसील प्रशासन द्वारा 6 माह से बन्द पड़े स्कूल के साथ ही ग्राम के छात्रों की पढ़ाई को लेकर कोई कार्यवाही न किए जाने से लोगों में खासी नाराजगी है। गुजरी 27 जनवरी को सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार द्वारा एस डी एम उदित पवार को सौंपे गए ज्ञापन में बन्द पड़े स्कूल को तत्काल खुलवाए जाने की मांग की। साथ ही बन्द पड़े स्कूल को न खोले जाने पर दो फरवरी को तहसील परिसर में छात्रों की क्लासें लगाए जाने की चेतावनी भी दी थी। इस मामले में एड सुनीता गंगवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह शनिवार को एस डी एम के कहने के मुताबिक बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी मिली थी जिस पर उन्होंने मामला एसडीएम के ऊपर डाल दिया। उन्होंने बताया कि तहसील प्रशासन की उदासीनता के चलते इस मामले में कोई अमल नहीं किया जा रहा है को कि दुर्भाग्य पूर्ण है। स्थानीय प्रशासन को ग्राम के छात्रों के भविष्य को लेकर भी कोई चिन्ता नहीं है जिसको लेकर पैनी नजर 2 फरवरी को तहसील परिसर में छात्रों की क्लासें लगाएगी। उन्होंने छात्रों के साथ ही सभी अभिभावकों से सोमवार 2 फरवरी को तहसील परिसर पहुंचने की अपील की है।

# मतदाता सूची अपडेट को चला विशेष अभियान

■ **1024 नए वोटरों ने कराया पंजीकरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी बूथों पर बीएलओ तय समय पर मौजूद रहे और मतदाताओं से आवेदन स्वीकार किए गए।



अभियान के दौरान पहली जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले कुल 1024 युवाओं ने नए मतदाता के रूप में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरा, जिनमें 14 युवाओं ने ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया। वहीं मृतक एवं दोहरे नामों को हटाने के लिए 15 लोगों ने फार्म-7 जमा किया, जबकि मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के लिए 140 आवेदन फार्म-8 के माध्यम से प्राप्त हुए। एसडीएम आलोक कुमार ने पैगानगरी, हुरहुरी, दियोसास, चुरई दलपतपुर, गुगई और मनकरा गांवों के बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने सतुईया पट्टी, सतुईया खास और मंसूरगंज समेत अन्य गांवों में पहुंचकर बीएलओ को निर्देश दिए कि पात्र युवाओं को जागरूक कर अधिक से अधिक नए नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाएं।

## नाबालिग छात्रा के साथ मारपीट दो युवकों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता कक्षा 10 की छात्रा है, जो प्रतिदिन अपने गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक इंटर कॉलेज में पढ़ने जाती है।

आरोप है कि गांव के ही दो युवक उसे लंबे समय से परेशान कर रहे थे। बीते मंगलवार शाम करीब 6 बजे, जब छात्रा गांव के मेले से सब्जी लेकर घर लौट रही थी, तभी आरोपितों ने रास्ते में एक सुनसान स्थान पर उसे जबरन खींच लिया। वहां दोनों ने मिलकर छात्रा के साथ बेरहमी से मारपीट की। छात्रा के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नाबालिग लड़की संग दुष्कर्म में दोषी को 10 वर्ष कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नाबालिग लड़की (16) को ले जाने के उपरांत दुष्कर्म करने के 10 वर्ष पूर्व के मामले में आरोपी थाना देवरनियां क्षेत्र निवासी दीनदयाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने 10 वर्ष कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी।

पीड़िता के पिता ने थाना देवरनियां में तहरीर देकर बताया था कि 21 मई 2015 की रात लगभग 1 बजे दीनदयाल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता ने अपने बयान में दीनदयाल द्वारा पीलीभीत के एक गांव मे ले जाकर दुष्कर्म करने की बात कबूली। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये। नाबालिग लड़की (14) के घर में 5 वर्ष पूर्व घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी थाना कैंट क्षेत्र निवासी शिलेन्द्र को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हेमेंद्र कुमार सिंह ने 3 वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी। इसके अलावा 20 हजार रुपये सरकारी योजना के तहत भी दी जायेगी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि 11 दिसम्बर 2020 को शिलेन्द्र उसके घर दूध लेने आया। घर पर पुत्री को अकेला देखकर गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ कर खींच लिया। वह जोर से चिल्लाई, शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए, जिन्हें देखकर शिलेन्द्र वहां से भाग गया। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये।

## बड़े बकायेदारों की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नगर निगम का संपत्ति कर विभाग 400 बड़े बकायेदारों के बैंक खातों की डिटेल जुटा रहा है। सभी को नोटिस देकर संपत्तियों के कुर्क करने और बैंक खाते को सीज करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बकाया टैक्स वसूल किया जा सके।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि बकाया कर न चुकाने वाले यह संपत्ति जोन एक से लेकर जोन चार में शामिल हैं। रिकार्ड के अनुसार इन 400 बड़े बकायेदारों पर 33 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। इन्हें रकम जमा कराने को नोटिस जारी किया जा रहा है। इन बड़े बकायेदारों के बैंक खातों का नगर निगम पूरा ब्योरा जुटा रहा है, ताकि समय रहते बकायेदारों से हाउस टैक्स वसूल किया जा सके। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि संपत्ति कर विभाग ऐसे लोगों की सूची बना रहा है, जिन्होंने चार साल या उससे अधिक समय से हाउस टैक्स जमा नहीं किया है।

# बीस करोड़ के जीएसटी फ्रॉड का मास्टरमाइंड गाजियाबाद से दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** क्राइम ब्रांच और बिथरी चैनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी फर्म और कूटरचित दस्तावेज के सहारे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की चपत लगाने वाले गिरोह के मुख्य साजिशकर्ता मेरठ के योगेश शर्मा को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। योगेश पर लगभग 20 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने का आरोप है। जांच में पता चला है कि गिरोह खाली ट्रकों और नकली कागजों के सहारे माल की सप्लाई दिखाता था, लेकिन वास्तविक लेनदेन कहीं नहीं होता था।



पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी योगेश मेरठ के ग्राम छजुपुरा का रहने वाला है। जांच में सामने आया है योगेश ने अपने साथियों मनीष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (निवासी बरेली), अपर्णा अग्रवाल और आदी उर्फ युगांश बिसारिया के साथ मिलकर बरेली में "श्री श्याम ट्रेडर्स" नाम की फर्जी फर्म बनाई थी। सिर्फ इसी एक फर्म के जरिये करीब 14 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा पहुंचाया गया। इस मामले में राज्य कर अधिकारी अविनाश दीक्षित ने बिथरी चैनपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। एसआईटी के मुख्य विवेचक निरीक्षक संजय कुमार धीर ने बताया कि गिरोह के एक अन्य सदस्य गौरव अग्रवाल को 25 जनवरी को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब योगेश की गिरफ्तारी के बाद पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और हवाला कारोबारियों की तलाश में जुट गई है। योगेश के पास से पुलिस ने जो मोबाइल फोन बरामद किया है, इसमें भारी मात्रा में फर्जी इनवॉइस, ई-वे बिल और व्हाट्सएप चौट मिली है। चौट से पता चला है कि यह गिरोह देश के विभिन्न राज्यों में अपनी फर्जी फर्मों का जाल फैलाए हुए था। मोबाइल डेटा इतना अधिक है कि अब पुलिस इसका फॉरेंसिक टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है।

पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह जीएसटी फ्रॉड गिरोह केवल कागजों का खेल खेल रहा था, असल में माल की सप्लाई बिल्कुल नहीं होती थी। दस्तावेजों में सब कुछ दिखाया जाता, ट्रकों के रूट, ई-वे बिल और इनवॉइस बनाए जाते, लेकिन वास्तविक में गाड़ियां खाली चलती थीं और माल कहीं नहीं जाता था। ऐसे नकली रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज बनाने के लिए गिरोह किराये की दुकानों का इस्तेमाल करता था, फिर कुछ समय बाद उनका पता बदल देता था, ताकि विभाग की निगाहों से बचा जा सके। नकदी और फर्जी लेनदेन के पैसों को ठिकाने लगाने के लिये हवाला नेटवर्क का सहारा लिया जाता था, जिससे पैसा अंततः कई हाथों से गुजरकर वापस प्राप्त किया जाता था।

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य के निर्देशन में गठित क्राइम ब्रांच की टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन और साइबर एनालिसिस के आधार पर योगेश शर्मा को ट्रेस किया। पुलिस ने उसे गुरुवार देर शाम गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडीपी सवाना अपार्टमेंट के गेट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक योगेश पिछले कई सालों से इस संगठित अपराध को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तारी वाली टीम में क्राइम ब्रांच के मुख्य विवेचक संजय कुमार धीर, बिथरी थाने के सहायक विवेचक इन्तजार हुसैन, सर्विलांस सेल से उप निरीक्षक सतेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, विकास कुमार और अंकुर शर्मा शामिल है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि विवेचना के दौरान जुटाए गए तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल डेटा और हवाला इनपुट की जांच के आधार पर सामने आया है कि यह गिरोह कई जिलों और राज्यों में फर्जी कंपनियों के माध्यम से जीएसटी में भारी धोखाधड़ी कर रहा था। इसके नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे सिंडीकेट की गहराई तक पहुंच बनाई जा रही है। आरोपी के अन्य सहयोगियों की पहचान के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। जांच एजेंसियों का लक्ष्य ऐसे संगठित आर्थिक अपराधों को जड़ से खत्म करना है और ऐसे नेटवर्कों को तोड़ना है जो जीएसटी प्रणाली का दुरुपयोग कर सरकार को नुकसान पहुंचाते हैं।

# एनजीटी के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा प्रशासन

**पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामला गरमाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में एक मकान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के मामले में मृतक और घायलों को मुआवजा देने के एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की तैयारी तेज हो गयी है।

जिला प्रशासन एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के जरिए याचिका दाखिल करेगा। नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला को एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के पास प्रकरण से संबंधित पत्रावली लेकर भेजा गया है ताकि स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल की जा सके। थाना सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में 2 अक्टूबर 2024 की दोपहर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। इसमें रहमान शाह व उनकी पत्नी छोटी बेगम घायल हुए थे। उनके परिवार के छह सदस्यों में तबस्सुम, निखत उर्फ नीना, शहजान, हरसान, सितारा, फातिमा व पड़ोस की महिला रुखसाना की मौत हो गयी थी। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित विस्फोट की खबर के मामले का स्वतः संज्ञान लेकर वाद दर्ज करते हुए जिला प्रशासन को नोटिस भेजकर प्रकरण की जानकारी मांगी थी। एनजीटी ने 18 फरवरी 2025 को आदेश सुनाते हुए कहा कि राज्य पीड़ितों को मुआवजा देने की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।

पीड़ितों को तत्काल राहत की आवश्यकता है। आदेश में न्यायाधिकरण ने यह माना था कि मृतक पीड़ितों में से प्रत्येक के लिए मुआवजे की राशि 20 लाख रुपये होनी चाहिए। 50 प्रतिशत से अधिक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 15 लाख रुपये, 25 से 50 प्रतिशत तक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 10 लाख रुपये और 5 से 25 प्रतिशत तक चोट लगने वाले व्यक्तियों के लिए 5 लाख रुपये और मामूली जलन या साधारण चोटों के घायलों को 2 लाख का भुगतान करने की बात कही थी। एनजीटी द्वारा विभिन्न जनपदों में अवैध पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के दृष्टिगत विभिन्न वादों में जारी निर्देशों के अनुपालन को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 22 सितंबर 2025 को बैठक हुई थी। मुख्य सचिव ने प्रकरणों में एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के बरेली सहित संबंधित जनपदों को निर्देश जारी किए। मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की कार्रवाई जिला प्रशासन के स्तर से करायी जा रही है।

मुख्य सचिव के निर्देश पर एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम सिटी को नामित किया है।

डीएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकार्ड रूचिरा गोयल को पत्र भी भेजा गया है, जिसमें बताया कि प्रकरण से संबंधित पत्रावली लेकर नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला को भेजा जा रहा है। प्रकरण में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की बात कही।

## बैंक कर्मी बनकर युवक के खाते से ठग ने उड़ाए 3. 29 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** ठग ने खुद को बैंक कर्मी बताकर एक युवक से 3.29 लाख रुपये ठग लिए। प्रेम नगर पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रजलोक कॉलोनी निवासी मुरली मनोहर अग्रवाल ने बताया कि 24 जनवरी को उसके पास पीएनबी बैंक एक्शन का लिंक आया। उसके बाद एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम राजेश मिश्रा बताते हुए खुद को बैंक कर्मी बताया। कॉल करने वाले ने उससे डेबिट कार्ड व अन्य डिटेल ले ली। एक-एक लाख रुपये की तीन फिक्स डिपाजिट को बंद कराकर खाते से रुपये उड़ा लिए गए। कुल 3.29 लाख रुपये की ठगी उसके साथ हुई। पीड़ित ने कॉल करने वाले राजेश मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# स्कूलों में छात्राओं के लिए बनेंगे अलग शौचालय

## डीएम जसजीत कौर ने दिए निर्देश, ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्कूल में बालिका छात्राओं के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था करें। साथ ही उसमें पानी की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।



जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि संपूर्णता अभियान-0.2 के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग सहित जिन विभागों के इंडिकेटर अद्यतन नहीं है, तत्काल उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता करना न बरतें। उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्वयं समस्त विद्यालयों में एकेडमिक भ्रमण करना सुनिश्चित करें तथा जहां भी कोई कमी पाई जाती है, तो उस कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन स्कूलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण कर अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब की मॉनिटरिंग करें तथा यह भी देखना सुनिश्चित करें कि लैब में कितने कंप्यूटर हैं और कितन ठीक प्रकार से संचालित हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी कंप्यूटर लैब में कोई समस्या उत्पन्न हो रही हो, तो तत्काल उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के निर्धारित मानकों स्वच्छ पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैंप, खेल सामग्री, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना, डीसी मनरेगा सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं खंड शिक्षा शिक्षा अधिकारी मौजूद थे।

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन



**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी के परिसर में यूनिवर्सल ह्यूमन वेल्यू विषय पर एक 03 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया था, जिसका आज समापन हुआ। यह प्रोग्राम ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एडुकेशन न्यू दिल्ली के तत्वाधान से कराई गई है। कार्यक्रम के समापन में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल, निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, डा.आशुतोष कंसल और लोकल प्रोग्राम कोर्डिनेटर मौहम्मद अरशद, डा. नवीन कुमार व डा. विवेक अग्रवाल से मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस फैकल्टि डेवलपमेंट प्रोग्राम में आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व अन्य तकनीकी संस्थानो के 75 से ज्यादा फैकल्टी प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों व छात्रों में मानवीय मूल्यों, नैतिकता, आत्म अन्वेषण, व्यवसायिक विकास तथा मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य संसाधन वक्ता के रूप में डा. नवीन कुमार, डा. विवेक अग्रवाल और डा. आशुतोष कंसल ने सभी का मार्गदर्शन किया। समापन सत्र के अंत में लोकल प्रोग्राम कोर्डिनेटर मौहम्मद अरशद ने सभी अतिथियों व वक्ताओं का धन्यवाद किया।

## एक नजर

### अज्ञात शव मिलने से सनसनी



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर स्थित पोषक नहर के रेलवे पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा शव देखे जाने की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार मृतक युवक के ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### क्षेत्रीय प्रबंधक को सेवानिवृत पर दी विदाई



**धामपुर।** बस स्टेशन सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी.एल. पथरिया का सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ शाखा धामपुर डिपो के तत्वाधान मे नहटौर बस स्टेशन पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री पी एल पथरिया का सेवानिवृत समारोह का आयोजन किया गया। सरल स्वभाव के धनी पी.एल. पथरिया धामपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सेवानिवृत होने पर सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मंच पर उपस्थित वरिष्ठ केंद्र प्रभारी महावीर सिंह, मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी.एल. पथरिया, भूतपूर्व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ललित किशोर त्रिवेदी, भूतपूर्व रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कर्मवीर सिंह रहे। मंच का संचालन वरिष्ठ लिपिक श्री तपराज सिंह ने किया तथा अध्यक्षता राजेंद्र शर्मा द्वारा की गई।

### शिव मंदिर से निकाली कलश यात्रा



**धामपुर।** नगीना रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में शिव मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसका नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगीना चौराहे होते हुए एवं मार्केट होते हुए मंदिर पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में पीत वस्त्र पहने हुए महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजा धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे और अंत में सुसज्जित गाड़ी में प्रसाद वितरित करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। कलश यात्रा में रीना रानी, शशि कौशिक, सुषमा राजावत, सुनीता, पूनम देवी, सरोज देवी, अर्चना रानी, मोनिका, सुनीता, रेखा देवी, अंजली देवी, कविता देवी, पिंकी देवी, धीरेन्द्र चौहान, प्रदीप कुमार कौशिक, टीकाराम जैन, सुरेंद्र सिंह, राजू राजावत, अखिलेश कुमार, पंकज कुमार, धर्मवीर सिंह, शीशराम सैनी आदि शामिल रहे।

### स्थापना दिवस पर भजन संध्या



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित सुनारो वाले शिव मंदिर मैढ सभा में श्री राधा कृष्ण जी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल श्री राधा कृष्ण जी की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कर कर श्रृंगार किया गया तथा नए वस्त्र पहनाकर, फल-फूल, माखन मिश्री का भोग लगाकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया, जिसमें नमीता वर्मा तथा उमा वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना की गई। कमलेश वर्मा द्वारा मुरली बजाने वाले क्या तेरे मन में समय काहे को मुरली बजाई तूने काहे को मुरली बजाई। सुमन वर्मा द्वारा सारी दुनिया है दीवानी राधा रानी आपकी कौन है जिस पर नहीं है मेहरबानी आपकी। सोमवती द्वारा भक्तों के लिए क्या-क्या ने किया राधा के पिया राधा के पिया। उमा वर्मा द्वारा चोरी-चोरी माखन खाते हो खाते हो प्रभु खाते हो। तुमको किसी का डर नहीं तुम नारायण हो नर नहीं। सुनीता दीक्षित द्वारा तुम्हें हम याद करते हैं झलक अपनी दिख जाओ तेरे चरणों में पढ़ते हैं व्यथा अपनी सुनाते हैं दरस अपनी दिखा जाओ। इस अवसर पर शशि वर्मा, शालिनी वर्मा, नमीता वर्मा, उमा वर्मा, कमलेश वर्मा, रेणु वर्मा, निशा वर्मा, ममता वर्मा, सुमन वर्मा, बीना वर्मा, गीता रानी, कंचन विश्नोई, रेनू तोमर, प्राची अग्रवाल, अमिता अग्रवाल, सोमवती, प्रेमवती, सुनीता दीक्षित, लक्ष्मी तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रही। अंत में आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का योगदान रहा।

### दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर



**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने दो बाईको की आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्रत्यदर्शी आफताब आलम, आमिर, अखिल, अमित कुमार आदि ने बताया कि दोनों बाईकों की आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हुई। जिसमें एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। दोनों बाईकों की आपस में टक्कर पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## एक नजर

### सोलर फेंसिंग की प्रक्रिया शुरू



**अफजलगढ़।** जंगली जानवरों की रोकथाम हेतु सोलर फेंसिंग लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लंबे समय बाद किसानों को राहत मिलेगी। कालागढ़ कार्बेट टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र से सटी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा पर वन्यजीवों के खेतों में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए कालागढ़ वन विभाग ने सोलर फेंसिंग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे थाना क्षेत्र के इस्लामनगर पंचायत व आसपास के ग्राम में लगभग चार किलोमीटर लंबी सोलर फेंसिंग लगाई जाएगी, जिससे किसानों को जंगली जानवरों से राहत मिल सकेगी। वन विभाग द्वारा पुराना कालागढ़ लकड़घाट से कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र के परेड ग्राउंड होते हुए सूखासोत मार्ग से प्राथमिक विद्यालय के समीप बनी सुरक्षा दीवार तक सोलर फेंसिंग के लिए पिलर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कार्बेट टाइगर रिजर्व के वन्यजीवों को सीमा पार कर ग्रामों के खेतों में आने से रोकना है, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रह सकें और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी लाई जा सके। इस संबंध में रेंजर नंद किशोर रूवाली ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वन विभाग वन्यजीवों को जंगल क्षेत्र तक सीमित रखने का प्रयास कर रहा है। सोलर फेंसिंग लगने से फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों को भी बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन, ग्रामीण संघर्ष समिति व शिवसेना लगातार सोलर फेंसिंग लगाने की मांग करते आ रहे थे।

### बारहसिंघा को कुत्तों ने किया घायल

**नांगल सोती।** आबादी में घुसे बारहसिंघा पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची वानिकी विभाग की टीम ने बारहसिंघा का उपचार कराया। आज सुबह एक बारहसिंघा जंगल से भटक कर गांव हरचंदपुर आबादी में आ गया, जिसे देख कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। बमुश्किल ग्रामीणों ने बारहसिंघा को कुत्तों से छुड़ाया। हमले में वह जख्मी हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर सामाजिक वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम बारहसिंघा को जालपुर स्थित वन विभाग की नर्सरी में ले गई और चिकित्सकों से उसका उपचार कराया। दरोगा विकास कुमार ने बताया कि बारहसिंगा के सही होने पर उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

### हसन मुराद ने किया नाम रोशन



**हीमपुर दीपा।** जनपद बिजनौर के एक छोटे से ग्राम से ताल्लुक रखने वाले हसन मुराद ने न केवल विदेश से एमबीबीएस परीक्षा को प्रथम बार में बल्कि एफएमजीई (विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा) को भी पहली ही बार में पास कर लिया। ग्राम सिरधनी निवासी मौहम्मद रजा के बेटे हसन मुराद ने एमबीबीएस और एमएफजीई की परीक्षा को प्रथम बार में ही पास कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि जनपद भर का नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने गरीब लोगों की चिकित्सा सेवा करना ही अपने जीवन का लक्ष्य बताया है।

# भाजपा की नीतियों और व्यापारी हितों के पक्षधर हैं अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा क्षेत्र में एक जिम्मेदार जागरूक और सुलझे हुए व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं।



अरूण वर्मा व्यापारिक वर्ग, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर संतुलित व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण रखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी क्षेत्र की आर्थिक मजबूती का आधार वहां का सशक्त और सुरक्षित व्यापारिक ढांचा होता है। अरुण कुमार वर्मा का कहना है कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीते वर्षों में व्यापार और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं। डिजिटल भुगतान प्रणाली को प्रोत्साहन देकर पारदर्शिता बढ़ाना कानून व्यवस्था को मजबूत करना और व्यापार के अनुकूल वातावरण तैयार करना ऐसे प्रयास हैं, जिनका सीधा लाभ छोटे और मध्यम व्यापारियों को मिला है। इससे न केवल व्यापार में सुगमता आई है बल्कि विश्वास का माहौल भी मजबूत हुआ है। साथ ही वे यह भी स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि जमीनी स्तर पर व्यापारियों को अभी भी कई व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय बाजारों की अव्यवस्था, सुरक्षा से जुड़े मुद्दे, अतिक्रमण और छोटे व्यापारियों पर बढ़ता आर्थिक दबाव ऐसे विषय हैं जिन पर निरंतर और गंभीरता से काम किए जाने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान केवल संवाद, सहयोग और नीति-स्तर पर संवे. दनशील निर्णयों से ही संभव है। सामाजिक दृष्टि से अरुण कुमार वर्मा की सोच हमेशा समावेशी और सकारात्मक रही है। वे मानते हैं कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विश्वास, सुरक्षा और विकास की भावना पहुंचाना होना चाहिए। सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारा और जिम्मेदार नागरिकता को वे किसी भी मजबूत समाज की सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं। क्षेत्र के लोग उन्हें सरल स्वभाव, स्पष्ट विचारों और व्यवहारिक सोच वाले नेता के रूप में देखते हैं।

## स्कूटी सवार दो छात्राएं घायल

**स्योहारा।** शीतल (21 वर्ष) पुत्री भूदेव सिंह एवं नेहा (19 वर्ष) पुत्री कुशलवीर दोनों निवासी राणा नगला थाना स्योहारा स्कूटी से लक्ष्य कॉलेज में परीक्षा देने जा रही थी। जैसे ही छात्राएं सारंग स्कूल के पास ग्राम श्यामाबाद मुरादाबाद रोड पर पहुंची, उसी दौरान धामपुर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी17टी-9083, जो मुरादाबाद की ओर जा रही थी से स्कूटी सवार छात्राओं की अचानक मोड़ने के दौरान टक्कर हो गई। हादसे में दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी स्योहारा पहुंचा कर उपचार कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। सूचना पर छात्राओं के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मौके से स्कूटी एवं रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

## दिल्ली में सम्मानित हुए ग्राम प्रधान शौवीर सिंह



### धर्मपुरा पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** निकटवर्ती आदर्श ग्राम पंचायत धर्मपुरा के ग्राम प्रधान शौवीर सिंह के दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने के बाद गांव धर्मपुरा में खुशी की लहर दौड़ गई। दिल्ली से धर्मपुरा अपने निवास स्थान पहुंचने पर ग्राम प्रधान शौवीर सिंह का जोरदार स्वागत किय।

ग्राम प्रधान के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुनेंद्र काकरान, पूर्व युवा जिला उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, अरविंद चौधरी, रूपेंद्र चौधरी, अमीनी अमीनुद्दीन, शोहित, मोनू, डॉ. धर्मवीर सिंह तथा सूरज चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शौवीर सिंह को सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए इसे धर्मपुरा गांव और जनपद बिजनौर के लिए गर्व की बात बताया। ग्राम प्रधान शौवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान गांव की जनता के सहयोग और विश्वास का परिणाम है तथा वे आगे भी ग्राम पंचायत के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे। ग्राम प्रधान के सम्मान से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण इसे धर्मपुरा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बता रहे हैं।

## रविदास जयंती धूमधाम से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के पश्चात संत शिरा. 'मणि गुरु रविदास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। विद्यालय के शिक्षक गजेंद्र कुमार ने संत रविदास जी के सामा. जिक समानता, भक्ति और सेवा के संदेश पर प्रकाश डालते हुए भैया बहिनों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा के संत रविदास जी ने अपनी रचनाओं से समाज को जाति-भेदभाव से मुक्त करने का संदेश दिया। आज के युवाओं को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि रविदास जी एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भक्ति, सेवा और सामाजिक समानता को समर्पित कर दिया। जातिवाद और अंधविश्वास के खिलाफ काम करने के कारण संत शिरोमणि रविदास जी हमेशा पूजनीय हैं। वह एक आध्यात्मिक व्यक्ति थे। इस अवसर पर लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। फिर, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन से जुड़ी महान घटनाओं और चमत्कारों को याद करके अपने गुरु रविदास जी से प्रेरणा लेते हैं। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' संत गुरु रविदास जी की यह एक प्रसिद्ध लोकोक्ति है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र सिंह, अनुज कुमार, गजेंद्र सिंह, टीकम सिंह, शैलेंद्र कुमार, नरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, रंजना शर्मा, ज्योति प्रभा आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा है।

# तहसील परिसर में दो नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबरों का उद्घाटन



**धामपुर।** तहसील परिसर में दो नव-निर्मित अधिवक्ता चैंबरों का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता एसोसिएशन धामपुर के संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

तहसील धामपुर में अधिवक्ता कुमारी सना अंसारी एडवोकेट एवं मौ. साहिल एडवोकेट द्वारा स्थापित चैंबर का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह ने दोनों नवोदित अधिवक्ताओं के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि कुमारी सना अंसारी एडवोकेट एवं मौ. साहिल एडवोकेट ने वर्ष 2025 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर विधि व्यवसाय में प्रवेश किया है।

### अधिवक्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना

इस अवसर पर राजा वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष शहजादा परवेज एड, पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह, वर्तमान अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट, उपाध्यक्ष सुमन लता रघुवंशी, संजीव एडवोकेट, सिकंदर नौमान, सुरेन्द्र पाल सिंह नेगी एडवोकेट, जयप्रकाश, महिला उपाध्यक्ष शारदा देवी, संयुक्त सचिव विनोद राजपूत, पूर्व उपाध्यक्ष मोहन कुमार चौहान एडवोकेट, अमरजीत शर्मा एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में जफर अली एडवोकेट ने कुमारी सना अंसारी एडवोकेट एवं मो. साहिल एडवोकेट को वकालत का बोध कराते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# नैनो उर्वरक के उपयोग व महत्व पर कार्यशाला

## कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों को दी विस्तृत जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रगतिशील किसानों के लिए एक दिवसीय नैनो उर्वरक उपयोग एवं महत्व आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि घनश्याम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एससीडीआई नगीना राजेश सिंह रहे।




क्षेत्र अधिकारी इफको शिवम तिवारी द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया एवं उपस्थित कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। इफको के क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी आएगी साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से जल, मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया। इसके अलावा फसलों में नैनो डीएपी से बीज, जड़, कंद, सेट शोधित कर बुवाई, रोपाई करने की सलाह दी। दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर की बोतल से 100 किलोग्राम बीज को शोधित कर सकते हैं। जिसकी कीमत मात्र 600 रुपए है और दानेदार डीएपी से काफी सस्ता है। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी के प्रयोग से लागत में कमी आएगी साथ ही उत्पादन एवं उत्पाद की गुणवत्ता भी बढ़ती है। उन्होंने सलाह दी कि नैनो यूरिया फसल की पत्तियों पर घोल बनाकर स्प्रे करें। उन्होंने कई उत्पादों के साथ-साथ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मृदा स्वास्थ्य संवर्धन एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं जैविक उर्वरकों पर गहन जानकारी दी। क्रार्यक्रम में घनश्याम वर्मा ने विभाग के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को नैनो उर्वरकों, न्यू एज फर्टिलाइजर एवं अन्य इफको के उत्पादों की आवश्यकता, प्रयोग विधि एवं उनसे फसलों में होने वाले लाभ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही रासायनिक उर्वरकों से होने वाले मृदा स्वास्थ्य, जल प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण एवं मानव-जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला। विकास खण्ड से आए समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि, तकनीकी सहायक कृषि, एटीएम/बीटीएम एवं क्षेत्र अधिकारी इफको को नैनो उर्वरकों को वृहद स्तर पर प्रचार एवं प्रसार हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक के.के. सिंह ने बताया कि किसान लगातार रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं, जिससे मृदा की उत्पादकता लगातार घटती जा रही है और कई प्रकार के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। अब आवश्यक हो गया है कि रासायनिक उर्वरकों के अनियन्त्रित उपयोग में रोक लगाई जाये। इस क्रम में सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती व जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उक्त योजनाओं में नैनो उर्वरकों का समावेश किया जा सकता है।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की मत्स्य विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक शिवांगी ने गन्ने की उन्नत कृषि को लेकर मृदा स्वास्थ व मृदा पीएच एवं मृदा कार्बन को लेकर जानकारी दी। किसानों को मृदा परीक्षण के लिए मृदा नमूने लेने की विधि बताई तथा पोषक तत्व प्रबंध की जानकारी दी। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक नगीना राजेश सिंह ने गन्ने की नई प्रजातियों व अधिकतम उत्पादन लेने के लिए बुवाई की ट्रेंच विधि व नवीनतम तकनीक के प्रयोग करने की सलाह दी तथा सहफसली फसलों के प्रयोग के बारे में तथा फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। गन्ने की पेड़ी प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा गन्ना समिति की ओर से कृषि यंत्रों के किसानों के किराए पर उपलब्ध होने की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में अप कृषि निदेशक द्वारा इफको की ओर से निःशुल्क सब्जियों के बीज की किट उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक शिवांगी, अरविंद कुमार एचआई उद्यान विभाग, शरद कुमार प्रगतिशील किसान व कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, एडीओ एजी, एसएमएस, एमडीई अनिल कुमार, आईएफएफडीसीए केंद्र बुन्दकी के संचालक हेमेंद्र सिंह सहित करीब 80 लोगों ने प्रतिभाग किया।

# शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

## तीन साल बाद मुकरा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी का झांसा देकर युवक प्रेमिका की इज्जत को तार तार करता रहा। पीड़िता के शादी का दबाव बनाने पर वह मुकर गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मामला जोया कस्बा के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाली एक युवती का प्रेम प्रसंग तीन साल से अमरोहा के मोहल्ला पीरगढ़ निवासी सचिन सैनी से चल रहा था। वह युवती के घर भी आता जाता था। उसने युवती व उसके परिजनों को शादी का भरोसा दिया। दोनों के परि. जनों ने भी इस रिश्ते को अपनी रजामंदी दे दी। दो साल पूर्व सचिन ने युवती को अपने साथ रखना शुरू कर दिया। दोनों अमरोहा शहर में एक मकान लेकर लिवइन में रहने लगे। आरोप है कि इस दौरान युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अब वह छह महीना की गर्भवती हो गई। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो सचिन ने इनकार कर दिया। साथ ही वहां से चला गया। लिहाजा पीड़िता अपने घर पहुंची परिजनों को जानकारी दी। पीड़िता ने शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। मामले में एसपी के निर्देश पर डिडौली पुलिस ने सचिन सैनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने आरोपी सचिन की गिरफ्तारी की बात कही।

# बहन की शादी के लिए जोड़ा सामान ले गये चोर

## नकदी समेत दस लाख के जेवर चोरी, बीमार मां का इलाज कराने गये थे परिजन गये थे अस्पताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरों ने एक घर से नकदी समेत दस लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिये। 19 फरवरी को इसी घर में युवती की शादी है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी है।

चोरी की यह घटना शहर की विवेकानंद कॉलोनी की है। यहां पर आशुतोष यादव का परिवार रहता है। 19 फरवरी को उनकी बहन की शादी है तथा 11 फरवरी को तिलक का घर में कार्यक्रम होना है। लिहाजा, घर में शादी की तैयारियां चल रही हैं। शुक्रवार रात अचानक उनकी मां की तबियत बिगड़ गई थी। लिहाजा परिजनों को उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। परिवार के सभी लोग मुरादाबाद में थे, कॉलोनी के घर में ताला लगा हुआ था। शुक्रवार रात किसी समय चोरों ने मकान का ताला तोड़ लिया। इसके बाद चोर यहां से नकदी व जेवरात चोरी कर फरार हो गए। शनिवार सुबह पड़ोसियों



ने मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना आशुतोष यादव को दी। खबर मिलते ही वह फौरन घर पहुंचे, भीतर जाकर देखा तो कमरों में सारा सामान तितर-बितर पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गृहस्वामी के मुताबिक चोर उनके घर से नकदी व जेवरात समेत लगभग 10 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

# होटल पर खड़ी कार से महिला का बैग चोरी

## नकदी, एटीएम कार्ड, लैपटॉप पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। नोएडा की महिला की कार से युवक ने लैपटॉप, पेनकार्ड, नकदी से भरा बैग चोरी कर लिया। पुलिस ने एक सप्ताह बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना हाईवे पर डिडौली कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक ढाबे की है। नोएडा के सेक्टर 168 निवासी पर्णिका शंकर 26 जनवरी को मुरादाबाद से नोएडा लौट रही थीं। रास्ते में वह डिडौली में स्थित एक ढाबा पर कार खड़ी कर खाना खाने चली गई थीं। इसी दौरान एक कार उनकी कार के पास आकर रुकी। उसके चालक ने पर्णिका शंकर की कार की डिग्गी खोली तथा उसमें रखा बैग चोरी कर लिया। जिसमें लैपटाप, नकदी, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि सामान रखा था। थोड़ी देर बाद जब वह खाना खाकर वापस लौटीं तो कार में बैग नहीं था। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर

**पुलिस ने एक सप्ताह बाद लिखी रिपोर्ट**

पहुंची पुलिस ने ढाबा पर लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी तो घटना करते दूसरी कार का चालक दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक घटना को अंजाम देकर युवक एक मिनट के भीतर ही वहां से चला गया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# खोदी सड़कों की मरम्मत कराए जल निगम: मलिक

## कैम्प लगाकर पात्र लोगों के बनाये जायें आयुष्मान कार्ड, प्रभारी मंत्री ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री व प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने विकास कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे विशिष्ट अतिथिगृह के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने निर्देश दिए की विशिष्ट अतिगृह परिसर में वृक्षारोपण अवश्य किया जाये। इसी प्रकार उन्होंने अमरोहा कैलसा मार्ग से पाकबड़ा मार्ग का चौड़ीकरण कार्य एवं सुदृढ़ीकरण के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के साथ सड़क के दोनों तरफ वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम से पूछा कितने गांव में पानी की सप्लाई हो रही है, कितने शेष हैं और जो शेष हैं उनका कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा आदि की पूर्ण जानक. ारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनप्रति. निधियों के पास बहुत अधिक जल निगम से संबंधित शिकायत आ रही हैं, इसलिए कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

**मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के घेराव के बाद प्रभारी मंत्री ने दिये निर्देश**

जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रमुखता में से एक है। उन्होंने कहा कि जनपद के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उनके सुझाव लिए जाएं और आगामी बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त न हो। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए खराब ट्रांसफार्मर की बदलने की जानकारी और विद्युत की आपूर्ति, क्षमता वृद्धि, बिजली चोरी की शिकायत, लाईद लॉस आदि विभिन्न जानकारी ली और अधिक्षण अभियन्ता विद्युत को आवश्यक निर्देश दिये। इसी के साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.आभा दत्त से जनपद में संचालित विभाग से संबधित योजनाओं की जानकारी ली तो वहीं सीएमओ डॉ.योगेन्द्र सिंह से आयुष्मान भारत योजना की जानकारी ली। कहा कि जो पात्र व्यक्ति हैं, उनके कार्ड कैंप लगाकर बनाए जाएं। डीएम ने सभी ब्लॉक में शुरू किए गए आजीविका दीदी मार्ट की जानकारी दी, जिस पर प्रभारी मंत्री ने इस पहल के उनकी सराहना की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, उर्वरकों की उपलब्धता, यूरिया की उपलब्धता की विस्तृत जानक. ारी उप निदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी से लेकर निर्देश दिए की उर्वरक आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न न हो इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक को शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो व विधायक हसनपुर महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने भी संबोधित करके अपने विचार व्यक्त किए। इस पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री केपी मलिक।

# गृहक्लेश में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गृहक्लेश के चलते युवक ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले की है। यहां रहने वाला एक युवक पेशे से मजदूर था, उसकी शादी भी हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिन से परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा था। गुरुवार रात खाना खाने के बाद युवक कमरे में सोने चला गया जबकि अन्य परिजन दूसरे में कमरे में सो रहे थे। इसी विवाद के चलते रात में किसी समय युवक ने कमरे में फंदे पर लटककर जान दे दी। शुक्रवार सुबह में जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को चिंता हुई, उन्होंने भीतर जाकर देखा तो उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया।

# डीएम ने पालिका के कार्यों का लिया जायजा



गजरौला। कार्यों का जायजा लेतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नगर के विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया गया।

डीएम ने फाजलपुर फाटक पर प्रस्तावित निर्माण कार्यों तथा भानपुर रोड स्थित फायर स्टेशन के बाहर साइड साइड पटरी की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। यहां के बाद हसनपुर रोड स्थित

**कई स्थानों पर साइड पटरी के कार्य की स्थिति देखी**

वार्ड संख्या 18 चौपला पर प्रस्तावित कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नगर पालि. का द्वारा हाल ही में निर्मित कराई गई साइड पटरी का भी जायजा लिया। डीएम ने ईओ से कार्यों के सम्बंध में जानकारी भी ली। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, पूर्व विधायक नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, लिपिक ललित कुमार मौजूद रहे।

# युवक की पिटाई कर मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रास्ते में रोककर एक व्यक्ति ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गांव मौहम्दाबाद निवासी मुहम्मद शान पक्कापुल के पास रास्ते में जा रहा था, तभी एक व्यक्ति आया और उसे रास्ते में रोककर मारपीट करते हए मोबाइल फोन छीन लिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी मौके से भाग गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# जीएमएस के दो छात्रों को घेरकर पीटा

## चार हमलावरों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जीएमएस कालेज के दो छात्रों को रास्ते में रोककर कार सवार युवकों ने घेरकर बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

घटना शुक्रवार शाम डिडौली क्षेत्र में पूरनपुर-चुबका रोड की है। गांव चुबका निवासी अंकुश और उसका चचेरा भाई विनीत रजबपुर स्थित जीएमएस कॉलेज में पढ़ते हैं। शुक्रवार शाम दोनों बाइक पर सवार होकर कॉलेज से घर लौट रहे थे। उनका आरोप है कि गांव के रास्ते में कार में सवार होकर आए चार युवकों ने घेरकर रोक लिया। इसके बाद बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर हमलवार जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, हमले की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर आ गए। घायल अंकुश और विनीत को फौरन अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार दिलाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़ित पक्ष की ओर से किसी भी तरह की रंजिश से इनकार किया जा रहा है। आरो. पियों की पहचान के लिए रास्ते मे लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिले कमाल

## अवारा पशुओं की समस्या का समाधान हो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कांठ से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने शनिवार को हसनपुर क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से मुलाकात की। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुलाकात के दौरान विधायक ने छुट्टा पशुओं की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि अवारा पशु न केवल किसानों की जान ले रहे हैं जबकि फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। बल्कि आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने क्षेत्र की जर्जर सड़कों और संपर्क मार्गों की बदहाली पर कड़ा रोष व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि खराब रास्तों के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने जल निकासी, बिजली-पानी की किल्लत, अतिक्रमण और राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द मरम्मत और



निर्माण कार्य शुरू करें। एसडीएम और तहस. ीलदार ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आरिफ अख्तर, चंद्रपाल सैनी, कैसर परवेज, यशवीर नागर, संदीप गुर्जर, कासिम मकरानी, बदर कुरैशी विक्की अब्बास और यूसुफ कुरैशी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समिति के डायरेक्टर की ब्रेन हेमरेज से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। सहकारी समिति के डायरेक्टर ब्रेन हेमरेज से मौत हो गयी।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव टिकिया से जुड़ा है। यहां के निवासी मतलूब हुसैन पलौला सहक. ारी समिति में डायरेक्टर थे। शुक्रवार सुबह वह घर में बैठे हुए थे कि अचानक उनकी तबियत बिगड़ी गई, इसके बाद वह बेहोशी की हालत में चले गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। फिर भी परिजन हार्ट अटैक समझ कर जोया में एक निजी अस्पताल ले गए जहां



चिकित्सक ने मतलूब हुसैन को मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का कारण ब्रेन हेमरेज बताया। दोपहर बाद परिजनों ने मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया, इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। एएसपी ने किया सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानित अमरोहा। एएसपी ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को शाल ओढ़ाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित विदाई समारोह में निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह, उ.प. निरीक्षक राकेश कुमार, दिनेश कुमार, सोमेंद्रपाल सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल सिंह और फायरमैन शेर सिंह को सेवानिवृत्त होने पर एएसपी अखिलेश भदौरिया ने शॉल ओढ़ाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया तथा आने वाले दिनों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहते जो सेवा की, उसी तरह अब आप जहां भी रहें पुलिस का सहयोग करते रहे।



अमरोहा। जेएस हिन्दू इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# कॉमेडी डांस ने जीता सभी का दिल

## धूमधाम से मना जेएस कालेज का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह एडीएम रहे। और विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक व डॉक्टर प्रवेश कुमार और प्रबंध समिति के संरक्षक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव स्वरूप टंडन रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर गजेन्द्र पाल सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया और प्रबंध समिति का विद्यालय के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों ने अंग वस्त्र मोतियों की माला बुके और बैज लगाकर स्वागत किया। पूरा पंडाल जनपद से आये हुए अतिथियों अभिभावकों और छात्र छात्राओं से खचाखच भरा रहा। दीप-प्रज्वलन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत कुलगीत राजस्थानी डान्स कालबेलिया पंजाबी डान्स एक तो डान्स जिसमें पूरे देश की झांकियों को दिखाया गया था साथ ही साथ बॉलीवुड मिक्स, इसके साथ लड़कों ने दो देश भक्तिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद होने का मंचन था। इसके साथ ही विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं प्रांतीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एनसीसी स्काउट गाइड और अंत. रराष्ट्रीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता जम्बूरी मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया है कार्यक्रम में छात्रों ने कॉमेडी डान्स प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही लूट ली अंत में छात्राओं ने राधाकृष्ण और होली पर आधारित डान्स प्रस्तुत करके सबको ताली बजाने पर मजबूर किया। प्रबंध समिति ने पूरे स्टाफ को इस स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक अनिल स्वरूप टंडन ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। वीके शुक्ला, अनिल कुमार, मधुलिका गुप्ता, सविता विश्नोई, ममता दलेला, आरोही अध्यक्ष पंकज गुप्ता जी उपाध्यक्ष योगेश जैन , प्रबंधक अनिल स्वरूप टंडन संरक्षक शिव स्वरूप टंडन आशीष भालवर , विमल कुमार टंडन , जमशेद कमाल डॉक्टर आदिल अब्बासी मौजूद रहे।

## ऑल्टो व बाइक भिड़ंत में फालोअर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। बाइक ऑटो कार की भिड़ंत में फॉलोवर बुरी तरह से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में मेरठ रेफर किया गया है। शनिवार की शाम रहरा क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी शुभम पुत्र वीर सिंह गजरौला से अपनी पत्नी को लेने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जब वह गांव हाकमपुर के समीप पहुंचा तो सामने से आ रही आल्टो कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे शुभम सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। सड़क पर पड़े घायल को कोई अस्पताल भेजने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन इसी दौरान दरिया दिली व इंसानियत दिखाते हुए ग्राम विकास अधिकारी विदित यादव ने अपनी कार से घायल को हसनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों द्वारा शुभम को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। ग्राम विकास अधिकारी विदित यादव द्वारा किये गये कार्य की चारों ओर प्रशंसा की जा रही थी। घायल शुभम त्रिवेणी शुगर मिल में फॉलोअर है।



# रायबाकिना ने जीता खिताब

## एलेना रायबाकिना ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी सबालेंका को हराया

रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता

**मेलबर्न, वार्ता।** एलेना रायबाकिना ने विश्व की नंबर एक खिलाघी आर्यना सबालेंका को शनिवार को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का महिला एकल खिताब जीत लिया, जिससे उन्होंने 2023 में यहां चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया। चार साल पहले उन्होंने पहला सेट जीता था लेकिन फाइनल तीन सेट में हार गई थीं। इस बार, पहले गेम में ब्रेक लेने और पहला सेट जीतने के बाद, उन्होंने दूसरा सेट हारने और तीसरे सेट में 3-0 से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने लगातार पांच गेम जीते और फिर अपने पहले चैंपियनशिप पॉइंट पर एक ऐस के साथ मैच खत्म किया। यह पांचवीं सीड रायबाकिना का दूसरा बड़ा खिताब था, जिन्होंने 2022 में विबलडन जीता था और चार साल पहले उस ऑस्ट्रेलियन फाइनल में मुकाबले में एकमात्र मेजर विजेता के तौर पर पहुंची थीं। जबकि सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार जीत और 2024 और 25 में यूएस ओपन में जीत सहित तीन और मेजर खिताब जीते, रायबा. कना के नतीजे खराब हो गए और वह इस टूर्नामेंट तक किसी और मेजर फाइनल में नहीं पहुंचीं। पिछले नवम्बर में सीजन के आखिर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सबालेंका पर जीत ने उनके करियर की दिशा बदल दी है। रायबाकिना ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और उनकी सर्विस मजबूत थी, जिसमें छह ऐस थे और दूसरे सेट के आखिर और तीसरे सेट की शुरुआत में दो ब्रेक को छोड़कर - उन्होंने अपने सामने आए छह ब्रेकपॉइंट मौकों में से छह को बचाया। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, सबालेंका की चीखें और दहाड़ें तेज होती गईं और उनका जोश भरा ष्चलो चलते हैं खुद को प्रोत्साहित करना नियमित हो गया, रायबाकिना ने एक शांत, लगभग गंभीर, संयम बनाए रखा। आखिर में, उन्होंने अपनी सर्विस और अपने रिटर्न को बात करने दिया। मैच के बाद दोनों ने नेट पर एक-दूसरे को गले लगाया। रायबाकिना ने अपने बाएं हाथ से अपने रैकेट की स्ट्रिंग्स पर ताली बजाई और जीत के साथ भीड़ की ओर अपना हाथ ऊपर उठाया।



# पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन की खिताब की तलाश में कार्लोस अल्काराज

**जोकोविच की नजर 25वें मेजर खिताब पर**

● **16 साल के अंतर वाले कार्लोस और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर**

**मेलबर्न, वार्ता।** सेमीफाइनल में मैराथन मुकाबलों से बच निकलने के बाद, कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोको. विच अब रविवार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में इतिहास का अपना हिस्सा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। 16 साल के अंतर वाले अल्काराज और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर हैं, और बहुत अलग-अलग मील के पत्थर हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 22 साल के अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। उनके रास्ते में 38 साल के जो. कोविच हैं, जो इतिहास के सबसे सफल पुरुष ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। सर्बियाई खिलाड़ी के पास सीजन के पहले मेजर में उतने ही ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी हैं जितनी हार (10) और अब वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रद. राज चैंपियन बनने की कोशिश कर रहे हैं। अल्काराज के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में जोको. विच ने कहा कि जब भी हम खेलते हैं, हम दोनों के लिए इतिहास दांव पर होता है। ग्रैंड स्लैम का फाइनल, इसमें बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, लेकिन यह मेरे खेले गए किसी भी दूसरे बड़े मैच से अलग नहीं है। बहुप्रतीक्षित फाइनल यह सवाल भी खड़ा करता है: कौन सा खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत लगाकर एक और प्रयास कर सकता है? अल्काराज ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमी-फाइनल जीता, जिसमें उन्होंने पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच घंटे, 27 मिनट के रोमांचक मैच में हराया। स्पेनिश खिलाड़ी ने बाद में कहा कि हमने अपने शरीर को उसकी सीमा तक धकेल दिया। इस बीच, जोकोविच ने दो बार के डिफेंडिग चैंपियन जानिक सिनर को चार घंटे और नौ मिनट के बाद हराया, एक ऐसा क्लासिक मैच जिसे सर्बियाई खिलाड़ी ने षपिछले एक दशक में मेरे सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक बताया। जोकोविच ने अल्काराज के बारे में कहा कि जैविक रूप से, मुझे लगता है कि उसके लिए रिकवर करना थोड़ा आसान होगा। मेरी तैयारी वैसी ही है जैसी होनी चाहिए, और पिछले साल मैंने यहीं एक कड़े मैच में उसे हराया था। देखते हैं कि हम दोनों कितने फेश रह पाते हैं। कार्लोस ने पिछले साल के यूएस ओपन में अपने सबसे हालिया मुकाबले में जोकोविच को हराया था, फिर भी मैच के बाद सर्बियाई खिलाड़ी की फिटनेस की खूब तारीफ की, और कहा कि वह शारीरिक रूप से 25 साल का लगता है, इसलिए 38 साल की उम्र में उस लेवल को बनाए रखना प्रभावशाली है। अल्काराज और जोकोविच के बीच उनकी पीढ़ीगत प्रतिद्वंद्विता में अंतर बहुत कम रहा है। सिर्फ 12 महीने पहले, नोवाक ने रॉड लेवर एरिना में अल्काराज को हराया था, जहां वे रविवार को स्थानीय समय के अनुसार शाम को मुकाबला करेंगे। एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच अल्काराज से 5-4 से आगे हैं, लेकिन उन्होंने मेजर में अपने पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं। पिछले सितम्बर में न्यूयॉर्क में अल्काराज से हारने के बाद, नोवाक ने कार्लोस अल्काराज - सिनर का सामना करने के बारे में खुलकर बात की, जिन्होंने मिलकर पिछले आठ मेजर जीते हैं।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## शाहबाज की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रौंदा

**रोहतक, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में शनिवार को 188 रन से रौंद दिया। बंगाल ने हरियाणा के सामने 294 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में हरियाणा की टीम 105 रन पर सिमट गई। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले शाहबाज ने दूसरी पारी में भी अपनी लय जारी रखते हुए 38 रन देकर छह विकेट झटके। शाहबाज को मैच में कुल 11 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## आयरलैंड ने यूएई को 30 रन से हराया सीरीज जीती



**दुबई, वार्ता।** कर्टिस कैमफर (नाबाद 54) के शानदार अर्द्धशतक और गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी से आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को दूसरे टी 20 मुकाबले में शनिवार को 30 रन से हरा कर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। आयरलैंड ने सात विकेट पर 170 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाने के बाद यूएई को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। कर्टिस कैमफर को 41 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनी नाबाद 54 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मार्क ऐडेर ने आयरलैंड की पारी में तीन छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन का योगदान दिया। कर्टिस कैमफर और मार्क ऐडेर ने आठवें विकेट के लिए 69 रन की मैच विजई अविजित साझेदारी की।

# आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्रॉफी का कुलदीप के स्कूल में गर्मजोशी से इस्तकबाल

● **स्कूली बच्चों ने भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की**

**कानपुर, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव के स्कूल करम देवी मेमोरियल अकादमी (केडीएमए) पहुंची जहां स्कूली बच्चों ने ट्राफी का गर्मजोशी से स्वागत किया और भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की। कड़ाके की ठंड की परवाह किए बगैर आज सुबह से ही स्कूली बच्चे ट्राफी के इंतजार में कतारब( खड़े थे। ट्राफी के मंच तक पहुंचते ही 'कुलदीप कुलदीप' और भारतीय टीम की जीत की कामना करते हुए नारे लगने लगे। इस अवसर पर केडीएमए के चेयरमैन डा संजय कपूर ने कुलदीप के पिता राम सिंह यादव और कोच कपिल पांडे व स्कूल के कोच मनीष मेहरोत्रा का सम्मान किया। गौरतलब है कि आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्राफी इन दिनो भारत भ्रमण पर है। बीसीसीआई ने ट्राफी को टी-20 विश्वकप में चुनी गई टीम के हर सदस्य के स्कूल में ले जाने का फैसला किया है। कुलदीप के सहपाठी और स्कूल में सहायक कोच आदित्य पाठक ने विश्वास जताया कि भारतीय टीम विश्व. कप में शानदार प्रदर्शन करेगी और विश्वकप पर कब्जा करेगी।

# एशिया कप में हार के बाद पाकिस्तान से बाजी पलटना चाहेगा भारत

● **भारत बिना हारे अंडर-19 आज एशिया कप जीतने वाली टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा व रोमांच और युवा जोश होगा**

**जिम्बाब्वे, वार्ता।** क्रिकेट के शौकीनों के लिए एक ट्रीट है क्योंकि क्वींस स्पोर्ट्स क्लब अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 में एक रोमांचक सुपर-सिक्स मुकाबले की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। बिना हारे भारत अंडर19 रविवार को एशिया कप जीतने वाली पाकिस्तान की अंडर19 टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा, रोमांच और ऐसा युवा जोश होगा जो सिर्फ अंडर19 क्रिकेट ही दे सकता है। जब भारत और पाकिस्तान मिलते हैं, तो बादल भी देखने के लिए रुक जाते हैं। हर गेंद, हर बाउंड्री, हर विकेट इतिहास और गर्व का वजन लिए होता है। भारत अंडर19 अब तक बहुत बढ़िया रहा है। भरोसेमंद विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू पारी की शांत धड़कन रहे हैं, और उन्होंने संयम और सटीकता के साथ टीम को संभाला है। शानदार स्ट्रोक-मेकर वैभव सूर्यवंशी ने अग्रेसिव और सोचे-समझे शॉट्स से टॉप ऑर्डर को हिला दिया है, जबकि हेनिल पटेल समय पर ब्रेकथ्रू और स्मार्ट वैरिएशन से विरोधी बल्लेबाजों के लिए बुरा सपना बन गए हैं। कैप्टन आयुष म्हात्रे ने अपनी टीम को स्ट्रैटेजी और हिम्मत के साथ तैयार किया है, जिससे यह पक्का होता है कि इंडिया की लगातार जीत का सिलसिला बना रहे और हर मैच के साथ युवा खिलाड़ियों का कॉन्फिडेंस बढ़ता रहे। एशिया कप जीतने के बाद जोश से भरी पाकिस्तान अंडर19 टीम, जोश और आंखों में आग लेकर आती है। फॉर्म में चल रहे ओपनर समीर मिन्हास में अकेले दम पर मैच




जिताने की ताकत और टेम्परामेंट है, जबकि अली रजा की शानदार स्विग और सीम बॉलिग किसी भी बैटिग लाइनअप को हिला सकती है। पाकिस्तान के कैप्टन फरहान यूसुफ शांत अग्रेसन के साथ लीड करते हैं, जिसमें टैक्टिकल स्किल के साथ दबदबा बनाने की भूख भी शामिल है। एशिया कप जीत ने कॉन्फिडेंस में एक और लेयर जोड़ी है, लेकिन वर्ल्ड कप में इंडिया का सामना करना एक अलग जंग का मैदान है, जिसमें फोकस, लचीलापन और टैलेंट की जरूरत होती है। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, जिसका बैलेंस्ड विकेट चेज करने वाली टीमों के लिए फायदेमंद है, एक मजेदार मुक. ाबले के लिए माहौल तैयार करता है। धूप वाला आसमान और हल्की हवाएं क्रिकेट के लिए लगभग परफेक्ट हालात का वादा करती हैं, लेकिन टॉस निर्णायक हो सकता है, जिससे मैच का नतीजा तय हो सकता है। एनालिस्ट इंडिया अंडर19 के जीतने की 74 प्रतिशत संभावना बता रहे हैं, लेकिन क्रिकेट एक ऐसा खेल है जहां एक ओवर, एक इनिग, एक स्ट्रोक जदिगी भर की कहानी बदल सकता है! दांव बहुत बड़े हैं। इंडिया एशिया कप में मिली हार का बदला लेना चाहता है, जबकि पाकिस्तान ग्लोबल स्टेज पर अपने चैंपियन होने का सबूत देना चाहता है।

# कमिंस टी-20 विश्व कप से बाहर

● **पैट कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं, जो विश्व कप में खेल सके**

**सिडनी, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है, जब स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिस पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और वह 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले इस ग्लोबल इवेंट में नहीं खेल पाएंगे। टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी मूल 15 सदस्ईय टीम से बाहर कर दिया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को संशोधित टीम में शामिल किया गया है। नेशनल सिलेक्टर टोनी डोडमाइड ने कहा कि ए बदलाव खिलाड़ियों की फिटनेस और टूर्नामेंट के दौरान संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। डोडमाइड ने कहा कि पैट को अपनी पीठ की चोट से उबरने के लिए और समय चाहिए, इसलिए बेन एक तैयार विकल्प हैं जो बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी का विकल्प, मजबूत फील्डिग और निचले क्रम में बल्लेबाजी की क्षमता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ड्वारशुइस की अच्छी गति से गेंद को स्विंग कराने और वेरिएशन का इस्तेमाल करने की क्षमता उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के लिए उपयुक्त होगी। रेनशॉ को शामिल करने पर, डोडमाइड ने कहा कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हाल के दिनों में सभी फॉर्मेट में प्रभावित किया है और मध्य क्रम को



अतिरिक्त मजबूती देता है, खासकर श्रीलंका में पूल चरणों के दौरान स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैट ने ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड और ब्रिस्बेन हीट के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में विभिन्न भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनकी बाएं हाथ की बल्लेबाजी भी मध्य क्रम को एक अलग पहचान देती है। टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी मिचेल मार्श करेंगे और वे उस खिताब को फिर से हासिल करना चाहेंगे जो उन्होंने आखिरी बार 2021 में जीता था।

ऑस्ट्रेलिया टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

# चीन की झांग और मर्टेंस ने महिला युगल का खिताब जीता



**मेलबर्न, वार्ता।** चीन की झांग शुआई ने एलिस मर्टेंस के साथ मिलकर शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीता।

चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने धीमी शुरुआत और कुछ देर की घबराहट पर काबू पाते हुए रॉड लेवर एरिना में एक घंटे और 48 मिनट में 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। यह बेल्जियम की मर्टेंस और झांग की जोड़ी के लिए पहला बड़ा खिताब है, जो 2022 में विबलडन में उपविजेता रही थीं। पूर्व नंबर 2 डबल्स खिलाड़ी झांग ने पहले 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2021 यूएस ओपन ऑस्ट्रेलियाई सामंथा स्टोसुर के साथ जीता था। यह डैनिलिना और क्रूनिक के लिए निराशाजनक था, जो पिछले साल फेंच ओपन में उपविजेता रही थीं। कजाख-सर्ब जोड़ी ने तेज शुरुआत की, पहले गेम में झांग की सर्विस टूट गई और उसके तुरंत बाद मर्टेंस भी अपनी सर्विस नहीं बचा पाईं।

# हरियाणा थंडर्स ने फाइनल में जगह बनाई

● **चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले में हरियाणा को अंत तक चुनौती दी**

**नोएडा, वार्ता।** पहले सेमीफाइनल में हरियाणा थंडर्स ने संयमित और जुझारू प्रदर्शन करते हुए पंजाब रॉयल्स को 5-4 से हराया और प्रो रेसलिग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। शुक्रवार रात नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में, लीग चरण को चार जीत और आठ अंकों के साथ शीर्ष पर खत्म करने वाली हरियाणा ने शुरुआती दबाव झेलने के बाद दूसरे हाफ में मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से पलट दी-जिससे सीजन की सबसे निरंतर टीम होने का दावा और मजबूत हुआ।

लीग चरण में चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने नौ बाउट्स के इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को अंत तक कड़ी चुनौती दी। परविदंर को उनकी अहम वापसी जीत के लिए



इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने पंजाब की लय को तोड़ा। 76 किग्रा महिला बाउट में शानदार जीत के लिए फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रिया मलिक को मिला। वहीं 62 किग्रा मुकाबले में निर्णायक फॉल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान इरीना कोलियादेंको को दिया गया, जिसने हरियाणा के फाइनल में प्रवेश की नींव रखी। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में पंजाब ने पहले बढ़त बनाई, जहां चिराग छिक्कारा ने रोहित के खिलाफ शुरुआती एक्सचेंज पर नियंत्रण रखा। पीरियड 1 में निर्णायक टेकडाउन से चिराग आगे रहे और बाद में रोहित के पैसिविटी प्वाइंट के बावजूद 2-1 की करीबी जीत दर्ज की। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में हरियाणा ने तुरंत जवाब दिया-परविदंर ने चंदरमोहन के खिलाफ दूसरे पीरियड में जोरदार वापसी की। एक्टिविटी प्वाइंट और पुश-आउट्स से पीछे रहने के बाद, परविदंर ने निर्णायक टेकडाउन और पावर मिनट में लेट पुश-आउट के साथ 8-8 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर बाउट अपने नाम की। हेवीवेट मुकाबले में पंजाब ने फिर बढ़त ली, जहां कप्तान दिनेश धनखड़ ने अनिरु( गुलिया को 8-6 से हराया। मुकाबला अंत तक कड़ा रहा-शुरुआती दौर में पुश-आउट्स और एक्टिविटी प्वाइंट्स के बाद पावर मिनट में दोनों ने बड़े टेकडाउन लगाए, जहां धनखड़ का कुल स्कोर निर्णायक साबित हुआ। 76 किग्रा महिला वर्ग में पंजाब की बढ़त और मजबूत हुई, जब प्रिया मलिक ने सीजन में पहली बार काजल धोचक को हराया। प्रिया के आक्रामक खेल ने 99 सेकंड के भीतर फॉल दिलाया और स्कोर 3-1 कर दिया। हरियाणा की वापसी 86 किग्रा पुरुष बाउट से शुरू हुई, जहां अशिरोव अशराफ ने संदीप मान को 5-1 से हराया।

# सैम करन की टी-20 हैट्रिक इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया



**पल्लेकेले, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी-20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। जॉर्डन ने 2024 आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी हैट्रिक ली थी। बाएं हाथ के ऑलराउंडर के अहम स्पेल ने श्रीलंका को 133 रन पर रोक दिया, जिसके बाद इंग्लैंड ने ओपनर फिल साल्ट (46) और टॉम बैंटन (29) के योगदान से बदला हुआ टारगेट हासिल कर लिया। करन का यह परफॉर्मेंस 7 फरवरी से शुरू होने वाले पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक एक हफ्ते पहले आया है, और इससे इंग्लैंड को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने में सही समय पर मदद मिली है। मैच के बाद करन ने इंग्लैंड क्रिकेट से कहा कि यह कहना बहुत अच्छा है कि मैंने हैट्रिक ली है, लेकिन पहले कुछ ओवरों में थोड़ी मुश्किलों के बाद पर्सनली यह एक अजीब रात थी!टी 20 में बहुत उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। एक शानदार जीत, हम अपनी पहली टी-20 जीत से बहुत कॉन्फिडेंस लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वाकई खास, जब मैं टॉप पर था।


असम। गुवाहाटी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले विक्रेता सूखे मेवे बेचता हुआ।

## हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान, जोखिम को जन्म न दे: अमेरिका

**टैंपा ( फ्लोरिडा )।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान ( सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर ( आईआरजीसी) से अनुरोध किया है कि वह रविवार से हरमुज की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा कि सेंटकॉम आईआरजीसी से आग्रह करता है कि वह घोषित नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आजादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस ने नूरजहां का ताजमहल नेकलेस पहना

### करीब 74 करोड़ कीमत, 54 साल पहले अमेरिकी अभिनेत्री को उनके पांचवें पति ने गिफ्ट किया था

**कैलिफोर्निया।** हालीवुड एक्ट्रेस मार्गोट राबी ने बेगम नूरजहां का 400 साल पुराना नेकलेस (हार) पहना जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। वह अपनी आगामी फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रचार के लिए बुधवार को रेड कार्पेट पर ग्लैमरस लुक में दिखीं। राबी ने लास एंजिल्स में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर पर एक शानदार गाउन पहना था। यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने।

यह 69.42 कैरेट का हार्ट शेप का टेबल-कट डायमंड है और इसे गोल्ड और रूबी से बनी कार्टियर चेन में सेट किया गया है। इस नेकलेस की कीमत लगभग 8 मिलियन डालर (करीब 74 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। यह नेकलेस 54 साल पहले, 1972 में अमेरिकी एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर के पांचवें पति रिचर्ड बर्टन ने उनके 40वीं जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में बुधवार को फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था मुमताज महल की याद में बने मकबरे ताज महल के नाम से इस शानदार नेकलेस का नाम 'ताज महल डायमंड नेकलेस' पड़ा। ताज महल डायमंड की असली कहानी और भी रोचक है। इसे मुगल सम्राट शाह जहांगीर ने अपनी पत्नी नूरजहां को गिफ्ट किया था। यह दिल के आकार का डायमंड 17वीं सदी का है, जिस पर फारसी भाषा में 'प्यार हमेशा बना रहता है' लिखा है। इस पर नूरजहां का नाम भी उकेरा गया है। बाद में यह उनके बेटे शाहज. हां के पास पहुंचा, जिन्होंने इसे अपनी पत्नी मुमताज महल को दिया।


■ यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने

मुमताज की मौत के बाद शाहजहां ने ताजमहल बनवाया, जिसके कारण इस डायमंड को ताज महल डायमंड कहा जाने लगा। नूरजहां मुगल साम्राज्य की सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली बेगम थीं। कहा जाता है कि वह मुगल सम्राट जहांगीर की 20वीं पत्नी थी। उन्होंने 1611 में मुगल सम्राट जहांगीर से शादी की। जहांगीर ने उन्हें पहले नूर महल (महल की रोशनी) और बाद में नूरजहां (दुनिया की रोशनी) का खिताब दिया। वह मुगल इतिहास में इकलौती ऐसी बेगम थीं जिनके नाम पर सिक्के ढाले गए, फरमान जारी किए गए और उन्होंने दरबार में जहांगीर के साथ बैठकर शासन चलाया। नूरजहां मुगल दरबार में फैशन और स्टाइल की रानी मानी जाती थीं। उन्होंने खुद डिजाइनर की तरह काम किया और कई नए फैशन ट्रेंड शुरू किए। उन्होंने नूरमहली ड्रेस जैसी खास पोशाकें डिजाइन कीं, जो हल्की, फ्लोरल पैटर्न वाली काटन और मलमल से बनी होती थीं। उन्होंने बदला किनारी, पंचतोलिया (पांच रंगों वाली महीन कपड़े) और दुदामी जैसे नए टेक्सटाइल और फैब्रिक्स को पापुलर किया। वे परफ्यूम बनाने में माहिर थीं और अत्रि जहांगीरी नाम का अपना स्पेशल इत्र बनाती थीं, जो गुलाब के तेल से तैयार होता था। उनके स्टाइल में फारसी, मुगल और सेंट्रल एशियन प्रभाव का मिश्रण था। नूरजहां मुगल इतिहास की सबसे अमीर और स्वतंत्र रूप से धनी बेगमों में से एक थीं।

# बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला

### 10 पुलिसकर्मियों की मौत, डिप्टी कमिश्नर को किडनैप किया, जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं।

क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है। बीएलए ने इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का नाम दिया है। हमले के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है। इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, ताकि सेना की कार्रवाई में बाधा डाली जा सके। बीएलए लड़ाकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर ये दावा किया है कि उन्होंने क्वेटा के एक बाजार इलाके पर कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारबंद आतंकी बाजार में घुस आए और कुछ समय के लिए पूरे इलाके पर उनका नियंत्रण रहा। हालांकि, इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। क्वेटा में एएफपी के एक पत्रकार ने बताया कि शहर में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। पूरे शहर में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई, मुख्य सड़कें सुनसान रहीं और कारोबार ठप हो गया। 38 साल के निजी कर्मचारी अब्दुल वली ने बताया कि सुबह से लगातार धमाके हो रहे हैं।


■ शहबाज शरीफ ने कहा: हमलों को नाकाम कर दिया, हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया

उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें खून की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि पुलिस हम पर बंदूक तानती है और कहती है वापस जाओ, वरना मारेंगे। ऐसे में हम क्या करें? ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब एक दिन पहले ही सेना ने दावा किया था कि उसने बलूचिस्तान में दो अलग-अलग अभियानों में 41 विद्रोहियों को मार गिराया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए सुरक्षा बलों की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें और पूरे देश को अपने शहीदों पर गर्व है। साथ ही उन्होंने इन हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे गरीब प्रांत है, जबकि यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के मामले में यह देश के बाकी हिस्सों से काफी पीछे है। यह इलाका लंबे समय से हिंसा और विद्रोह से जूझ रहा है। यह खनिज संसाधनों से भरपूर दक्षिण-पश्चिमी प्रांत है, जिसकी सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है। यहां लड़ाके अक्सर सरकारी बलों, विद. ेशी नागरिकों और दूसरे प्रांतों से आए लोगों को निशाना बनाते हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) बलूचिस्तान का सबसे सक्रिय अलगाववादी संगठन माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में बलूच अलगाववादियों ने दूसरे प्रांतों से आए पाकिस्तानी मजदूरों और विदेशी कंपनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। उनका आरोप है कि ये लोग और कंपनियां बलूचिस्तान के संसाधनों का शोषण कर रही हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं।

## पाक पीएम बोले: कर्ज मांगने में अब आती है शर्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नारा. जगी जताई है। शहबाज ने माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार.बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है।' शहबाज ने कहा: कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें काम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते। शहबाज ने यह भी कहा कि कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है और अब वैकल्पिक आर्थिक रास्ते तलाशने की जरूरत है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान आईएमएफ से मदद और पुराने कर्ज को रोलओवर (आगे बढ़ाने) की कोशिश कर रहा है। पीएम शहबाज के बयान से जाहिर है कि पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अंतर्राष्ट्रीय मदद पर बहुत ज्यादा निर्भर हो चुका है। शहबाज ने चीन को 'हर मौसम का दोस्त' बताया और कहा कि सऊदी अरब, यूएई और कतर ने भी अच्छे-बुरे हर वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है।


■ दूसरे देशों के सामने हमारा सिर झुका रहता है, उनकी शर्तें मानना हमारी मजबूरी: शहबाज शरीफ

# ईरान के गृह मंत्री और शीर्ष अधिकारियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध

■ मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी

**वाशिंगटन।** ईरान में जारी प्रदर्शन के बाद अमेरिका ने ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों पर ईरानी प्रशासन पर हिंसक कार्रवाई के लिए ये सभी जिम्मेदार थे। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मोमेनी ईरान इस्लामिक गणराज्य के हत्यारे कानून प्रवर्तन बल का संचालन करते हैं, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या के लिए जम्मिेदार है।

बयान में अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने कहा कि आज अमेरिका के वित्त मंत्रालय के विद. ेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ईरानी लोगों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अतिरिक्त कार्रवाई की। जिन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए गए, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी शामिल हैं।ष्इन प्रतिबंधों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और ईरानी व्यवसाई बाबक मोर्तेजा जंजानी को भी निशाना बनाया गया है, जिन पर ईरानी लोगों से अरबों डॉलर के गबन का आरोप है। मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका के प्रतिबंधों के तहत नामित व्यक्तियों या संस्थाओं की कोई भी संपत्ति जब्त कर दी जाती है और अमेरिकी नागरिकों तथा कंपनियों को उनके साथ व्यापार करने से मना किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जंजानी ने आईआरजीसी और व्यापक ईरानी शासन का समर्थन करने वाली परियोजनाओं को आर्थिक रूप से समर्थन दिया है। ओएफएसी ने पहली बार जंजानी से जुड़े दो डिजिटल संपत्ति विनिमय नामित किए। यह ईरानी अर्थव्यवस्था में काम करने वाले डिजिटल एसेट विनिमय के खिलाफ उसकी पहली कार्रवाई है। मंत्रालय के सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि एक समृद्ध ईरान बनाने के बजाय शासन ने देश के तेल राजस्व के बचे हुए हिस्से को परमाणु हथियारों के विकास, मिसाइलों और दुनिया भर में आतंकवादी संगठन पर बर्बाद करना चुना है।

## ईरान बातचीत के लिए तैयार: ट्रम्प

■ अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया।

उन्होंने ईरान के पास एक अमे. रिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का जक्रि करते हुए कहा कि उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बराबरी के स्तर पर बातचीत करने को तैयार है, लेकिन उन्होंने साफ तौर पर जोर दिया कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर कभी बातचीत नहीं होगी। फिलहाल, बातचीत फिर से शुरू करने के लिए ईरानी और अमे. रिकी अधिकारियों के बीच कोई बैठक तय नहीं है। अराघची ने कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताएं कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी। ये बयान ट्रम्प की तरफ से बार-बार दी जा रही चेताव. नियों के बीच आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर ईरान अमेरिकी मांगों को पूरा नहीं करता है, जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसा. इल विकास पर रोक शामिल है, तो संभावित सैन्य कार्रवाई की जा सकती है।

## पूर्वोत्तर नाइजीरिया में बोको हरम के हमले में 25 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में निर्माण मजदूरों के एक समूह पर बोको हरम के संदिग्ध आतंकवादी हमले में 25 लोगों के मारे जाने और अन्य के घायल होने की आशंका है। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने देश के उस हिस्से में सत्तारूढ़ ऑल प्रोग्रेसिव्स कांग्रेस पार्टी के एक नेता अलीऊ जैफादा के जानिब बताया कि गुरुवार को मैदुगुरी-डांबोआ सड़क पर वाजिर्को गांव में इस घटना के बाद लगभग एक दर्जन शवों को दफनाया गया। सभी पीड़ित निर्माण मजदूर थे जो बोको हरम के पिछले हमलों में क्षतिग्रस्त हुए एक पुल की मरम्मत कर रहे थे।

# इजरायली हमले में 31 फलस्तीनियों की मौत

### 4 महीने में सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला

**गाजा/जोहान्सबर्ग।** गाजा में शनिवार को इजरायली हमलों में कम से कम 31 फलस्तीनी मारे गए। अक्टूबर में लड़ाई रो. कने के लिए हुए सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला है। इजरायल ने गाजा सिटी की एक रिहायशी इमारत और खान यूनिस में लगे एक टेंट कैंप पर हुए घातक हमले शामिल हैं। मारे गए लोगों में दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं, जो दो अलग-अलग परिवारों से थे।

गाजा सिटी में एक पुलिस स्टेशन पर हवाई हमला भी हुआ, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की बात शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया ने कही। ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब मिस्र की सीमा पर स्थित रफाह क्रासिंग रविवार को खोलने की तैयारी है। यह क्रासिंग गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिकॉर्ड किया है कि 10 अक्टूबर से सीजफायर शुरू होने के बाद इजरायली फायरिंग से 500 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल के राजनयिक 'चार्ज डी अफेयर्स' एरियल सेडमैन को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इजरायल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान (प्रतिस्पर्धी) कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा 'कूटनीतिक मानदंडों और प्रथाओं के अस्वीकार्य उल्लंघनों की शृंखला' के बाद लिया गया है, जो देश की संप्रभुता के लिए 'सीधी चुनौती' है। विभाग के अनुसार, राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के खिलाफ आधिकारिक इजरायली सोशल मीडिया मंचों पर अपमानजनक टिप्पणियां करना और पूर्व सूचना के बिना वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों का कथित यात्राओं पर जाना इन उल्लंघनों में शामिल है। बयान में किसी एक विशिष्ट घटना का उल्लेख नहीं किया गया। दक्षिण अफ्रीका की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, नवम्बर 2025 में इजरायली दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में इजरायल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर मामले को 'दक्षिण अफ्रीकियों के लिए शून्य मूल्य' और 'पूरी तरह राजनीतिक नाटक' करार दिया था। उसी महीने, जब राष्ट्रपति रामाफोसा ने कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बहिष्कार से जी-20 जोहान्सबर्ग सम्मेलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, तो दूतावास ने उनकी टिप्पणी को व्यंग्यात्मक लहजे में 'बुद्धिमत्ता और कूटनीतिक स्पष्टता का एक दुर्लभ क्षण' बताया था। दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि सेडमैन की कार्रवाइयां 'कूटनीतिक विशेषाधिकारों का घोर दुरुपयोग और वियना कन्वेंशन का मूलभूत उल्लंघन' हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक विश्वास और प्रोटोकॉल कमजोर हुए हैं। विभाग ने इजरायल से भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक सिद्धांतों का सम्मान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। दक्षिण अफ्रीका और इजरायल के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर 1990 के दशक से फलस्तीनी मुद्दे पर प्रिटोरिया के मुखर समर्थन के कारण।


■ दक्षिण अफ्रीका ने इजरायली राजनयिक को देश छोड़ने का दिया आदेश

# कनाडा के दुश्मनों से मिले अमेरिकी अधिकारी

### अल्बर्टा को आजाद देश बनाने की कोशिश में अलगाववादी, पीएम कार्नी बोले: आंतरिक मामलों में दखल बर्दाश्त नहीं

वाशिंगटन। कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में एक नया विवाद शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका के अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग देश बनाने की मांग कर रहे अलगाववादी समूह के नेताओं से मुलाकात की। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुता. बिक, पिछले साल अप्रैल से अब तक अमे. रिकी विदेश विभाग के अधिकारी तीन बार अल्बर्टा के अलगाववादी नेताओं से मिले।

ये नेता अल्बर्टा को कनाडा से अलग कर एक स्वतंत्रा देश बनाने की वकालत कर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा। कार्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगा। कनाडा से आजादी की मांग कर रहे इस समूह का नाम अल्बर्टा प्रास्पेरिटी प्रोजेक्ट (एपीपी) है। यह संगठन अल्बर्टा की आजादी के लिए जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराने की मांग कर रहा है। एपीपी के नेता और को-फाउंडर जेफ्री रथ ने अल्बर्टा की आजादी के लिए अमेरिका से 500 मिलियन डालर की मदद मांगी है। उन्होंने 23 जनवरी को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वे अगले महीने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान अमेरिका से इस रकम को कर्ज के तौर पर मांगा जाएगा। बीबीसी से बातचीत में जेफ्री ने बताया कि अल्बर्टा के आजाद होने पर इस पैसे का इस्तेमाल किया जाएगा। अल्बर्टा पश्चिमी कनाडा का तेल-समृद्ध प्रांत है। इसकी आबादी करीब 50 लाख है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यहां कनाडा के कुल कच्चे तेल उत्पादन का लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा निकलता है। यह प्रांत लंबे समय से खुद को एनर्जी प्रांत के रूप में देखता रहा है। अलगाववादियों का कहना है कि कनाडा सरकार की जलवायु नीतियां अल्बर्टा के तेल उद्योग को नुकसान पहुंचा रही हैं। उनका आरोप है कि अल्बर्टा से सरकार को भारी टैक्स मिलता है, जबकि बदले में राज्य को कम आर्थिक सहायता मिलती है। रिपोर्च के मुताबिक अल्बर्टा में लोग परंपरावादी है, जबकि कनाडा के दूसरे राज्यों में उदार आबादी ज्यादा है। इससे उनकी रूढ़िवादी आवाज दब जाती है।


■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा: कार्नी

## अमेरिकी सरकार में आंशिक शटडाउन शुरू जल्द समाधान की उम्मीद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कांग्रेस आधी रात की फंडिंग डेडलाइन से पहले 2026 का बजट पास करने में नाकाम रही, जिसके बाद शनिवार को अमे. रिकी सरकार का आंशिक शटडाउन शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के लिए नई फंडिग पर बातचीत तब रुक गई, जब डेमोक्रेटिक पार्टी ने मिनियापोलिस में संघीय इमिग्रेशन एजेंटों द्वारा दो प्रदर्शनकारियों की हत्या पर गुस्से में प्रतिक्रिया दी। उम्मीद की जा रही है कि ये व्यवधान सीमित होंगे, क्योंकि कांग्रेस अगले हफ्ते की शुरुआत में सीनेट समर्थित डील को मंजूरी देने के लिए आगे बढ़ेगा।

## नाबालिग लड़कियों का रोजाना रेप करता था एपस्टीन

■ सेक्स फाइल्स में खुलासा, जमीन पर लेटी महिला के साथ दिखे ब्रिटिश प्रिंस, मस्क-मीरा नायर का भी नाम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार देर रात जेफी एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइलें जारी की हैं। इन दस्तावेजों में बताया गया है कि एपस्टीन नाबालिग लड़िकयों का रोज कई बार यौन शोषण करता था। डेली मेल के मुताबिक यह खुलासा 2010 में फ्लोरिडा में एक पीड़िता की तरफ से दायर सिविल शिकायत में हुआ है, जिसका जिक्र इन फाइल्स में है।

इसके अलावा कुछ तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू को जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखाया गया है। इन फाइल्स में पहली बार भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर और टेस्ला के सीईओ एलान मस्क का नाम भी आया है। ट्रम्प प्रशासन पिछले कुछ समय से कोर्ट के आदेश के बाद यौन अपराधी जेफी एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकार्ड पब्लिक कर रहा है। अब जारी हुई नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो शामिल हैं।

अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी की तरफ से जारी की गई एक बिना तारीख वाली तस्वीर में जेफी एप्स्टीन कुछ युवतियों के साथ दिख रहा है। यह तस्वीर दिसम्बर में जारी हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक, जब कोई लड़की एपस्टीन के पाम बीच स्थित घर पहुंचती थी, तो उसे एपस्टीन की प्राइवेट गाड़ी से लाया जाता था। घर पहुंचने पर एक सहायक लड़की की निजी जानक. ारी नोट करता था। इसके बाद उसे सीढ़ियों से ऊपर एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता था, जहां शावर और मसाज टेबल होती थी। अगर लड़की पहली बार आई होती थी, तो कमरे में पहले से एक और लड़की मौजूद रहती थी, जो उसे बताती थी कि क्या करना है। इसके बाद एपस्टीन उस लड़की को बाहर भेज देता था। एपस्टीन लड़िकयों को साफ-साफ बताता था कि उसे क्या चाहिए और कैसे चाहिए। वह उन्हें कपड़े उतारने के लिए कहता था और उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। कई बार वह लड़िकयों को एक-दूसरे के साथ सेक्स रिलेशन बनाने के लिए मजबूर करता था। शिकायत दर्ज कराने वाली लड़की ने बताया कि उसकी पहचान एपस्टीन से 15 साल की उम्र में कराई गई थी।



# शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा

**मुंबई।** अभिनेत्री पुष्पा का कहना है कि शो पुष्पा इम्पॉसिबल काम से ज्यादा एक बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा लगता है। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी प्रेरणादायक कहानी और आम जिंदगी से जुड़े किरदारों से लोगों का दिल जीत रहा है। यह शो अपनी लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की रोज़मर्रा की जीत और चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाता है, जिससे यह टेलीविज़न पर सबसे पसंदीदा फैमिली एंटरटेनर में से एक बन गया है। यह शो न सिर्फ स्क्रीन पर गर्माहट लाता है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी एक मज़बूत, खुशहाल रिश्ते पर टिका है, जिसे प्रार्थना का किरदार निभाने रही पूजा कतुरडे बहुत ज्यादा पसंद करती हैं। ऑफ-स्क्रीन भी, कास्ट के बीच उतनी ही गर्मजोशी वाली दोस्ती है, जिससे सेट एक बड़े परिवार जैसा लगता है। पूजा ने बताया कि टीम ब्रेक के दौरान भी सेट पर ज्यादातर समय साथ बिताती है। अपने कमरों में वापस भागने के बजाय, एक्टर्स फ्लोर पर ही रहना पसंद करते हैं, बातें करते हैं, मज़ाक करते हैं और मज़ेदार गेम खेलते हैं, जो एनर्जी को हाई रखते हैं और माहौल को जिंदादिल बनाए रखते हैं। यह दोस्ती स्वाभाविक रूप से उनकी परफॉर्मेंस में झलकती है और शो के सहज आकर्षण में योगदान देती है। पूजा कतुरडे ने कहा, दर्शक स्क्रीन पर जो देखते हैं, हम ऑफ-स्क्रीन भी बिल्कुल वैसे ही हैं, एक बड़े, खुशहाल परिवार की तरह। सेट पर हमारा जो रिश्ता है, वह सच में बहुत खास है।

लोग अक्सर सोचते हैं कि ब्रेक मिलते ही एक्टर्स अपने कमरों में भाग जाते हैं। लेकिन हमारे लिए यह बिल्कुल उल्टा है। हम शायद ही कभी अपने कमरों में वापस जाते हैं, क्योंकि सेट ही हमारा कम्फर्ट ज़ोन बन गया है। हमारे ब्रेक आमतौर पर खत्म न होने वाली बातों, हंसी-मज़ाक और ऐसे मज़ेदार गेम से भरे होते हैं, जिनकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

## स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में नील भट्ट ने अपने ड्यूल अवतार पर की बात

**मुंबई।** अभिनेता नील भट्ट ने स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में अपने ड्यूल अवतार पर बात की है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन लाइनअप को मजबूत करने के लिए जल्द ही अपना नया शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम लॉन्च करने जा रहा है। सस्पेंस और इंट्रीग से भरा यह फैमिली ड्रामा आम घरेलू जिंदगी और एक खतरनाक सीक्रेट दुनिया को साथ जोड़ता नजर आएगा। रिलीज़ हुए प्रोमो में कहानी की एक झलक दिखाई गई है, जहां नील भट्ट डबल रोल में नजर आएंगे, एक तरफ शिवप्रसाद, एक जिम्मेदार पति, और दूसरी तरफ परशुराम, एक सीक्रेट स्पाई। इस खास रोल को लेकर नील ने अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और बताया कि इतने अलग-अलग किरदारों को निभाने का अनुभव उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प रहा है। शिवप्रसाद एक आम आदमी है, जो शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी का नाम शालिनी है। दूसरी तरफ, परशुराम एक जासूस है, और शालिनी को इस बात की भनक तक नही है कि उसका पति एक सीक्रेट एजेंट की तरह दोहरी जिंदगी जी रहा है। नील भट्ट ने अपने किरदार और पूरे अनुभव को लेकर बात करते हुए अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। उन्होंने कहा, इस शो में मुझे सबसे ज्यादा जो चीज़ पसंद आई, वह शिवप्रसाद का ड्यूल नेचर है, जिसके भीतर परशुराम बसता है। प्रोमो की शूटिंग के दौरान हमने तय किया कि घर के अंदर वह राम की तरह होगा शांत, धैर्यवान और समर्पित और बाहर की दुनिया में परशुराम मजबूत, निडर और फैसले लेने वाला।

## बॉर्डर 2 ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 224 करोड़ की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 ने भारतीय बाजार में अपने पहले सप्ताह में 224 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। फिल्म बॉर्डर 2, वर्ष 1997 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। फिल्म ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 224 करोड़ की कमाई की है।

# मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी इमोशंस से भरपूर: शांभवी



**मुंबई।** अभिनेत्री शांभवी का कहना है कि स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है।

स्टार प्लस के आने वाले शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में शालिनी का किरदार निभा रही शांभवी सिह इस प्रोजेक्ट को बेहद खास और क्रिएटिव तौर पर संतोष देने वाला बताती हैं। चैनल और शो के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए शांभवी ने कहा कि इसकी कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है। शांभवी सिंह ने कहा, यह वाकई बहुत खास और एक्साइटिंग लग रहा है।

मिस्टर एंड मिसेज परशुराम सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इमोशंस, रिश्ते और रोज़मर्रा की जद्दोजहद गहराई से जुड़ी हुई है, जो हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है। ऐसे शो का हिस्सा बनना जो दिल और रोमांच के बीच अच्छा बैलेंस बनाता हो, क्रिएटिव तौर पर बहुत सुकून देता है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे ऐसे प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला, जो एंटरटेन करने के साथ-साथ लोगों को इमोशनली भी छूता है। शांभवी सिंह ने कहा, शालिनी मजबूत होते हुए भी सौम्य है, जमीन से जुड़ी हुई है लेकिन उम्मीद से भरी हुई भी। वह प्यार, परिवार और ईमानदारी में गहराई से विश्वास करती है। उसकी ताकत किसी आक्रामकता से नहीं आती, बल्कि उसकी सहनशीलता, करुणा और इमोशनल समझ से आती है। वह ऐसी महिला है जो चुपचाप सबको जोड़कर रखती है और साथ ही अपने उसूलों के लिए मजबूती से खड़ी रहती है। मिस्टर एंड मिसेज परशुराम का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे, सिर्फ़ स्टार प्लस पर होगा।




# मदोनी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हुई स्मृति मंधाना



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी स्मृति मंधाना फिल्म ष्मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हो गई हैं। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 के ट्रेलर में हर भारतीय बच्ची को बचाने का जो सशक्त संदेश दिया गया है, उसने कई लोगों को गहराई से छुआ है। स्मृति मंधाना ने कहा कि वह मर्दानी 3 की थीम से गहराई से जुड़ती हैं क्योंकि लड़कियों पर होने वाले कई अत्याचार अक्सर बिना कहे ही रह जाते हैं। स्मृति ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक छोटी लड़की की जिदगी अमूल्य होती है। लड़कियां बहुत कुछ सहती हैं, बहुत कुछ देखती हैं और अक्सर चुपचाप सहन करती हैं। हर बच्ची की सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि जब समाज लड़कियों के लिए सुरक्षित होता है, तो वे आगे बढ़ती हैं, सपने देखती हैं और न सिर्फ़ अपने लिए बल्कि अपने परिवार और अपने देश के लिए भी जीतती हैं। स्मृति ने लिखा, मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर मैं अभिभूत हूं और मैं बस यही प्रार्थना करती हूं कि हम सब एक देश के रूप में मिलकर हर लड़की, हर महिला की रक्षा करें क्योंकि जो समाज किसी लड़की के साथ अच्छा व्यवहार नही करता, वह समाज कहलाने लायक नही होता। आइए मिलकर एक सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण करें। अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, मर्दानी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसी फिल्म के साथ रानी मुखर्जी अपने गौरवशाली करियर के 30 वर्ष भी पूरे कर रही हैं।



## भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का गाना मनजोगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का नया गाना मनजोगी रिलीज हो गया है। ज़ी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित, ज़ी स्टूडियोज़ और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा वास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गाना मनजोगी रिलीज़ किया गया है, जिसे अपनी सुरीली आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले सोनू निगम ने गाया है। मनजोगी के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जबकि इसका संगीत विशाल शेल्के ने दिया है। फिल्म भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन, का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। ज़ी स्टूडियोज़ इस फिल्म को 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ करने जा रहा है।

# कुब्रा ने मनाया फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। फिल्म देवा की रिलीज को एक साल पूरा होने पर कुब्रा सैत उस प्रोजेक्ट को याद कर रही हैं जिसने उन्हें गहराई से चुनौती दी और एक कलाकार ही नहीं, एक इंसान के तौर पर भी उन्हें गढ़ा।

फिल्म की पहली सालगिरह के मौके पर कुब्रा उस सफर पर नजर डाल रही हैं, जिसने वास्तविक लोकेशन्स में लंबे शूटिग दिनों के साथ उनके भावनात्मक धैर्य की परीक्षा ली और उन्हें आगे बध्ने में सहयोग दिया। कुब्रा ने कहा, फि़ल्म देवा ने मुझे थोड़ा तोड़ा और बहुत कुछ बना दिया। देवा की शूटिंग लगभग एक साल चली, जिसमें इंतज़ार, चीज़ों को समझने की कोशिश और असली थकान से जूझना शामिल था।

लेकिन एक सच यह भी है कि मुश्किल हालात अजीब तरह से आप पर काम करते हैं। वे आपको मज़बूत बनाते हैं, गहरे रिश्ते बनाते हैं और खुद के साथ एक सशक्त रिश्ता बनाने के लिए मजबूर करते हैं। देवा के एक साल पूरे होने के साथ यह फिल्म कुब्रा के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि यह 2025 की उनकी पहली थिएट्रिकल रिलीज रही। यह एक ऐसा मुकाम है, जो सिर्फ़ पेशेवर उपलब्धि नही, बल्कि निजी विकास से भी जुड़ा है। फि़ल्म की सालगिरह पर कुब्रा देवा की पूरी टीम का, खासकर रॉय कपूर फि़ल्म्स का, दिल से शुक्रिया अदा करती हैं। उस सफ़र के लिए जिसने उन्हें और मज़बूत, ज़मीन से जुड़ा और निस्संदेह बदला हुआ इंसान बनाया।

